



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक




रांची, सोमवार, 11 मई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -319 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**शनिचरवा ओरांव**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

**जीवन एक अनमोल यात्रा है, जिसे छोटी-छोटी बातों में बर्बाद न करें। बदलाव प्रकृति का नियम है, इसलिए समय के साथ चलना ही समझदारी है। सकारात्मक दृष्टिकोण, धैर्य और अपने काम के प्रति जुनून ही सफलता की कुंजी है। अपनी गलतियों से सीखें, दूसरों से नहीं, और याद रखें कि प्रशंसा और आलोचना दोनों क्षणिक हैं।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,44,678**
चांदी (प्रति किलो) : **2,70,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,328.19**
निफ्टी :- **24,176.15**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **32** °
न्यूनतम तापमान : **20** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:09**
संध्या :- **18:21**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1951 को राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने नवनिर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया।**

## संक्षिप्त समाचार

### असम में फिर हिमंता राज : 12 मई को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**गुवाहाटी।** असम में हिमंता बिस्वा सरमा फिर मुख्यमंत्री बनेंगे। विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया है। वे 12 मई को शपथ लेंगे। भाजपा ने राज्य की 126 में से 82 सीटों पर बंपर जीत हासिल की है। असम में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद नेतृत्व को लेकर चल रही सभी अटकलों पर आज विराम लग गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में हिमंता बिस्वा सरमा को सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया है। अपनी रणनीतिक कुशलता और विकासवादी छवि के लिए पहचाने जाने वाले सरमा लगातार दूसरी बार राज्य की कमान संभालेंगे। वह 12 मई को एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। 4 मई को आए चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की 126 सीटों में से 82 पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया था।

### रांची में ओलावृष्टि तो कई जिलों में तेज आंधी का अलर्ट

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है. राज्य के कई जिलों में बारिश, तेज हवा और वज्रपात की गतिविधियां बढ़ गई हैं. मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई है. राजधानी रांची में शनिवार को ओलावृष्टि भी दर्ज की गई, जिससे तापमान में गिरावट महसूस की गई. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई. सबसे ज्यादा 21.2 मिमी वर्षा बोकारो थर्मल में रिकॉर्ड की गई. इसके अलावा जमशेदपुर में 20.2 मिमी, सिमडेगा के बानो में 19 मिमी और चाईबासा में 15.1 मिमी बारिश दर्ज की गई. तापमान की बात करें तो पलामू जिले के डालटनगंज में सबसे अधिक 39.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया. वहीं रांची के कांके इलाके में न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस रहा.

# पीएम मोदी का देशवासियों को अलर्ट : एक साल तक सोना न खरीदें, पेट्रोल-डीजल बचाएं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सिकंदराबाद रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से एक साल तक सोना न खरीदने और ईंधन बचाने की अपील की। मिडिल ईस्ट युद्ध और यूक्रेन संकट के बीच बढ़ती महंगाई पर सरकार का बड़ा संदेश। तेलंगाना के सिकंदराबाद में आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को वैश्विक आर्थिक संकट को लेकर सतर्क किया। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष और यूक्रेन युद्ध के असर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया भर में बढ़ती महंगाई और तेल-सोने की कीमतों का सीधा प्रभाव भारत पर भी पड़ रहा है। पीएम मोदी ने



नागरिकों से अपील की कि वे अगले एक साल तक शादियों के लिए सोना खरीदने से बचें और ईंधन की बचत के लिए वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्थाओं को फिर से अपनाएं।

### सोने की खरीदारी- विदेशी मुद्रा का संकट

पीएम मोदी ने जनसभा में स्पष्ट रूप से कहा कि, ₹मैं लोगों से अपील करता हूँ कि वे कम से कम एक साल तक शादियों के लिए सोना न खरीदें।₹ उन्होंने बताया कि मिडिल ईस्ट में जारी जंग के चलते कच्चे तेल और सोने-चांदी की कीमतों में लगातार उछाल देखा जा रहा है। सोने के आयात पर भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च होती है। मौजूदा परिस्थितियों में विदेशी मुद्रा बचाना देश के हित में है, इसलिए नागरिकों को सोने की खरीदारी से बचकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करनी चाहिए।

### ईंधन की बचत और वर्क फ्रॉम होम

युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पास तेल के बहुत बड़े भंडार नहीं हैं और युद्ध के चलते पेट्रोल-डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने सलाह दी कि ईंधन की बचत करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि हमें 'वर्क फ्रॉम होम', ऑनलाइन मीटिंग्स और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी व्यवस्थाओं को फिर से प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि अनावश्यक यात्राओं और ईंधन के खर्च को कम किया जा सके।

### महंगाई पर सरकार का सुरक्षा कवच

महंगाई के वैश्विक दबाव के बीच पीएम मोदी ने किसानों को दिए जा रहे सरकारी सहयोग का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि दुनिया भर में फर्टिलाइजर की एक बोरी लगभग 3000 रुपये में बिक रही है, जबकि भारत सरकार इसे अपने किसानों को 300 रुपये से भी कम में उपलब्ध करा रही है। पीएम ने कहा कि नागरिकों पर वैश्विक संकट का बोझ न पड़े, इसके लिए सरकार खुद पूरा भार उठा रही है। उन्होंने बंगाल चुनाव का जिक्र करते हुए विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि जनता अब तानाशाही के बजाय विश्वास की राजनीति को चुन रही है।

# गढ़वा में सड़क हादसा: टाटा मैजिक और टेंपो की टक्कर में 2 की मौत, 12 घायल



**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**गढ़वा।** नियति का क्रूर मजाक कहें या तेज रफ्तार का कहर, गढ़वा जिले के दहेड़िया गांव के पास रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों के चिराग बुझा दिए. श्री वंशीधर नगर-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर एक सवारी मैजिक और टेंपो के बीच हुई जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.

### सगाई की खुशियों के बीच पसरा सन्नाटा

बताया जाता है कि केतार थाना क्षेत्र के छाताकुंड गांव का एक परिवार टेंपो पर सवार होकर श्री वंशीधर नगर के कुंबा गांव जा रहा था. परिवार के सदस्य विकास उरांव की 14 मई को होने वाली शादी के लिए ह्यछेकाह्न (सगाई) की रस्म निभाने जा रहे थे. घर में मंगल गीत गाए जा रहे थे और चारों तरफ उत्साह का माहौल था, लेकिन दहेड़िया के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित मैजिक ने सब कुछ तहस-नहस कर दिया.

### टक्कर इतनी जोरदार कि उड़े परखच्चे

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहनों की गति इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद वाहनों के परखच्चे उड़ गए. चीख-पुकार सुनकर दौड़े स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायलों को वाहनों से बाहर निकाला. हादसे में केतार निवासी अजय कुमार (12 वर्ष) की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई, वहीं मैजिक चालक इंद्रजीत गुप्ता (35 वर्ष) ने मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज ले जाने के क्रम में रास्ते में ही दम तोड़ दिया. हादसे में घायल बिट्टू सिंह, संतोष चेरो, अवधेश उरांव, लालमोहन यादव, मुनिका कुमार, कमलेश यादव और टिंकू उरांव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया है. अन्य घायलों का इलाज स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है. घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद और थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया.

### शादी वाले घर में छाया मातम

विकास उरांव के घर में 14 मई की शादी की तैयारियां जोरों पर थीं. सगाई की रस्म के बाद खुशियां और बढ़नी थीं, लेकिन इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे छाताकुंड गांव में शोक की लहर दौड़ गई है.

## पीएम मोदी ने तेलंगाना में किया कई बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

# 'परजीवी' कांग्रेस ने तमिलनाडु में डीएमके की पीठ में छुरा घोंपा, बेंगलुरु में बोले पीएम मोदी

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हैदराबाद का साइबराबाद देश के विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है. उन्होंने बताया कि यहां कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है. प्रधानमंत्री ने एचआईसीसी में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 9,377 करोड़ रुपये की अलग-अलग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस मौके पर उन्होंने कहा, साइबराबाद आज नौकरी देने वाला सबसे बड़ा केंद्र बन गया है. यह साइबर टेक्नोलॉजी, बिजली और इलेक्ट्रिक गाड़ी के क्षेत्र में अहम रोल निभा रहा है. मुझे वारंगल में 'पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क' की शुरूआत करते हुए बहुत खुशी हो रही है. यह देश के कपड़ा उद्योग के लिए बहुत जरूरी साबित होगा और इससे बड़ी संख्या में रोजगार के मौके मिलेंगे. केंद्र सरकार नेशनल हाईवे बनाने के लिए लाखों करोड़ रुपये खर्च कर रही है, जिसका फायदा तेलंगाना को भी मिल रहा है.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु में बीजेपी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा. पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में कांग्रेस के भीतर सत्ता संघर्ष के कारण वह अच्छा शासन देने में नाकाम रही है और लोगों को धोखा दे रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि आज कांग्रेस एक परजीवी पार्टी बन गई है. उन्होंने कहा कि देश भर में बीजेपी के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव के बीच बेंगलुरु से एक भगवा सूरज उग रहा है, यह बात पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में पार्टी की हालिया चुनावी जीत को दिखाती है. पीएम मोदी ने तमिलनाडु में कांग्रेस द्वारा विजय की पार्टी ळश्ङ का समर्थन करने का भी जिक्र किया. मोदी ने कांग्रेस पर राजनीतिक सुविधा के लिए अपने सहयोगियों को बार-बार धोखा देने का भी आरोप लगाया. तमिलनाडु में कांग्रेस-डीएमके के रिश्ते का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि डीएमके के समर्थन की वजह से कांग्रेस सालों तक राजनीतिक रूप से बची रही, लेकिन अब जब सत्ता के समीकरण बदले तो उसने क्षेत्रीय पार्टी की पीठ में छुरा घोंप दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी नेतृत्व परिवर्तन को लेकर वादे करके और बाद में उनसे मुकरकर अपने ही नेताओं को धोखा दिया है.

उन्होंने कहा, कर्नाटक में भी यही खेल जारी है. अब केरल की बारी है. उन्होंने आगे कहा, जहां भी कांग्रेस सत्ता में है, वहां या तो शाही दरबार के लिए खजाना लूटा जा रहा है या लूटे गए पैसे को लेकर अंदरूनी झगड़े हो रहे हैं. कांग्रेस आज एक परजीवी पार्टी के तौर पर जानी जाती है. इसीलिए, पहला मौका मिलते ही वह अपने साथियों को भी धोखा दे देती है. इसलिए अक्सर कहा जाता है कि ऐसा कोई नहीं है जिसे कांग्रेस ने धोखा न दिया हो. अब परजीवी कांग्रेस को एक और पार्टी की जरूरत है जिसके कंधों पर सवार होकर वह राजनीतिक रूप से प्रासंगिक बनी रह सके. पीएम मोदी ने कहा, कर्नाटक में पिछले तीन वर्षों से लोगों की समस्याओं को सुलझाने के बजाय, सरकार का ज्यादातर समय अंदरूनी झगड़ों को सुलझाने में बीता है. कांग्रेस सरकार नेतृत्व और सत्ता की साझेदारी को लेकर उलझन में रही. पीएम मोदी पिछले छह महीनों से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार के बीच चल रही सत्ता की खींचतान का जिक्र कर रहे थे. उन्होंने कहा, वे यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि मुख्यमंत्री कब तक रहेंगे. वे यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि किसी दूसरे व्यक्ति को मौका मिलेगा या नहीं.









# जिला के सभी पहान, महतो और पूजार का पेसा कानून पर वार्षिक कार्यशाला आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**अपने मूल सामाजिक प्रथा, धार्मिक प्रथा तथा कस्टमरी लॉ से जुड़ा है: निशा उरांव**




**लोहरदगाः** रविवार को झखरा कुम्बा सभागार में जिला के सभी पहान महतो और पूजार का वार्षिक कार्यशाला पेसा कानून पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वक्ता में पूर्व पंचायती राज निदेशक सह आयकार आयुक्त निशा उरांव ने कहा कि रूढ़िजन्य आदिवासी वह है कि अपने मूल सामाजिक प्रथा, धार्मिक प्रथा तथा कस्टमरी लॉ से जुड़ा है। ग्राम सभा केवल प्रशासनिक इकाई नहीं है बल्कि यह आदिवासियों के लिए एक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक केन्द्र है। पेसा कानून ग्राम सभा को विशेष शक्तियां देता है और आदिवासी रूढ़िजन्य कानून को संविधान तथा पेसा कानून मान्यता देता है। उन्होंने ने बताया कि ग्राम प्रधान/हातू मुंडा/पड़हा राजा इत्यादि पर रीति-रिवाज और धर्म - परंपरा के रक्षा का जिम्मेदारी होता है,उनको सरना धर्म, जतरा तथा पूजा पाठ जैसे देसावली पूजा, देवी पूजा, हड़गड़ी पूजा, डांगरी पूजा इत्यादि को सही रूप देता है। आदिवासी पारंपरिक पद पर धर्मांतरित आदिवासी को नहीं बना रहना चाहिए। संविधान का अनुच्छेद 25,26 & 29 पेसा कानून का धारा 4 (घ) तथा पेसा नियमावली धारा 23(⸝) तहत ग्राम सभा अपने सामाजिक - धार्मिक प्रथा के संरक्षण के लिए धर्मांतरित आदिवासीयों को अपने पारंपरिक पद से हटा सकती है। मौके पर केन्द्रीय महासचिव ने कहा कि अगर पहान धर्मातरण हो जाता है तो अपनी धार्मिक जिम्मेदारी नहीं निभा सकेगा। पहनाई भूमि खेती, धर्म कर्म और समुदाय सेवा के लिए दी जाती है। उसकी निजी संपत्ति नहीं होता है। जालेश्वर उरांव ने कहा कि पेसा नियमावली पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिले के पहान पूजारों एवं महतो का पावर को गौण करते हुए ग्राम सभा परंपरिक रूप से काम कर रही है। आज भी मौजा एवं थाना न0 अंचल के पंजी क्क में दर्ज है,तो फिर उपायुक्त सिमांकन एवं मान्यता कैसे देंगे। ग्राम सभा गठन की प्रक्रिया में दी गई है जमीन वापसी में भी धाल मेल है। सी.एन.टी. में उपायुक्त वापस करने का अधिकार के बावजूद भूमि लूटी जा रही है। उन्होंने ने कहा कि वर्ष 2025 नियामावली को अध्ययन से पता चला कि पड़हा व्यवस्था का पावर मामूली कर दिया है। मुर्गी लड़ाई जैसे झगड़ों का ही निपटारा कर सकता है। पूर्व में बनी नियामावली को षड्यंत्र के तहत तोड़ मरोड़ कर जान बूझ कर कमजोर किया गया है। नियामवली के सभी बिन्दुओं को अध्ययन के बाद जिले के पहान पूजारों ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा साथ ही अनुसूचित क्षेत्र पारंपरिक उल्लगुलान जोरदार किया जाएगा। कार्यक्रम में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति के पदाधिकारीगण, परंपरा स्वशासन पड़हा एवं भारी संख्या में बुद्धजीवीगण मौजूद थे।

## पतरातु प्लांट के कैंपस से कॉपर वायर की चोरी के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार



**रामगढ़।** पांच फरवरी 2026 को PVUNL पतरातु प्लांट के कैंपस से कॉपर वायर की चोरी करने के आरोप में पतरातु थाना कांड संख्या- 33/26 दिनांक- 05.02.2026, धारा- 305 (e)/ 317 (2)/ 317(4) /329(3) /61(2)(b)/112(2) BNS के प्राथमिकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पतरातु थाना पुलिस द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों सद्दाम अंसारी, उम्र- 30 वर्ष, पिता- स्व० मन्नान अंसारी, ग्राम- हफुआ, थाना- पतरातु, जिला- रामगढ़। अरमान अंसारी उर्फ लाला उर्फ सैफ, उम्र- 22 वर्ष, पिता- बदरुद्दीन अंसारी, ग्राम- सोलिया, थाना- पतरातु, जिला- रामगढ़। रंजन कुमार, उम्र- 27 वर्ष, पिता- स्व० बिंदेश्वर महतो, ग्राम- कटिया, थाना- पतरातु, जिला- रामगढ़ के रहने वाला है।


## रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन



रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय सभागार में जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज की अध्यक्षता में की गई जिसमें मुख्य रूप से संरचनात्मक बैठक के प्रभारी बवन गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पानी बिजली को लेकर घेराव एवं जिला, मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथ की बैठक विधिवत हर महीने सफल संचालन एवं संगठन की मजबूती पर परिचर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बवन गुप्ता कहा कि झारखंड में सारी व्यवस्थाएं कुप्रबंधन के शिकार हो रही है। निरंकुश शासन व्यवस्था की शिकार झारखंड की भोली भाली जनता हो रही है। झारखंड में पेयजल की प्रबंधन पुरी तरह फेल लोग शहर से गांव तक दर दर भटक रही हैं सुदूरवर्ती इलाकों में बर्तन धोने के लिए भी मीलों मील महिलाएं भटक रही हैं। परंतु सरकार बेफिक्र है। अजय कुमार पंकज ने कहा कि कांग्रेस एवं जेएमएम सरकार महिलाओं को प्रोत्साहन देने की बात करती है परंतु यह केवल दिखावा है सच्चाई तो यह है कि महिलाओं को मौलिक अधिकारों से कोसों दूर रखा जा रहा है। और मातृशक्ति के साथ में अन्याय के लिए भारतीय जनता पार्टी कभी नहीं माफ करेगी।12 मई को समाहरणालय के समक्ष बिजली एवं पानी की अव्यवस्थाओं को लेकर दोहरदगा जिला भाजपा कार्यकर्ता विरोध करेंगे। जिसका एकत्रीकरण ब्लाक मोड़ के समीप होगी। जनता की समस्याओं को लेकर सरकार को जगाने का हमारी संगठन कार्य करेगी। बैठक का संचालन पशुपति नाथ पारस धन्यवाद ज्ञापन नवीन कुमार टिंकू, जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी, बजरंग उरांव,जगनंदन पौराणिक, कलावती देवी, राजीव रंजन, मिथुन तमेड़ा, बालकृष्णा सिंह,राजकिशोर साहू,शुकुल राम, मीना बाखला,विवेक चौहान, राजकुमार मुंडा,नवल किशोर साहू, कृष्णा मोदी,बुधन देवी, परमेश्वर उरांव, गोविंद महतो, संगीता कुमारी,सुरेश बैठा, बृजनंदन यादव, बाल्मीकि प्रसाद, शामेला भगत, दुबराज वर्मा, शंभू सिंह, विक्की महतो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पतरातू प्रीमियर लीग (पीपीएल) सीजन 3.0 का आयोजन 5 से 7 जून तक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



पतरातूः पतरातू क्षेत्र के सबसे बड़े क्रिकेट आयोजन पतरातू प्रीमियर लीग (पीपीएल) सीजन 3.0 का आयोजन आगामी 5 जून से 7 जून 2026 तक चिल्ड्रेन पार्क, पतरातू में किया जाएगा। इस बार टूनार्मेंट को और भव्य एवं आकर्षक रूप दिया गया है, जिसमें क्षेत्र सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से टीमें हिस्सा लेंगी।दिवा-रात्रि क्रिकेट टूनार्मेंट के रूप में आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। टूनार्मेंट के विजेता को 1 लाख रुपये एवं उपविजेता को 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए कई आकर्षक बंपर पुरस्कार भी रखे गए हैं।आयोजन समिति ने बताया कि ढढछ का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। पिछले दो संस्करणों की सफलता के बाद इस वर्ष का आयोजन ह्लठीपी१ छी ड्डीळ्ळ्रीह्व थीम के साथ और बड़े स्तर पर किया जा रहा है।टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए टीमों की एंट्री फीस 10 हजार रुपये निर्धारित की गई है। इच्छुक टीमें शीघ्र पंजीकरण करवा सकती हैं, क्योंकि स्लॉट सीमित हैं।

## पशुपालकों और वेटनरी प्रैक्टिशनर्स को किया गया प्रशिक्षित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**लोहरदगाः** होटल अमृत पैलेस में गोविंद एलॉयज लिमिटेड द्वारा पशुपालकों, वेटनरी प्रैक्टिशनर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए एक विशेष सेमिनार गोविंद मीट का आयोजन किया गया। जिसमें 80 लोगों ने भाग लिया। सेमिनार का उद्देश्य झारखंड के पशुपालकों को 100 प्रतिशत नेचुरल पशु आहार के लाभों से अवगत कराना और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम में कंपनी प्रतिनिधियों ने गोविंद ग्वाला फीड के विभिन्न उत्पादों की जानकारी दी। बताया गया कि गोविंद ग्वाला सुपर 10 लीटर तक दूध देने वाली गायों के लिए, गोविंद ग्वाला ट्वेंटी वन 21 लीटर तक दूध उत्पादन वाली गायों के लिए तथा गोविंद ग्वाला ट्वेंटी फोर गोल्ड 21 लीटर से अधिक दूध देने वाली गायों के लिए तैयार किया गया है। सेमिनार में किसानों और पशुपालकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि गोविंद ग्वाला फीड के उपयोग से दूध की मात्रा, फैट और एसएनएफ में बढ़ोतरी हुई है। साथ ही पशुओं में बीमारियां कम हुई हैं और गाय समय पर गाभिन हो रही हैं। आरसी डेरी फार्म के संचालक रामचंद्र ने बताया कि लगातार तीन महीने तक फीड खिलाने के बाद उनके डेरी फार्म में दूध उत्पादन करीब 80 लीटर तक बढ़ गया। इसे कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण फीडबैक माना गया। वेटनरी प्रैक्टिशनर्स ने भी कहा कि इस फीड के उपयोग से गायों में रिपीट ब्रीडिंग की समस्या काफी कम हुई है। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि फीड पूरी तरह 100 प्रतिशत नेचुरल एवं यूरिया रहित है, जिससे पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर रहता है और वे फीड को आसानी से खाती हैं। कार्यक्रम में कंपनी की ओर से राकेश कुमार सिंह, विकास कुमार, कृष्णा कुमार, पंकज कुमार एवं मनीष कुमार मौजूद थे। वहीं डिस्ट्रीब्यूटर रामचंद्र , प्रेम, ओम प्रकाश तथा गौरव ट्रेडर्स के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

## हमर अधिकार मंच द्वारा आरटीआई कार्यशाला आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगाः** हमर अधिकार मंच द्वारा लोहरदगा के राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 पर निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया, उक्त कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात आरटीआई एक्टिविस्ट सह आरटी आई रिसोर्स पर्सन दीपेश निराला ने उपस्थित लोगों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की बारीकियों से अवगत कराया। उक्त कार्यशाला में लोहरदगा के 102 वर्षीय वयोवृद्ध कृष्ण लाल अग्रवाल को उनके लगातार समाज सेवा के कार्यों को देखते हुए उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया, जिन्होंने लोहरदगा जिला में खेल एवं युवा विकास को बढ़ावा देने के लिए इन्होंने ललित नारायण स्टेडियम के लिए अपना जमीन राज्यपाल के नाम पर दान दिया और इन्होंने अपना जमीन दान देकर जगन्नाथ स्वामी का मौसी बाड़ी मंदिर बनाया तथा अभी तक करीब 75 लाख श्रीराम का नाम लिख चुके हैं और सवा करोड़ श्रीराम नाम लिखने का इन्होंने लक्ष्य ठाना है। कार्यशाला केंद्रीय सचिव शकील अख्तर ने कहा की झारखंड के सभी प्रमंडल में हमर अधिकार मंच का विस्तार किया जाएगा एवं आम लोगों को हक अधिकार कानून की जानकारी दी जाएगी जिससे आम लोग आंख से आंख मिलाकर बात कर सके और भ्रष्टाचार को खत्म किया जा सके इसके लिए हमारा अधिकार मंच कमर कस चुकी है जिसके लिए दक्षिणी छोटानागपुर जिला लोहरदगा में कार्यक्रम की शुरूआत किया गया भ्रष्टाचार के मामले में जो भी इस मंच के सामने आएगी आखिर तक लड़ाई लड़ी जाएगी उच्च न्यायालय रांची भी जाने का काम किया लोहरदगा जाएगा साथी यह मंच सिविल राइट्स भोजन का अधिकार शिक्षा का अधिकार मानव के अधिकार पर काम कर रही है एवं 12 सदस्य टीम आकर के पूरा लोहरदगा जिला को ऑर्गेनाइज किया गया और आरटीआई पर सवाल पर जवाब भी दिया गया केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप राणा ने कहा की आने वाले दिनों में झारखंड में सबसे बड़ी भ्रष्टाचार से लड़ने वाला हमर अधिकार मंच होगा अध्यक्ष दीपेश निराला, महासचिव उमाशंकर सिंह, उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी, नवल किशोर लाल, मीना कुमारी, प्रदीप राणा, सचिव चंद्रदेव कुमार वर्णवाल, चंदू, शकील अख्तर, सूर्य प्रकाश, शाहिद आलम, संयुक्त सचिव दीनबंधु कुमार, दिलीप कुमार, आशीष कुमार जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्य अखिल कुमार, सुजीत कुमार पांडेय, मनोज कुमार सिंह, संजय, सुनील राम, बालमोहन प्रसाद, जावेद खान, बंटी अंसारी, विनोद यादव आशीष कुमार, चमर राम प्रजापति, अजय मित्तल प्रोफेसर जुगल प्रसाद, दुर्गा प्रसाद सोनी,कामिल टोपनो, प्रोफेसर शिव दयाल साहू, एवं दर्जनों लोग इत्यादि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की संयोजकता शकील अख्तर और प्रदीप राणा ने की। मंच संचालन रेणुका तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मीना कुमारी ने दिया।

## हरिहरपुर में पावन शिवमंडा पूजा संपन्न, बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**कहा : मंडा पर्व हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है**

**पतरातूः** पतरातू प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत में पावन त्यौहार शिव पूजा मंडा का आयोजन और आस्था के साथ किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बड़का गांव के विधायक रोशन लाल चौधरी उपस्थित रहे। जिनका समिति के अध्यक्ष वासुदेव महतो, सचिव दयानी लाल महतो एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र महतो ने भव्य स्वागत किया। मौके पर पूर्व पार्षद सुरेश महतो, मुखिया गीता देवी, पंचायत समिति सदस्य भारत महतो, सुखदेव महतो, अजय महतो, पन्नू महतो, राम नरेश महतो, संजय महतो,रोहित महतो एवं परमेश्वर महतो के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीण अपस्थित रहे। इस पर्व मंडा में श्री भक्तों के द्वारा फूल खूंदी तथा बानस झूला में भक्ति का अटूट प्रदर्शन किया गया। भक्तों के द्वारा जलती अंगारों पर चालकर अपनी श्रद्धा और भगवान भोलेनाथ पर अटूट विश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। हरिहरपुर मंडा पूजा में अगल-बगल के कई गांव से लोग पहुंचे।

## दो जून की रोटी के लिए 10 जून को मुख्यमंत्री आवास घेराव का निर्णय




**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, लोहरदगा जिला की बैठक ब्लॉक चौक स्थित सहकारिता भवन परिसर में आयोजित हुई। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान, अलग पहचान, उनके बच्चों के रोजी-रोजगार एवं नियोजन की गारंटी तथा सभी आंदोलनकारियों को 50-50 हजार रुपये सम्मान पेंशन देने की मांगों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार द्वारा दिए गए आश्वासनों और संकल्पों पर अमल नहीं होने के विरोध में 10 जून 2026 को मुख्यमंत्री आवास का घेराव एवं धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलनकारियों ने नारा लगाया कि ह्लदो जून की रोटी के लिए 10 जून को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे ह्व अगली बैठक 20 मई को सेन्हा प्रखंड में आयोजित होगी। मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि अबुआ सरकार में झारखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष और शहादत की उपेक्षा दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलनकारियों के संवैधानिक अधिकार, रोजी-रोजगार, जल-जंगल-जमीन और पहचान पर लगातार हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 30 सितंबर 2024 और 11 मार्च 2026 को दिए गए आश्वासनों तथा 2012 एवं 2021 के सरकारी संकल्पों का पालन नहीं किया गया, जिसके कारण आंदोलनकारियों को दोबारा संघर्ष के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष रामनंदन साहु ने कहा कि आंदोलनकारियों को अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी और 10 जून को बड़ी संख्या में रांची पहुंचने का आह्वान किया। वरिष्ठ आंदोलनकारी अमानत अंसारी ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान से ही अबुआ सरकार की पहचान है। कार्यक्रम का संचालन हरि गोप एवं धन्यवाद ज्ञापन मनमोहन साहू ने किया। बैठक में ताहिर अंसारी, शाहिद अंसारी, सुरेंद्र ठाकुर, पंचम नाथ शाहदेव,आनन्द कुमार साहू, सूकारो देवी, अनिल कुमार साहू, जसिंता केरकेट्टा, हरि उरांव समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## चुन्नीलाल स्कूल परिसर में लगातार 204वां निशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



लोहरदगा : जिला सेवा भारती द्वारा समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए चुन्नीलाल स्कूल परिसर में लगातार 204वां निशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, हड्डी एवं नस के विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय कुमार, सचिव संजय चौधरी एवं राजेश गुप्ता ने भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया, वंदे मातरम एवं भारत माता के जयघोष ने पूरे वातावरण को उत्साह और राष्ट्र भावना से भर दिया। आज कुल 52 लोगों ने अपने स्वास्थ्य से संबंधित जांच कराकर लाभ प्राप्त किये, शिविर में हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर, बी.पी., वजन, हार्टबीट एवं ऑक्सीजन लेवल जैसी महत्वपूर्ण जांचें पूरी तरह निशुल्क की गईं, इसके अलावा अन्य सभी जटिल जांचें आधे खर्च पर ही कराई गईं। सेवा भारती की यह पहल खासकर जो आर्थिक अभाव के कारण नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते हैं उनके लिए बहुत बड़ा सहारा बना है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि हम सभी का एक ही उद्देश्य हर जरूरतमंदों तक अपनी सेवा पहुँचाना है, नर सेवा ही नारायण सेवा है इसी को लेकर हररविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाता है, जिससे कि समय रहते लोग अपना उपचार करा सकें, उन्होंने यह भी बताया कि बेवजह चिंता और तनाव कई बीमारियों को जन्म देती है इसलिए बिंदास रहिए और बीमारियों से दूर रहिए। हड्डी एवं नस के विशेषज्ञ डॉ.मृत्युंजय कुमार चक्रवर्ती ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि अक्सर देखा जाता है कि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग नहीं है,यहाँ शिविर में पाया जा रहा है कि किसी का शुगर काफी बढ़ा हुआ है किसी का बी.पी बढ़ा हुआ है तो किसी कम है कई लोगों को कोलेस्ट्रॉल आदि की बीमारियां है पर सभी बे फिक्रे अपने दिनचर्या में व्यस्त है और फिर बीमारी काफी बढ़ जाने के बाद परेशान हो जाते हैं। इसलिए नियमित स्वास्थ्य की जांच करते रहे और साथ ही उन्होंने बाहर के तेल से बने खाने-पीने की चीजों में सतर्कता बरतने की सलाह दी। सचिव संजय चौधरी, समाजसेवी मुकेश गुप्ता ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाया जाता है, जिसमें लोग अपनी बीमारियों की जांच कराते हुए डॉक्टर के परामर्श से स्वस्थ हो रहे हैं। आज के शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ. मृत्युंजय कुमार, सचिव संजय चौधरी, अमर गोस्वामी, मुकेश गुप्ता, अतुल सर्राफ, शंभू शर्मा, अंजलि सर्राफ, शोभा देवी, राजेश गुप्ता, हेमंत प्रजापति, मोहम्मद सोनू, अशोक अग्रवाल, श्याम महतो, सीमा देवी, कांति देवी,शोभा देवी,मेरी देवी सच्चिदानंद अग्रवाल, शिमला देवी,अमृत देवी,हरि उरांव, सत्य प्रकाश कुमार,वीरेंद्र सहदेव,संध्या देवी,राजेश गुप्ता,रामजी प्रसाद, अशोक अग्रवाल,मीना देवी,शंभू सिंह,उदय कसेरा, कृष्ण प्रसाद, दीपिका साहू,राजेश साहू, प्रभा देवी, राजेश अग्रवाल,रमेश शर्मा, प्रकाश गुप्ता,तपेश्वर अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, निशा वर्मा,रेणु देवी,तुलसी उरांव,नीतू अग्रवाल,सुंदरी देवी, माधुरी देवी,आशीष महतो, खुशबू गुप्ता, टूटू अग्रवाल,अंजली गुप्ता, श्रीकांत कुमार आदि थे।

## एलईडी वैन से गांव-गांव पहुंच रही कानून की जानकारी



**लोहरदगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के तत्वावधान में किस्को प्रखंड के विभिन्न गांवों में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं सचिव मनोरंजन कुमार के मार्गदर्शन में एलईडी वैन के माध्यम से ग्राम पंचायत हिसरी, बगरू, बेठहठ, पाखर, नावाडीह एवं देवदरिया में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पैरा लीगल वॉलंटियर शाहिद हुसैन एवं इजहार अहमद ने ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की कार्यप्रणाली, निःशुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालत तथा सिविल कोर्ट की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पेंशन, आवास, स्वास्थ्य बीमा समेत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों को बताया गया। इस अवसर पर जागरूकता से संबंधित बुकलेट एवं पंपलेट का वितरण किया गया।पीएलवी द्वारा नशा मुक्ति, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें अपने अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिली। मौके पर पीएलवी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवं कानून की पहुंच सुनिश्चित करना है।

# रांची में बिना लाइसेंस संचालित आरओ प्लांटों पर निगम सख्त, 31 मई के बाद शुरू होगी सीलिंग की कार्रवाई

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** राजधानी में बढ़ते जल संकट के बीच रांची नगर निगम ने बिना लाइसेंस संचालित आरओ वाटर प्लांटों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है. नगर निगम की जलापूर्ति शाखा ने साफ कर दिया है कि 31 मई तक लाइसेंस नहीं लेने वाले आरओ वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों को सील किया जाएगा. निगम ने इसे अंतिम चेतावनी बताते हुए सभी संचालकों को निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है.



### बड़ी संख्या में बिना लाइसेंस के प्लांट संचालित

नगर निगम द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना में कहा गया है कि झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना तथा झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 204 और 209 के तहत आरओ वाटर प्लांट संचालन और लाइसेंस नवीकरण के लिए नियमावली लागू है. बावजूद इसके शहर में बड़ी संख्या में प्लांट बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं.

### कार्रवाई के मूड में निगम

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, लाइसेंस को लेकर पहले भी कई बार सार्वजनिक माध्यमों से सूचना जारी की गई थी. कुछ संचालकों ने आवेदन प्रक्रिया पूरी की लेकिन अधिकांश संचालकों ने अब तक कोई पहल नहीं की है. ऐसे में निगम ने अब कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है. निगम का कहना है कि निर्धारित समय सीमा के बाद जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले प्लांटों को सील किया जाएगा.

### डीप बोरिंग के बाद भी पानी उपलब्ध नहीं

इधर, शहर में लगातार बढ़ते जल संकट के बीच पानी का कारोबार तेजी से पनपा है. गर्मी बढ़ने के साथ कई इलाकों में बोरिंग सुख चुकी है और लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है. ड्राई जोन वाले क्षेत्रों में 800 से 900 फीट तक डीप बोरिंग कराने के बाद भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है. दूसरी ओर पानी का व्यवसाय करने वाले संचालक इस संकट के दौर में भारी मुनाफा कमा रहे हैं.

> “ विशेषज्ञों का मानना है कि अनियंत्रित भूजल दोहन के कारण कई इलाकों में जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है, जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ रही है. सभी आरओ प्लांट संचालकों को नियमों के तहत लाइसेंस लेना अनिवार्य है. निगम ने 31 मई तक का समय दिया है. इसके बाद बिना लाइसेंस संचालित प्लांटों के खिलाफ सीलिंग समेत कानूनी कार्रवाई की जाएगी. भूजल संरक्षण और शहर में जल प्रबंधन को लेकर निगम गंभीर है और नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: ”
>
> **संजय कुमार, अपर नगर आयुक्त**

### शहर के पानी का हुआ व्यवसायीकरण

रांची के कई मोहल्लों और गलियों में छोटे-बड़े बॉटलिंग प्लांट संचालित हो रहे हैं. ये प्लांट प्रतिदिन लाखों लीटर भूजल का दोहन कर रहे हैं. पानी को जार और बोतलों में भरकर घरों, दुकानों और कार्यालयों तक सप्लाई होती है. एक जार पानी के लिए 10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक वसूले जा रहे हैं जबकि होम डिलीवरी के लिए अलग से शुल्क निर्धारित है.

### तेजी से बढ़ा अनियंत्रित भूजल दोहन

नगर निगम के पिछले साल के आंकड़ों के मुताबिक, शहर के 53 वार्डों में करीब 318 बॉटलिंग प्लांट संचालित थे. इनमें से कई प्लांट बिना वैध अनुमति और लाइसेंस के संचालिक हैं.

# फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर 8.52 करोड़ की ठगी, झारखंड सीआईडी ने अपराधी को यूपी से दबोचा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए, एक साइबर अपराधी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान बृजेश सिंह के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले का रहने वाला बताया गया है. CID के अनुसार, 10 मार्च 2026 को साइबर क्राइम थाना कांड संख्या 27/26 दर्ज किया गया था. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसे WhatsApp के माध्यम से “FXPROGROUP-cc” नामक ग्रुप से जोड़ा गया और बाद में एक वेबसाइट के जरिए फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करने का झांसा दिया गया. जांच में सामने आया कि ठगों ने अलग-अलग बैंक खातों में निवेश के नाम पर पैसे जमा कराए और शुरूआत में मुनाफा दिखाकर विश्वास जीत लिया. इसके बाद पीड़ित से लगातार बड़ी रकम निवेश कराई गई. मामले में कुल करीब 8.52 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की पुष्टि हुई है. तकनीकी अनुसंधान और साक्ष्यों के आधार पर CID की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड और चेकबुक समेत कई अहम दस्तावेज बरामद किए हैं. उक्‍ठने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया, WhatsApp, Telegram या Google Ads के जरिए आने वाले निवेश संबंधी विज्ञापनों और ऑफरों से सतर्क रहें. किसी भी अनजान लिंक या एप्लिकेशन पर निवेश करने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें. साइबर ठगी की शिकायत होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या आधिकारिक वेबसाइट cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है.




# चलती ट्रेन से गिरी महिला यात्री, आरपीएफ जवान ने बचाई जान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की महिला कांस्टेबल ने अपनी सतर्कता, साहस और तत्परता से एक महिला यात्री की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की. जिसे वहां मौजूद लोगों ने एक छोटे बच्चे के लिए मां को मिला सबसे बड़ा तोहफा बताया. आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत महिला सिपाही की बहादुरी ने एक बड़ा हादसा टाल दिया.



### चलती ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास

रेल प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 18611 रांची-बनारस एक्सप्रेस रांची रेलवे स्टेशन से खुल रही थी. इसी दौरान एक यात्री अपनी पत्नी और छोटे बच्चे के साथ जल्दबाजी में ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था. ट्रेन गति पकड़ने लगी थी और अफरा-तफरी के बीच महिला यात्री का संतुलन बिगड़ गया. महिला सीधे प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच बने गैप में गिर गई, प्लेटफॉर्म पर मौजूद लोगों के बीच अचानक चीख-पुकार मच गई.

### महिला कांस्टेबल की सराहना

उसी समय ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ की लेडी कांस्टेबल साविता गारी ने स्थिति की गंभीरता को तुरंत समझ लिया. बिना समय गंवाए उन्होंने दौड़कर महिला को मजबूती से पकड़ लिया और ट्रेन रुकने तक उसे थामे रखा. उनकी त्वरित कार्रवाई और बहादुरी के कारण महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने राहत की सांस ली और महिला कांस्टेबल की सराहना की.

### मदर्स डे का सबसे बड़ा उपहार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि कुछ सेकंड की भी देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था. महिला यात्री और उसके परिजन भी भावुक हो गए. छोटे बच्चे की आंखों के सामने उसकी मां सुरक्षित बच गई, जिसे लोग मदर्स डे का सबसे बड़ा उपहार बता रहे हैं. रांची मंडल में आरपीएफ लगातार यात्रियों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरत रही है. रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा जांच के साथ-साथ यात्रियों को जागरूक भी किया जा रहा है कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें. रेलवे अधिकारियों ने कहा कि जल्दबाजी कई बार गंभीर हादसों का कारण बनती है.

# रांची को जाम से राहत देने की तैयारी, अरगोड़ा से डिबडीह तक बनेगा 469 करोड़ का एलिवेटेड रोड

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में लगातार बढ़ते जा रहे ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए झारखंड सरकार ने बड़ी पहल की है. पथ निर्माण विभाग ने अरगोड़ा चौक से डिबडीह पुल तक एलिवेटेड रोड और फ्लाईओवर निर्माण योजना को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है. इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करीब 469.62 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. यह एलिवेटेड रोड हरमू स्थित KAV रेस्तरां के पास से शुरू होकर डिबडीह पुल के पास सेलर नॉट रेस्तरां तक बनाया जाएगा. परियोजना में कठल मोड़ (चापुटोली) और अशोक नगर रोड नंबर-3 की ओर अतिरिक्त कनेक्टिंग लेग भी शामिल किए गए हैं, जिससे आसपास के इलाकों की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी. पूरे प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 3.804 किलोमीटर होगी, जिसमें सर्विस रोड का निर्माण भी शामिल है. इस योजना को झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से पूरा किया जाएगा. सरकार ने इस परियोजना को दो चरणों में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है. वित्तीय वर्ष 2026-27 में करीब 280.62 करोड़ रुपये खर्च कर 60 प्रतिशत कार्य पूरा किया जाएगा. वहीं वित्तीय वर्ष 2027-28 में शेष 40 प्रतिशत कार्य लगभग 189 करोड़ रुपये की लागत से पूरा होगा. इस परियोजना को पहले ही मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल चुकी है. फ्लाईओवर बनने के बाद अरगोड़ा चौक, हरमू, अशोक नगर और डिबडीह इलाके में रोज लगने वाले भारी जाम से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है.



# रांची में एसएससी जीडी परीक्षा में गड़बड़ी का खुलासा, 6 लोग हिरासत में

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** राजधानी रांची में एसएससी जीडी परीक्षा के दौरान कथित गड़बड़ी का मामला सामने आया है. रविवार सुबह पंडरा स्थित एक ऑनलाइन परीक्षा केंद्र से पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है. कार्रवाई एसएससी से मिली सूचना के आधार पर की गई. रांची सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि सूचना मिली थी कि परीक्षा केंद्र में कुछ अभ्यर्थी अनुचित तरीके से परीक्षा देने की कोशिश कर रहे हैं. इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और छह लोगों को पकड़ा. जानकारी के मुताबिक, परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पहले परीक्षा केंद्र प्रबंधन तक पहुंची थी, जिसके बाद एसएससी को अवगत कराया गया. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएससी ने रांची पुलिस से संपर्क किया. मामला 9 मई को प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान सामने आया था. The Furturistic Online Examination Center में परीक्षा के दौरान कुछ कंप्यूटर सिस्टम के मॉनिटर पर कर्सर अपने आप चलने की शिकायत मिली थी.



### गिरफ्तार अभ्यर्थी

पुलिस ने बिहार और झारखंड के अलग-अलग जिलों से 6 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है. इनमें मधुबनी, कोडरमा, हजारीबाग, गुमला, पटना और अरवल के परीक्षार्थी शामिल हैं. इस मामले में सुखदेवनगर (पंडरा) थाना में कांड संख्या 167/26 दर्ज किया गया है. आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं, आईटी एक्ट और परीक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. जांच के दौरान पुलिस ने परीक्षा केंद्र से 6 कंप्यूटर, 2 सीसीटीवी डीवीआर, 2 फायरवॉल, एयरटेल और जियो के राउटर, एक उढव, 2 उ-ऊअउ बॉक्स, 6 एडमिट कार्ड, 5 मोबाइल और एक टैब जब्त किया है. पुलिस परीक्षा में तकनीकी छेड़छाड़ किसी बड़े गिरोह के जरिए की गई या नहीं, इसकी जांच की जा रही हैं. साइबर एक्सपर्ट की मदद से जब्त उपकरणों की जांच की जा रही है. फिलहाल सभी हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है. अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि परीक्षा में कथित गड़बड़ी किस तरीके से की जा रही थी. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और जांच पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी.

# झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज, आंधी-बारिश का अलर्ट जारी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड के रांची में देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली. तेज हवा के साथ गर्जन और बारिश हुई. मौसम विभाग के अनुसार 10 से 15 मई तक राज्य के सभी जिलों में मौसम में उतार-चढ़ाव रहेगा. दिन में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी, जबकि दोपहर बाद कई जिलों में आकाश में बादल छाए रहेंगे. गर्जन, वज्रपात, तेज हवा और हल्की बारिश की संभावना है. इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो आलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के अनुसार, 10 मई को झारखंड में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश आने की संभावना है. राज्य के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है.

### कई जिलों में तेज हवा के साथ हुई बारिश

झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार को दोपहर बाद आकाश में बादल छाए रहे, लेकिन शाम सात बजे के बाद तेज हवा और गर्जन के साथ बारिश हुई. रांची में लगभग चार मिमी बारिश दर्ज की गई. इससे वातावरण ठंडा हो गया. देर रात तक रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, पलामू और पूर्वी सिंहभूम समेत कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई. शनिवार को सबसे अधिक तापमान मेदिनीनगर में दर्ज किया गया. यहां का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि रांची का अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. रांची के तापमान में पिछले 24 घंटे में 0.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई. वहीं बोकारो का अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस रहा. यहां पिछले 24 घंटे में तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई.

# जेपीएससी बैकलॉग पीटी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, रांची के 15 केंद्रों पर 7 हजार अभ्यर्थी हुए शामिल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 रविवार को राजधानी रांची सहित राज्यभर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई. रांची जिला में बनाए गए 15 परीक्षा केंद्रों पर करीब 7 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए. परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरे दिन अलर्ट मोड में रहा. परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई. पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जबकि दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली. परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली. कई अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले ही केंद्रों पर पहुंच गए थे. केंद्रों के बाहर सुरक्षा जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया.



कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारी की थी. उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के संयुक्त आदेश पर सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी. परीक्षा केंद्रों के आसपास लगातार गश्ती और निगरानी की व्यवस्था भी की गई थी. इसी क्रम में सदर अनुमंडल दंडाधिकारी कुमार रजत द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई थी. यह आदेश रविवार सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक प्रभावी रहा. निषेधाज्ञा के तहत पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग, हथियार लेकर चलने और किसी भी प्रकार की सभा आयोजित करने पर रोक लगाई गई थी. प्रशासन की सख्ती के कारण परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई. रांची के जिन प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई उनमें डोरंडा कॉलेज, निर्मला कॉलेज, डीएवी नंदराज मॉडर्न स्कूल, फिरायालाल पब्लिक स्कूल, मारवाड़ी प्लस टू हाई स्कूल, बर्लिन पब्लिक स्कूल, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कांके और बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सहित अन्य संस्थान शामिल रहे.

परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों के चेहरे पर संतोष नजर आया. कई अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित और सामान्य स्तर का बताया. अभ्यर्थियों का कहना था कि परीक्षा का पैटर्न बेहतर था और सवाल सिलेबस के अनुसार पूछे गए थे. अभ्यर्थी राकेश ने कहा कि प्रश्नपत्र का स्तर ठीक था, सामान्य अध्ययन और करंट अफेयर्स से जुड़े सवाल पूछे गए थे. उम्मीद है कि आयोग इस बार समय पर रिजल्ट जारी करेगा. वहीं अभ्यर्थी मुकेश ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई.

# अवैध बालू खनन पर सरकार सख्त, 11 मई को सभी डीसी के साथ समीक्षा बैठक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड में अवैध बालू खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने को लेकर खान विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है. राज्य के विभिन्न जिलों में बालू घाटों का संचालन लंबित रहने और अवैध कारोबार बढ़ने की शिकायतों के बीच 11 मई को राज्यस्तरीय टास्क फोर्स की अहम बैठक बुलाई गई है. यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोपहर तीन बजे आयोजित होगी, जिसमें सभी उपायुक्तों, जिला खनन पदाधिकारियों, बीडीओ और सफल बोलीदाताओं को शामिल होने का निर्देश दिया गया है. जानकारी के अनुसार राज्य के 16 जिलों में 229 बालू घाटों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन लीज डीड की प्रक्रिया लंबित रहने के कारण अब तक संचालन शुरू नहीं हो पाया है. खान विभाग का मानना है कि घाट चालू नहीं होने से कई इलाकों में अवैध रूप से बालू की निकासी और खुले बाजार में बिक्री जारी है. खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि लंबित लीज डीड की समीक्षा कर प्रक्रिया में तेजी लाई जाये. बैठक में सभी जिलों के आवंटित बालू घाटों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा होगी. अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभाग आधुनिक तकनीक का भी सहारा लेने जा रहा है. खनन क्षेत्रों की निगरानी के लिए सभी पट्टों की शेप फाइल तैयार की जा रही है, ताकि सैटेलाइट के जरिए गतिविधियों पर नजर रखी जा सके.



# दोस्तों ने मिलकर की थी अभिषेक की हत्या, शराब को लेकर हुआ था विवाद

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** रांची पुलिस ने टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में 21 दिन पहले हुए अभिजीत तिवारी उर्फ किट्टू हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली है. इस वारदात को मृतक के दोस्तों ने शराब पीने को लेकर हुए विवाद में अंजाम दिया था. मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.



### शराब पीने के दौरान दोस्तों ने ही मार डाला

अभिजीत तिवारी की हत्या में उसके करीबी दोस्त ही शामिल थे. अभिजीत की हत्या करने के बाद उसके शव को अपराधियों ने स्कूटी के जरिए घटनास्थल से तीन किलोमीटर दूर ले जाकर फेंक दिया था, जिसे पुलिस टीम ने 19 अप्रैल को सिपाही पुल के पास से बरामद किया था. मामले में पुलिस ने रांची के पुरुलिया रोड के विशाल राम, पत्थलकुदवा निवासी सन्नी मिंज और नामकुम के आकाश सुजय बेक को गिरफ्तार किया है. पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है. मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने बताया कि 19 अप्रैल को टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के सिपाही पुल के पास से एक युवक का शव बरामद किया गया था. एसएसपी के निर्देश पर मुख्यालय वन डीएसपी अमर पांडेय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. जिसके बाद गठित टीम ने साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने घटना की पूरी जानकारी दी. आरोपी की निशानदेही पर एक स्कूटी और तीन फोन भी बरामद किए गए.

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-**

विशाल राम, उम्र-30 वर्ष, पिता-बाबुलाल राम, पता-डंगराटोली स्वर्णभूमि मैरेज हॉल के निकट, पुरूलिया रोड़, थाना-लोअर बाजार, जिला-रांची.

सन्नी मिंज, उम्र-29 वर्ष, पिता-स्व० मार्टिन मिंज, पता-पत्थलकुद्वा, अलबर्ट कम्पाउन्ड, पुरुलिया रोड़, थाना-लोअर बजार, जिला-रांची.

आकाश सुजय बेक, उम्र 32 वर्ष, पिता-नजारियुस बेक, स्थायी पता-चैनपुर, थाना-चैनपुर, जिला-गुमला, वर्तमान पता-तेतरीटोली डिवाईन नगर (जोरार) थाना-नामकुम, जिला-रांची.

### शराब के चलते शुरू हुआ था विवाद

ग्रामीण एसपी ने बताया कि नामकुम थाना क्षेत्र के जोरार बधवा ग्राउंड में 18 अप्रैल को विशाल, सन्नी और आकाश सुजय शराब पी रहे थे. इसी दौरान अभिजीत तिवारी उर्फ किट्टू भी पहुंच गया. अभिजीत से तीनों की दोस्ती थी. अभिजीत ने अपने दोस्तों से पीने के लिए जबरन शराब मांगने लगा. आकाश ने उसे शराब देने से मना कर दिया, जिसके बाद अभिजीत ने उसके साथ मारपीट की. उसने शराब की बोतलें तोड़ दी. फिर उसने जबरन बची शराब की बोतल छीनकर पीने लगा. इस बीच आकाश को जान से मारने की धमकी भी दी गई. जिसके बाद विशाल, सन्नी और आकाश ने मिलकर अभिजीत तिवारी को जमीन पर पटक दिया और उसका गला दबाकर हत्या कर दी.

### सिपाही पुल के पास फेंक दिया शव

तीनों दोस्तों द्वारा अभिजीत की हत्या करने के बाद उसके शव को ठिकाना लगाने की प्लानिंग की. इसी के तहत साक्ष्य छिपाने की नियत से शव को स्कूटी में रखा.एक स्कूटी में बीच में शव को रखकर दो लोग बैठे, जबकि तीसरा स्कूटी में अकेले आगे-आगे चलने लगा, तीसरा व्यक्ति पुलिस को देख रहा था, ताकि पकड़ाये नहीं. जिसके बाद सिपाही पुल मिलिट्री डेयरी फार्म, आरागेट स्थित ग्राउंड में शव ले जाकर फेंक दिया.

# करमटोली से साइंस सिटी तक बनेगा 351 करोड़ का फ्लाईओवर, मिलेगी जाम से राहत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** रांचीवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. राजधानी में करमटोली से साइंस सिटी तक नया फ्लाईओवर बनाया जाएगा. झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग ने इस परियोजना के लिए 351 करोड़ 14 लाख 44 हजार 800 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है. यह फ्लाईओवर सर्विस रोड समेत कुल 3.216 किलोमीटर लंबा होगा. परियोजना का उद्देश्य शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करना और लोगों को जाम से राहत दिलाना है. फ्लाईओवर बनने के बाद करमटोली से साइंस सिटी तक सफर काफी आसान और तेज हो जाएगा. परियोजना के तहत सिर्फ फ्लाईओवर ही नहीं, बल्कि सड़क के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा. इसमें भू-अर्जन, यूटिलिटी शिफ्टिंग, वनरोपण और लैंडस्केपिंग जैसे कार्य भी शामिल हैं. सरकार ने इस प्रोजेक्ट को दो चरणों में पूरा करने की योजना बनाई है. वित्तीय वर्ष 2026-27 में लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा किया जाएगा. इस दौरान करीब 210.68 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. वहीं शेष 40% काम वित्तीय वर्ष 2027-28 में पूरा होगा, जिस पर करीब 140.45 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है. इस पूरे प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार को सौंपी गई है. प्रस्ताव को राज्य मंत्रिपरिषद की मंजूरी भी मिल चुकी है, जिसके बाद निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो गया है. फ्लाईओवर बनने से राजधानी के लोगों को रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी. साथ ही समय और ईंधन की भी बचत होगी.



# एसआईआर राजमहल व उधवा में झामुमो की बैठक, जिला अध्यक्ष ने एसआईआर के लिए कार्यकताओं को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल डाक बंगला में नगर अध्यक्ष मो अजीरूददीन उर्फ आजाद की अध्यक्षता में नगर एवं प्रखंड झामुमो कमेटी की बैठक संपन्न हुई ।बैठक में मुख्य रूप से पार्टी जिला अध्यक्ष अरुण सिंह, विधायक प्रतिनिधि युवा मोर्चा जिला सचिव मो मारूफ उर्फ गुड्डू , केंद्रीय समिति सदस्य एकलाकुर रहमान , नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुददिन शेख, प्रो नजरूल इस्लाम, घीसू शेख शामिल हुए। जिला अध्यक्ष जी ने कहा कि एसआईआर को लेकर पार्टी के मार्गदर्शन पर लगातार बीएलए -1 व बीएलए -2 को आवश्यक जानकारी दी जा रही है ताकि एसआईआर कार्य के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो और बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर सतर्क होकर कार्य करेंगे ताकि किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम नहीं कटे. विधायक प्रतिनिधि सह युवा जिला सचिव ने कहा कि विपक्षी दल एसआईआर के हथकंडा से सत्ता हासिल करने का कार्य कर रही है. जानकारी के अभाव में वास्तविक मतदाता का भी नाम काट दिया जा रहा है इसका उदाहरण अभी पश्चिम बंगाल में देखने को मिला. इसलिए सभी कार्यकताओं को एसआईआर कार्य के दौरान जागरूक रहना है. राजमहल की बैठक के उपरांत उधवा में एसआईआर को लेकर झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अयुब अली उर्फ बाबू दा ने की ।बैठक में मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह , विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू,केंद्रीय समिति सदस्य एखलाकुर रहमान,राजमहल पूर्व प्रखंड़ अध्यक्ष घीसू शेख,महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष बसंती हांसदा बैठक में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में झामुमो द्वारा चयनित दर्जनों बीएलए - 2 मौजूद थे ।बैठक में मुख्य अतिथियों ने एसआईआर को लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया.इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सह युवा जिला सचिव मो मारूफ उर्फ गुड्डू ने कहा कि उधवा प्रखंड के कार्यकताओं ने पूर्व एवं वर्तमान में पार्टी के प्रति एकजुटता दिखाया है ।आगे कहा कि चयनित बीएलए - 2 को दिए गए निदेशों पर अमल करने की आवश्यकता है। किसी भी परिस्थिति में वास्तविक मतदाताओं का नाम हटना नहीं चाहिए. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि मानिकचक विधानसभा में एसआईआर के आड़ में तकरीबन 32 हजार मतदाता का नाम काटा गया इसके अलावा पूरे पश्चिम बंगाल में लाखों की संख्या में एसआईआर के नाम पर मतदाताओं का नाम काटा गया है। झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर के दौरान किसी भी वास्तविक मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो इसके लिए केंद्रीय कमिटी के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तर

पर बैठक कर बीएलओ को आवश्यक दिशा - निर्देश दिया जा रहा है.कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के दौरान 11 प्रकार की दस्तावेजों की मांग किया गया था जिसमें आधार कार्ड,राशन कार्ड आदि मूल दस्तावेजों को जोड़ा नहीं गया था ।परंतु लंबी लड़ाई व मांग किए जाने पर एसआईआर के दौरान आधार कार्ड एवं राशन कार्ड को दस्तावेज के रूप में जोड़ा गया है ।कहा कि हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है.यदि एसआईआर मैपिंग में नाम छूट जाता है तो नियमसंगत आवश्यक दस्तावेजों के साथ नाम जोड़ने का काम कराया जाएगा.साथ ही चयनित बीएलए - 2 को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## बेंगलुरु में आयोजित दोदिवसीय कार्यशाला में भाग लेंगे राजमहल विधायक, जनकल्याण की नीतियों एवं कानून पर होगी चर्चा.



**साहिबगंज** ।बेंगलुरु के अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में जनकल्याण के लिए नीतियों एवं कानून पर चर्चा की कार्यशाला 11 एवं 12 मई 2026 को आयोजित की गई है। जिसमें पूरे देश के विभिन्न राज्यों की विधानसभा से चयनित विधायकों को आमंत्रित किया गया है। इसमें माननीय राजमहल विधानसभा से विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा को आमंत्रित किया गया है। वह इस कार्यशाला में भाग लेंगे ।कार्यशाला में शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों के समग्र कल्याण, विधायकों अपने निर्वाचन क्षेत्र के कार्य अनुभव को साझा करेंगे, सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी कार्यों पर चर्चा एवं सार्वजनिक व्यय एवं वित्त पर का प्रभावी ढंग से विश्लेषण और उसकी निगरानी, जनकल्याण की नीतियों एवं कानून पर चर्चा होगी।

## दिवस पर वाईपीएल टी-20 का रोमांचक फाइनल: सकरीगली बनी चैंपियन, प्रिंस राज का ऐतिहासिक प्रदर्शन



**साहिबगंज** ।मातृ दिवस के अवसर पर आयोजित यंगेस्ट प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच और शानदार खेल प्रदर्शन से भरपूर रहा। फाइनल में सकरीगली टीम ने इस्माइल 11 को 5 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया ।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इस्माइल 11 की टीम 13.3 ओवर में 81 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से अनुकांत ने 18 गेंदों में 34 रन की शानदार पारी खेली। वहीं तौसीफ ने 13 और विराट ने 8 रन का योगदान दिया।

सकरीगली की ओर से गेंदबाजी में प्रिंस राज ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में मात्र 7 रन देकर 7 विकेट झटके। उनके घातक स्पेल ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया ।82 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सकरीगली की टीम ने 12.2 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। टीम की ओर से मयंक कुमार ने 29 गेंदों में नाबाद 33 रन बनाए, जबकि शंकर ने 16 और जुनैद ने तेजतर्रार 11 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया ।शानदार प्रदर्शन के लिए प्रिंस राज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मयंक कुमार को बेस्ट बल्लेबाज, रौनक दुबे को बेस्ट गेंदबाज और वामिक नईम को बेस्ट ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया ।फाइनल मुकाबले में अंपायर की भूमिका हयातुल्ला और मुकेश सिंह ने निभाई, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी एमडी अनाउल्ला ने संभाली ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. रणजीत कुमार सिंह एवं एडवांस फिजियोथेरेपी साहिबगंज के डॉ. अनिर्बान गोस्वामी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना और अनुशासन का संदेश दिया।

**अपने संबोधन में डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने कहा:** युवा नशा नहीं, खेल को हाँ कहें। खिलाड़ी अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें। खेल प्रतियोगिता हो या परीक्षा, हम हारते नहीं बल्कि सीखते हैं। गलती को दोबारा नहीं दोहराना ही सफलता की पहली सीढ़ी है। मातृ दिवस पर आयोजित इस फाइनल मुकाबले ने खेल प्रेमियों के बीच उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का शानदार संदेश दिया।

# बरहरवा में पेयजल संकट पर विधायक निसात आलम गंभीर, विभागीय टीम ने किया जमीनी निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा प्रखंड में लगातार बढ़ रहे पेयजल संकट को लेकर पाकुड़ विधानसभा की विधायक निसात आलम ने मोर्चा संभाल लिया है। क्षेत्र में खराब पेयजल व्यवस्था और ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए विधायक ने इस मुद्दे को पहले विधानसभा में उठाया था, लेकिन संतोषजनक समाधान नहीं मिलने पर उन्होंने विभागीय मंत्री को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। अपने पत्र में विधायक ने बताया था कि बरहरवा प्रखंड के कई गांवों में जलापूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। अनेक जलमीनार बंद पड़े हैं, चापाकल खराब हैं और पाइपलाइन योजनाएं सुचारू रूप से संचालित नहीं हो रही हैं। गर्मी बढ़ने के साथ स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे ग्रामीणों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। विधायक की पहल के बाद विभागीय मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में विभाग की विशेष टीम बुधवार को बरहरवा प्रखंड के विभिन्न प्रभावित गांवों में पहुंची और पेयजल योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने खराब पड़े जलमीनार, चापाकल तथा पाइपलाइन योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक जानकारियां एकत्रित कीं। निरीक्षण दल में संवेदक अमित कुमार सिंह, अभिषेक मिश्रा, विभागीय पदाधिकारी अरुण कुमार झा, सुनील कुमार यादव, शशि सिंह, उमेश मंडल एवं विजय मिंज शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के बाद विस्तृत रिपोर्ट विभाग को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आश्वासन दिया गया कि गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी। इस मौके पर बरहरवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, मो. काजल, सफीकुल, डॉ. महबूब, आलमगीर, अनुकूल जमीरुल समेत कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गांव-गांव पहुंच रही विधिक जागरूकता की अलख : साहेबगंज में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान जारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज** ।झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिले में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गांव-गांव, पंचायतों, नगर निगम क्षेत्रों तथा विभिन्न सामाजिक संस्थानों में जागरूकता शिविर आयोजित कर आम लोगों को उनके कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है ।इसी क्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां पीएलवी - न्याय मित्रों ने ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों को कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम के दौरान श्रम कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को यह भी बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक एवं जरूरतमंद व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में लोगों द्वारा पूछे गए विभिन्न कानूनी प्रश्नों का सरल भाषा में समाधान भी किया गया ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने बताया कि यह अभियान लगातार 90 दिनों तक संचालित किया जाएगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और कानूनी सहायता की पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना है। इस अवसर पर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्री तुषार आनंद ने भी उपस्थित लोगों को विभिन्न विधिक अधिकारों एवं योजनाओं की जानकारी दी।अभियान को सफल बनाने में पारा विधिक स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही। लगातार चल रहे इस जागरूकता अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक चेतना एवं न्याय के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है।

## निजी स्कूलों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन, झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक संपन्न



**साहिबगंज।** झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, इकाई साहिबगंज की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को एन.आर.पी. सेंटर, साहिबगंज में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष मनोज कुमार झा ने की, जबकि सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. संजय भगत मौजूद रहे ।कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक प्रो. कमल कुमार महावर भी विशेष रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन श्रीमती गरिमा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद एन.आर.पी. सेंटर की बच्चियों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। बैठक में संगठन के सचिव सत्यजीत कृष्ण ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान अध्यक्ष मनोज झा एवं संरक्षक प्रो. कमल कुमार महावर ने मुख्य अतिथि पंकज मिश्रा और डॉ. संजय भगत को शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं सचिव द्वारा प्रो. महावर और अध्यक्ष मनोज झा को अंगवस्त्र व माला देकर सम्मानित किया गया। अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष मनोज झा ने जिले भर से आए निजी स्कूल संचालकों, प्राचार्यों, शिक्षिकाओं एवं उपस्थित महिलाओं का अभिनंदन किया। संरक्षक प्रो. कमल कुमार महावर ने अपने संबोधन में जिले के निजी विद्यालयों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि साहिबगंज जिले में लगभग डेढ़ सौ निजी विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने सरकार द्वारा मान्यता के लिए निर्धारित भूमि संबंधी शर्तों को शिथिल करने की मांग उठाते हुए कहा कि जिले की अधिकांश भूमि कृत्रिम खास महल एवं दानपत्र की है, इसलिए भूमि बाध्यता को समाप्त या सरल बनाया जाना चाहिए ।मुख्य अतिथि पंकज मिश्रा ने निजी स्कूलों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए गंभीर है। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे रिवर फ्रंट का निर्माण, अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं हवाई अड्डे का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। साथ ही रेलवे विकास एवं नई ट्रेनों के संचालन की दिशा में भी प्रयास जारी हैं। बैठक में जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। संगठन विस्तार के उद्देश्य से साहिबगंज जिले के प्रत्येक प्रखंड के लिए प्रखंड संयोजकों की नियुक्ति भी की गई, ताकि अधिक से अधिक निजी विद्यालयों को संगठन से जोड़ा जा सके ।इस अवसर पर संरक्षक उमानाथ पंडित, वीरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, राजेश आर्य, अनिमा प्रमाणिक, श्रीमती गंगा महावर, रूपम शाह, उत्तम कुमार चंद, अनुपम गोस्वामी, सद्दाम हुसैन, परमजीत घोष, अजय मंडल, विजय यादव, गोपाल कृष्ण, संतोष उपाध्याय, संजीव यादव, अजय शाह, संजय ठाकुर, अशफाक आलम, कार्तिक हेंब्रम, छोटू लाल गुप्ता, कालिदास पाठक सहित बड़ी संख्या में निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उधवा में बारिश का पानी घरों में घुसने से ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।






**उधवा/साहिबगंज।** जिले के उधवा चौक स्थित तालाबवाली मस्जिद के समीप लगातार हुई मूसलाधार बारिश के बाद जलजमाव की गंभीर समस्या ने स्थानीय लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया। रविवार सुबह हालात इतने बिगड़ गए कि आक्रोशित ग्रामीणों ने उधवा-राजमहल फोरलेन मुख्य सड़क को बांस-बल्ला लगाकर जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र में स्थायी जलनिकासी व्यवस्था कराने की मांग उठाई। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात प्रखंड के विभिन्न इलाकों में तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश हुई। बारिश के बाद पतौड़ा पंचायत अंतर्गत पहाड़गांव स्थित तालाबवाली मस्जिद के आसपास दर्जनों घरों में पानी घुस गया। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण बारिश का पानी सड़कों से होकर सीधे घरों और धार्मिक स्थलों में भर गया, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई घरों में रखे जरूरी घरेलू सामान, खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री पानी में भींगकर खराब हो गए। वहीं मस्जिद परिसर में पानी भर जाने से फजर की नमाज अदा करने पहुंचे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह होते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और ग्रामीण सड़क पर उतर आए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे रेजाउल शेख, बजहुल शेख, मनीरूल शेख, शमीम शेख एवं बरकत शेख सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों से जलनिकासी की समस्या बनी हुई है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। हर बारिश में लोगों के घरों में पानी घुस जाता है और आम जनता को परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने उधवा-राजमहल फोरलेन को जाम कर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे राहगीरों और यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। करीब दो घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचने से लोगों में और नाराजगी देखी गई। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था और समस्या समाधान का आश्वासन नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। क्षेत्र में जलजमाव की समस्या को लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## मयूरहंड: जयकारों और गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा, महायज्ञ का शुभारंभ

**मयूरहंड (चतरा):** मयूरहंट प्रखण्ड क्षेत्र के सलैया टांड़ में माता शीतला, भैरव शिव एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ हुआ। भक्ति और आध्यात्मिक माहौल के बीच निकाली गई भव्य कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसमें मुख्य रूप से महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थीं। गाजे-बाजे और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने इस धार्मिक उत्सव को एक भव्य रूप प्रदान किया ।कलश यात्रा के यज्ञ स्थल पर पहुँचने के पश्चात विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना शुरू की गई। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञ मंडप में अनुष्ठान प्रारंभ हो चुके हैं, जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है ।आयोजन समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि:र्यह महायज्ञ क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए आयोजित किया गया है। हम सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हैं कि वे इस महायज्ञ में सपरिवार सम्मिलित होकर दर्शन-पूजन करें और पुण्य के भागी बनें।

## जनता के बीच बढ़ी सक्रियता, महिला-पुरुष पार्षद निभा रहे सामाजिक जिम्मेदारी



**साहिबगंज।** कुछ कर गुजरने के इरादों व वादों के साथ नगर परिषद चुनाव जीतने वाले कई वार्ड पार्षद अब अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रदर्शन कर मिसाल बनने में जुटे हुए हैं। सेवा भावना की इस शैली में महिला-पुरूष दोनों वार्ड पार्षद शामिल हैं। शादी-शुदा महिला वार्ड पार्षदों ने अपने पतियों को भी इस सेवा कार्य की ओर आमंत्रित किया है। वहीं कई पुरुष वार्ड पार्षदों की सामाजिक जिम्मेदारियों में उनकी पत्नी भी हाथ बंटाने लगी हैं। जनहित के कार्यों के साथ अब जनसेवा की भावना भी अब बलवंत होने लगी है। इन की दिनचर्या अब अहले सुबह अपने परिवार में नहीं बल्कि समाज रूपी बड़े परिवार में सामाजिक चाय की चुस्की व समस्याओं के जाने के लिए सवालों और उनके समाधान के लिए सलाह के साथ शुरू हो रही है। ऐसे वार्ड पार्षदों के कार्य और उनके व्यवहार की चर्चा अब उनके समाज से निकल कर शहरी स्तर पर होने लगी है। ऐसे ही वार्ड पार्षदों में एलसी रोड वार्ड नंबर-09 की पार्षद रिफत परवीन का है। रिफत अपने काम से जनता का दिल जीतने में लगी हैं। उन्होंने खुद अपने पति के साथ मिलकर 15 वर्ष से साफ नहीं हुए नाली की उसके उपर बने सीढ़ी को निजी खर्च से तुड़वाकर सफाई कराई। इससे लोगों में हर्ष का माहौल है। वार्ड क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने और सुसज्जित बनाने के लिए वार्ड पार्षद रिफत परवीन लगातार प्रयासरत हैं। चौक बाजार, वार्ड नंबर-7 की वार्ड पार्षद सुनीता सिन्हा ने भी अपने वार्ड की समस्याओं के निदान का प्रयास शुरू कर दिया है। इन्होंने अपने पति के साथ मिल कर वार्ड के लिए व्हाट्सअप ग्रुप बनाया है। जहां लोग अपनी समस्या साझा करते हैं। वहीं वार्ड पार्षद उनकी समस्या का समाधान करती हैं। सकरुगढ़ वार्ड नंबर-19 की वार्ड पार्षद वर्षा कुमारी ने भी अपने वार्ड में जनसेवा शुरू कर दी है। इनके पति को सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेते रहते हैं। पति की सेवा भावना का लाभ व अनुभव पत्नी को मिल रहा है। पत्नी के वार्ड पार्षद बनने के बाद पति व पत्नी अब पहले से ज्यादा जवाबदेह और सक्रिय हो गए हैं। कुल मिला कर ऐसे वार्ड पार्षदों के वार्डों में तदबीर से तस्वीर बदलने लगी है।

## संगठन मजबूती और बूथ स्तर पर सक्रियता पर जोर, झामुमो नगर कमेटी की बैठक संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नगर कमेटी की बैठक रविवार को मछुआ सोसाइटी परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष आदित्य यादव एवं संचालन नगर सचिव नुमान अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में जिला कमेटी की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय समिति सदस्य सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका साहिबगंज के अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य बीएलए-2 (BLA-2) के तहत एस.आई.आर. कार्यों की जानकारी देना तथा वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा करना था। नेताओं ने कार्यकताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों को सक्रियता के साथ निभाने और आम लोगों तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया ।बैठक में संगठन विस्तार, बूथ कमेटियों की मजबूती तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई ।इस अवसर पर धर्मराज मंडल, आलोक ओझा, गोपाल मंडल, विनीत पोद्दार, विवेक ओझा, पीयूष मंडल, सरिता देवी, दीपा देवी, वार्ड पार्षद डोम भैया, अभिषेक कुमार, रमीज राजा, वारिस अनवर, तारीख अनवर शाह, कमर, विनोद यादव, अंकित तंबाकूवाला, सिद्धनाथ शर्मा, हलचल यादव, मालू यादव, सोनू सिंह, विकास कुमार, आमिर सोहेल, शमशेर आलम, रंजीत दास, मुकेश दास, सुभाष यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बरहरवा में सातवें दिन भी जारी रहा शेरशाहबादी समाज का महाधरना,प्रेस वार्ता कर प्रशासन पर साधा निशाना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज** ।शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल मुख्यालय परिसर में जारी अनिश्चितकालीन महाधरना रविवार को सातवें दिन भी जारी रहा ।सात दिनों से लगातार चल रहे इस आंदोलन में समुदाय के लोगों का उत्साह और भागीदारी लगातार बढ़ती नजर आ रही है ।धरनास्थल पर बड़ी संख्या में छात्र,युवा,महिलाएं और बुजुर्ग मौजूद रहे ।आंदोलन के सातवें दिन शेरशाहबादी डेवलपमेंट सोसाइटी की ओर से एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया,जिसमें संगठन केपदाधिकारियों ने आंदोलन की पृष्ठभूमि,समुदाय की समस्याओं और प्रशासन के रवैये को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी ।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुखिया मो. इश्तियाक ने कहा कि शेरशाहबादी समुदाय झारखंड सरकार की पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल है,इसके बावजूद वर्षों से समुदाय के लोगों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है। इसका सीधा असर छात्रों और युवाओं पर पड़ रहा है,जो शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों में आरक्षण के लाभ से वंचित हो रहे हैं। पिछले सात दिनों से समुदाय शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है,लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई ।उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन मामले को गंभीरता से लेने के बजाय केवल तकनीकी कारणों का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहा है ।उन्होंने कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल में स्थानीय जांच के आधार पर शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है, जबकि झारखंड में भी वर्ष 2012 तक यह प्रक्रिया लागू थी ।ऐसे में अब प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जाना समुदाय के साथ अन्याय है ।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा ।आने वाले दिनों में जिला स्तर पर बड़े आंदोलन और जनप्रतिनिधियों के घेराव की रणनीति पर भी विचार किया जा रहा है ।धरनास्थल पर दिनभर नारेबाजी का दौर चलता रहा ।आंदोलनकारियों ने एक स्वर में कहा कि जब तक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत नहीं किया जाता,तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा ।मौके पर मोअजमाइल,तोफाइल हक, शकील अहमद,शाहीन अख्तर, वसीम अकरम, मोबास्सेर हुसैन, सोलेमान शेख,मोफक्कार हुसैन,अतिकूर रहमान,महमूद आलम सहित समाज के कई गणमान्य लोग छात्र-युवा एवं सैकड़ों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

# पेटो में ग्रामीणों की बैठकः प्रदूषण कमिटी के 1.45 करोड़ फंड में गबन का आरोप, 17 मई को बनेगी नई कमिटी

**रिपोर्टः जागेश्वर कुमार, झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो**

**ट्रांसपोर्टिंग बंद करने की चेतावनी, ग्रामीणों ने कहा– फंड का सार्वजनिक हिसाब नहीं दिया गया**



**केरेडारी/हजारीबागः** पेटो पंचायत स्थित मध्य विद्यालय प्रांगण में शनिवार को ग्रामीणों की पूर्व निर्धारित बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव ने की, जबकि संचालन उपमुखिया लक्ष्मण साव ने किया।

**1.45 करोड़ के फंड पर उठे सवाल**

बैठक में चट्टी बरियातू एवं केडी माइंस एनटीपीसी से जुड़े किसान, बेरोजगार, विस्थापित एवं प्रभावित लोगों ने प्रदूषण मद में मिलने वाली राशि को लेकर नाराजगी जताई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदूषण के नाम पर मिली राशि का सार्वजनिक वितरण नहीं किया जा रहा है और गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। अध्यक्षता कर रहे पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव ने कहा कि कमिटी गठन के समय से अब तक लगभग 1.45 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार इसका बहुत कम हिस्सा ही वितरित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाकी राशि का कमिटी के कुछ लोगों ने मिलकर गमन कर लिया।

**हर घर में पैसा देना था, लेकिन गमन कर दिया**

संचालन कर रहे उपमुखिया लक्ष्मण साव ने कहा कि एनटीपीसी कमिटी का पैसा प्रत्येक घरों में देने को प्रतिबद्ध थी, लेकिन प्रदूषण के नाम पर कमिटी के पदाधिकारियों ने मिलीभगत कर राशि का गमन कर दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से आय-व्यय का ब्योरा देने के लिए कई बार आमंत्रित किया गया, लेकिन हिसाब नहीं दिया गया। इसके विरोध में ग्रामीणों ने संपूर्ण कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य बंद करने की घोषणा की।

**17 मई को बनेगी नई कमिटी**

नेता रामेश्वर साहू ने कहा कि प्रदूषण मद को व्यक्ति विशेष लाभ न लेकर संपूर्ण पंचायतवासियों को लाभ देने के लिए कमिटी का गठन किया गया था। लेकिन कमिटी ने ईमानदारी नहीं दिखाई और लोगों को वर्गों में बांटकर लाखों रुपये का गमन कर दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतम साहू ने कहा कि यह मामला सिर्फ त्रुटि का नहीं बल्कि लगभग 1.5 करोड़ रुपये के गमन का है। कमिटी की अवधि 2 वर्ष की थी जो समाप्त हो चुकी है। लेखा-जोखा सार्वजनिक न करने से क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने कमिटी को निरस्त करने का निर्णय लिया है। आगामी 17 मई को बैठक कर नई कमिटी का गठन किया जाएगा, जिसमें पंचायत के सभी वार्डों से पदाधिकारियों का चुनाव कर सशक्त कमिटी बनाई जाएगी।

**ग्रामीणों ने की मूलभूत सुविधाओं की मांग**

ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसके अनुरूप सुविधाएं और राहत कार्य नहीं दिख रहे हैं। बैठक में पारदर्शिता के साथ राशि वितरण करने तथा प्रभावित गांवों में सड़क, पानी, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। इस मौके पर राजू साव, चरित्र राम, टिकेश्वर साव, नकुल साहू, नारायण यादव, महावीर साहू, भगीरथ साहू, राजेंद्र साव, रविन्द्र साहू, बिनोद राम, प्रकाश ठाकुर, प्रवील यादव, जितेंद्र कुमार साव, सुभाष साव, राजकुमार साहू, रामेश्वर रजक, रामवृक्ष राम, निजाम अंसारी, कैलेश्वर राम, उत्तम राम, चिंता देवी, कबूतरी देवी, मीना देवी, इतवरिया देवी, झालो देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष एवं नवयुवक उपस्थित थे।

## इंटर विज्ञान टॉपर को सम्मानित किया गया



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बलियापुर /धनबाद।** +2उच्च विद्यालय बलियापुर के छात्र और पहाड़पुर गांव निवासी मजदूर रंजीत महतो व पूर्णिमा देवी का पुत्र बाबेश कु. महतो ने इंटर साइंस में 94.06 प्रतिशत (473) अंक हासिल कर जिले का सेकेंड टॉपर बना। रविवार को प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी व पंचायत समिति सदस्य दिवाकर महतो उनके आवास पहुंचकर अंगवस्त्र ओर उपहार देकर सम्मानित किया और इस शानदार सफलता के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि आपकी मेहनत, लगन और समर्पण को देखकर आप पर गर्व है। आपने पूरे बलियापुर का नाम रौशन किया। उनलोगों ने आगे की पढ़ाई के लिए हर संभव सहयोग करने का बाते कहीं मौके पर शिक्षक स्वपन कुमार महतो, प्रो.ऊषा महतो, पदमा देवी, मंगल महतो आदि मौजूद थे।

# सेल बोकारो स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक का टासरा परियोजना का दौरा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**सिंदरी/चासनाला :** स्टील ऑथरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के बोकारो स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक प्रिय रंजन की टीम रविवार को चासनाला टासरा परियोजना के दौरे पर पहुँचे। दौरे के सर्व प्रथम निदेशक मंडल की टीम अति महत्वाकांक्षी टासरा परियोजना का दौरा किया। जहाँ परियोजना के सम्बंध में प्रोजेक्ट का मानचित्र देखा। स्थानीय प्रबंधन से उत्पादन उत्पादकता व गुणवत्ता की जानकारी ली और विचार विमर्श किया। जहाँ से टीम हर्ल खाद कारखाने सिन्दरी परिसर में निमार्णाधीन नई कोल वाशरी का निरीक्षण करने के बाद आसनबनी स्थित आर एंड आर विस्थापित कॉलोनी का निरीक्षण किया। जिसके बाद चासनाला बी टाईप स्थित ई डी कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बै ठक की। टासरा प्रोजेक्ट की उत्पादन विस्थापितों का पुनर्वास कराने आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी ली। जिसके बाद टीम बोकारो के लिए प्रस्थान किया। इस सम्बंध में टीम ने मीडिया के सामने कुछ भी बताने से परहेज किया। दौरे पर बोकारो स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक प्रिय रंजन, कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक वित्त एस आर भारद्वाज, एवं बी प्रसाद, के एन झा,सेल कोलियरी डिवीजन व सीसीएसओ के ईडी विनीत रावल,जीएम एच आर उदय कुलकर्णी, टासरा जीएम शिवराम बनर्जी, मोः अदनान, आलोक वाडेकर, आदित्य सिंह, अजय चौधरी, शशिकांत, पी एन बी बारीक आदि उपस्थित थे।

# ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, जपला में मदर्स डे की पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**हुसैनाबाद,पलामूः** स्थानीय ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल गणेशपुरी जपला में मदर्स डे की पूर्व संध्या पर शनिवार को भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की माताओं के सम्मान में सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर उत्साह और खुशी के माहौल से सराबोर दिखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उमा देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक रामेश्वर राम विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति, शिवाजी कबड्डी संघ, कवित्री करिश्मा कांस्यकार एवं समाजसेवी प्रदीप पटेल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती एवं भारत माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका खुशी कुमारी द्वारा किया गया।

मदर्स डे के अवसर पर बच्चों की माताओं के लिए चूड़ी प्रतियोगिता, बैलून गेम एवं गेंद डालने जैसे कई खेलों का आयोजन किया गया। सभी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय के बच्चों ने गीत, संगीत, भाषण एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। मदर्स डे पर आधारित प्रस्तुतियों ने मां के प्रति सम्मान और प्रेम का संदेश दिया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी माताओं को स्टॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार चौधरी ने कहा कि मां का स्थान संसार में सबसे ऊंचा होता है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों में संस्कार विकसित करते हैं। वहीं रामेश्वरम उर्फ छठन ने कहा कि विद्यालय द्वारा माताओं को सम्मान देने की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है। उमा देवी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से अभिभावकों और विद्यालय के बीच संबंध मजबूत होते हैं तथा बच्चों को भी सकारात्मक सीख मिलती है। विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और अभिभावकों की सहभागिता से ही शिक्षा का उद्देश्य सफल होता है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह, खुशी कुमारी, गोविंदा कुमार, धर्मशिला कुमारी, अविनाश कुमार, नेहा कुमारी, ब्यूटी कुमारी, निशि कुमारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## करोड़ों की एलइडी लाइट योजना पर उठे सवाल,उद्घाटन से पहले ही लाइटें बंद और झुके पोल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**




**सिंदरी/ धनबाद।** सिंदरी के एफसीआईएल आवासीय कॉलोनी को रात में रोशन करने के लिए हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के सीएसआर वित्तपोषित 10.4 करोड रुपए की लागत से 1425 एलईडी स्ट्रीट लाइट और 15 हाई मास्ट लाइट नगर निगम के सौजन्य से लगाई गई है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि अभी इस योजना का विधिवत उद्घाटन भी नहीं हुआ है और शहर के कई स्थानों पर लगी लाइटें जल नहीं रही है। इतना ही नहीं पोल के नीचे आधार प्लेट पर लगे फाउंडेशन बोल्ट ढीले पाए गए हैं। शनिवार की तेज आंधी ने कुंवर सिंह चौक स्थित 319 नंबर पोल तेज आंधी में झुक गया जिससे एक बड़ा हादसा होने से बाल- बाल बचा। स्थानीयों ने बताया कि इसके आधार प्लेट के नीचे के नट ढीले थें। नगर निगम प्रशासन को तुरंत इन लाइटों की गुणवत्ता जांच करनी चाहिए। जो भी तकनीकी खामियां है उन्हें दुरुस्त करना चाहिए। लॉक नट्स लगाने ,टूटे -बंद लाइटों को दुरुस्त करने और समूची इंस्टॉलेशन की जांच के बाद ही उद्घाटन किया जाए ताकि सीएसआर का पैसा व्यर्थ न जाए और कोई दुर्घटना ना हो। फिलहाल करोड़ों की इस महत्वाकांक्षी योजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं और लोगों की नजर प्रशासन की करवाई पर टिकी हुई है।

## अर्ध निर्मित पानी भरी नाली में मिला 50 वर्षीय मीत लाल हेंब्रम का शव, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**सिंदरी/ धनबाद।** एफसीआईएल के1आवासीय कॉलोनी के समीप स्थिति केवन बस्ती एवं एस एल2 जाने वाले रास्ते पर एक अर्ध निर्मित पानी भरी नाली में एक व्यक्ति का शव मिला । मृतक की पहचान मीतलाल हेंब्रम उम्र लगभग ( 50 वर्ष )पुत्र स्वर्गीय घना हेंब्रम के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही सिंदरी थाना प्रभारी राजेश कुमार एवं ए एस आई एसएन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने शव को नाली से निकलवाया और मौके पर पंचनामा तैयार किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया। मृतक के भाई विश्वनाथ हेंब्रम ने बताया कि उसका बड़ा भाई देहाड़ी मजदूरी किया करता था और नियमित रूप से मदिरा का सेवन करता था। आशंका जताई जा रही है कि शनिवार संध्या की तेज आंधी और बारिश के बीच नशे की हालत में मीतलाल पानी भरी नाली में गिर गया होगा। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण सामने आ सकेगा। इस घटना के बाद बस्ती इलाके में सनसनी फैल गई है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।मीतलाल हेंब्रम अपने पीछे मां ,एक बहन, एक भाई , दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि दोनों बेटे बाहर कहीं मजदूरी का काम करते हैं।

# हजारीबाग प्रेस क्लब में टीपी शाद्वल कैरम बोर्ड टूनार्मेंट 2026 का शुभारंभ, मेयर अरविंद राणा ने किया उद्घाटन

**रिपोर्टः जागेश्वर कुमार, झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो**

**मेयर बोले– खेल अनुशासन और भाईचारे का प्रतीक, पहले चरण में हुए रोमांचक मुकाबले**



**हजारीबागः** हजारीबाग प्रेस क्लब में रविवार को ह्लटीपी शाद्वल कैरम बोर्ड टूनार्मेंट 2026ह्व का भव्य शुभारंभ हजारीबाग नगर निगम के मेयर अरविंद राणा द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों, पत्रकारों एवं खेल प्रेमियों की उपस्थिति से आयोजन स्थल उत्साह और खेल भावना से सराबोर रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर अरविंद राणा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर मेयर ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कैरम जैसे इंडोर खेल मानसिक एकाग्रता और धैर्य को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेयर ने हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देते हैं और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

**पहले चरण में हुए ये मुकाबले**

टूनार्मेंट में निर्धारित सूची के अनुसार मुकाबले खेले गए। पहले चरण में कुणाल सिंह बनाम रूपेश कुमार दास, प्रदीप पाठक बनाम शशांक शेखर, रवि सिंह बनाम दीपक सिंह, अर्जुन टुडू बनाम अविरल लाल बिहारी, आशीष यादव बनाम एजाज आलम, मुरारी सिंह बनाम सितेश तिवारी, विवेक सिंह बनाम संजय लाल विश्वकर्मा, फैज अनवर बनाम अनिल राम, कृष्णा गुप्ता बनाम प्रदीप सिन्हा, अपराजिता पांडे बनाम कलाम खान, सागर कुमार बनाम रूपांशु चौधरी, अनुज सिन्हा बनाम सुशांत सोनी एवं रवि शर्मा बनाम सुमन सिन्हा के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, वहीं दर्शकों ने भी तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति ने बताया कि टूनार्मेंट के आगामी चरणों में विजेता खिलाड़ियों के बीच मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

## धनबाद नगर निगम में हर हफ्ते दो दिन लगेगा जनता दरबार




**सिंदरी/धनबाद ।** धनबाद नगर निगम में पहली बार जनता दरबार की शुरूआत हो रही है। नगर आयुक्त आशीष गंगवार की पहल पर अब हर हफ्ते दो दिन जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र के लोग अपनी शिकायतों को लेकर नगर आयुक्त से मिल सकते हैं। प्रधान कार्यालय में लोग अपनी शिकायतों को लेकर जनता दरबार में शामिल हो सकते हैं। नगर निगम में मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार लगेगा। सुबह 11 बजे से एक बजे तक लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। ऑन-द-स्पॉट समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। राजकीय अवकाश छोड़कर हर हफ्ते जनता दरबार लगेगा। जनता दरबार में न केवल शिकायतों को सुना जाएगा बल्कि अगर कोई सुझाव देंगे तो उसे स्वीकार किया जाएगा। अबतक जनता दरबार लगाने की परंपरा जिला प्रशासन के कार्यालय में है। पहली बार नगर निगम नई पहल कर रहा है।

## छतरपुर में कानून व्यवस्था को लेकर नगर अध्यक्ष ने डीआईजी से की मुलाकात

**अरविंद कुमार गुप्ता ने पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी कौशल किशोर से उनके कार्यालय वेश्म में शिष्टाचार मुलाकात कर छतरपुर नगर पंचायत की कानून व्यवस्था एवं नगर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।**



**छतरपुरः** छतरपुर नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन ने डीआईजी के समक्ष नगर क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर सहयोग का आग्रह किया।मुलाकात के दौरान नगर अध्यक्ष ने कहा कि पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी कौशल किशोर एक युवा, ऊजार्वान एवं अनुभवी आईपीएस अधिकारी हैं। उनके नेतृत्व और प्रशासनिक अनुभव का लाभ निश्चित रूप से पलामू जिले को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत के समन्वय से छतरपुर में बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित होगी।वहीं डीआईजी कौशल किशोर ने नगर अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन आम जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नगर के विकास और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में हरसंभव सहयोग देने की बात कही।मुलाकात के दौरान नगर क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था, बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। इस अवसर पर नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र के विकास एवं शांति व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

## पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि संदीप पासवान ने दिवंगत सरजू प्रसाद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित किया

**पूरे पिपरा प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों के नेता एवं कार्यकताओं ने भाग लिया**



**पिपराः** हरिहरगंज सोमवार को पिपरा प्रखंड ग्राम वरदाग निवासी सरजू प्रसाद यादव उर्फ अकेला की शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया.दिवंगत सरजू प्रसाद यादव उर्फ अकेला की पलामू के पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि संदीप पासवान, मुलायम सिंह यादव, रेखा यादव, प्रदीप पासवान, अवधेश यादव,मुन्ना सिंह, राजन पासवान, इंदल यादव, मुकेश यादव, सत्येंद्र यादव, उपेंद्र शर्मा ,भरत शर्मा, बिरजाराम, राजकुमार यादव, रामप्रवेश विश्वकर्मा, ज्वाला पासवान, सत्येंद्र यादव, पंडित जी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, प्रसाद बैठा आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया. जिसमें पूरे पिपरा प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों के नेता एवं कार्यकताओं ने भाग लिया. पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि संदीप पासवान ने कहा कि सरजू प्रसाद यादव के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई. उन्होंने कहा कि आज हमारे गांव के बहुत ही तेज तर्रार एवं बुद्धिजीवी गार्जियन का देहांत हो गया है मन बहुत विचलित है उनके चले जाने से हमारे गांव का भरपाई करना इतना आसान नहीं है बहुत ही दुखद खबर भगवान उनके आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें विनम्र श्रद्धांजलि सत सत नमन किया है।

## 25 दिनों बाद जला ट्रांसफार्मर बदला, गांव में लौटी बिजली; पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता के प्रति ग्रामीणों ने जताया आभार



**हैदरनगर,पलामूः** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हैदरनगर प्रखंड के ग्राम लोहरपुरा में पिछले 25 दिनों से 100 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर जला हुआ था। ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण पूरे गांव में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। भीषण गर्मी के बीच बिजली नहीं रहने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया था। बच्चों की पढ़ाई, पेयजल आपूर्ति और दैनिक कार्यों पर भी इसका असर पड़ रहा था।ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। आखिरकार गांव के लोगों ने अपनी समस्या पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के समक्ष रखी। ग्रामीणों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए पूर्व विधायक ने तत्काल पहल की और संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर नया 100 केवी ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।ट्रांसफार्मर लगते ही गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बिजली आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के प्रति आभार व्यक्त किया।ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से बिजली संकट के कारण काफी दिक्कतें हो रही थीं, लेकिन पूर्व विधायक के हस्तक्षेप से समस्या का त्वरित समाधान हुआ। गांव के लोगों ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है।

# भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ स्वर्ण कलश स्थापना एवं शांतिनाथ विधान का प्रथम दिवस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**श्री दिगंबर जैन मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भजन संध्या ने बांधा समान**



**हजारीबाग:** हजारीबाग श्री दिगंबर जैन मंदिर, बड़ा बाजार, हजारीबाग में आयोजित द्वि-दिवसीय स्वर्ण कलश स्थापना एवं श्री 1008 शांतिनाथ विधान के प्रथम दिवस का आयोजन अत्यंत भक्तिमय एवं धर्ममय वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिनवाणी की मधुर स्वर लहरियों एवं भक्ति भाव से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम को अलौकिक स्वरूप प्रदान किया।कार्यक्रम के तहत विभिन्न वेदियों में शांतिधारा एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन श्रद्धा और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ।श्री 1008 आदिनाथ भगवान की वेदी में प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य रोहित-शशि बड़जात्या परिवार तथा द्वितीय शांतिधारा निर्मल एवं राजीव बिनायका परिवार को प्राप्त हुआ।श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान की वेदी में प्रथम शांतिधारा श्रीमती राजमति जी, मनोज-कविता, अमन, यशि एवं रंगोली सेठी परिवार द्वारा तथा द्वितीय शांतिधारा श्री अमित-मीनू एवं ऋषभ विनायका परिवार द्वारा सम्पन्न हुई।श्री 1008 महावीर भगवान की वेदी में प्रथम शांतिधारा श्री आनंदलाल जी अजमेरा एवं द्वितीय शांतिधारा श्री मदन-सुलोचना, मनीष-ममता पाटनी परिवार द्वारा सम्पन्न कराई गई।विधान परिसर स्थित श्री 1008 शांतिनाथ भगवान की वेदी में प्रथम शांतिधारा श्री राजकुमार जी, असित कुमार जी, अमृत कुमार जी, पवन रतन, अलका, नैनिश, अमन, चेतन एवं अभय समस्त पाटनी परिवार द्वारा तथा द्वितीय शांतिधारा सुनील-सुनीता एवं आयुष राँवका परिवार द्वारा सम्पन्न हुई।ध्वजारोहण का पुण्यार्जन मदन-सुलोचना, मनीष-ममता पाटनी परिवार एवं नागेंद्र-मंजू, सन्नी-श्वेता विनायका family को प्राप्त हुआ। विधान के मुख्य कलश स्थापना कर्ता के रूप में दीपक-अलका सेठी, कोलकाता रहे। वहीं महाआरती का पुण्य स्वर्गीय किशनलाल जी सपरिवार को प्राप्त हुआ।चार कलश स्थापना कर्ता के रूप में रश्मि अजमेरा, सुलोचना विनायका, मंजुला रारा एवं कनक गंगवाल ने पुण्यार्जन किया। अष्ट प्रातिहार्य में मैना राँवका,अनिता विनायक, माया विनायका, आशु अजमेरा, श्वेता बड़जात्या, पायल सेठी, मीनाक्षी लुहाड़िया एवं नीता लुहाड़िया शामिल रहीं।दीप प्रज्ज्वलन पायल सेठी, रजनी विनायका, श्वेता बड़जात्या, श्रीमती रश्मि सेठी एवं मीनाक्षी लुहाड़िया द्वारा किया गया। वहीं शास्त्र विराजमान का पुण्य श्रीमती किरण देवी एवं अंकुर पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ।संध्या में आयोजित महाआरती एवं भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाहर से आए प्रसिद्ध संगीतकार आस्तिक एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।मीडिया हेड विजय लुहाड़िया ने बताया कि श्री दिगंबर जैन पंचायत, हजारीबाग सभी प्रायोजकों, सहयोगी परिवारों एवं श्रद्धालुओं का अनुमोदन, अभिनंदन एवं मंगल शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।कार्यक्रम की सफलता में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष नागेंद्र विनायका एवं महामंत्री संजय अजमेरा सहित समाज के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, लूना बाइक और मोबाइल भी जब्त

**चतरा** :पुलिस कप्तान चतरा के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत राजपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को 06 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।मिली गुप्त सूचना के आधार पर करवाई की गई ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताए कि राजपुर थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम ने हेसापासम रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध टीवीएस लूना को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें आरोपी के पास से 06 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ।इसका अनुमानित मूल्य 60हजार रुपया आंका गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलीप ठाकुर, पिता गांगो ठाकुर, निवासी कान्हाचट्टी, थाना राजपुर, जिला चतरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक भूरे रंग की ळश्र लूना (JH13F-4898) तथा एक रियलमी नार्जो एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किया है।छापेमारी दल में थाना प्रभारी रुपेश कुमार, पुअनि संदीप प्रसाद वर्मा एवं राजपुर थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे

## खेत के कुएं में डूबने से युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**कटकमसांडी**, (हजारीबाग )कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम जोलडीहा में रविवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां खेत किनारे बने कुएं से एक युवक का शव बरामद होने के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बिनोद यादव (उम्र लगभग 35-40 वर्ष), ससुर भुनेश्वर यादव, निवासी ग्राम जोलडीहा, पंचायत कटकमसांडी के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने खेत के पास बने कुएं में शव देखे जाने की सूचना दी, जिसके बाद शाम करीब 4 बजे शव को कुएं से बाहर निकाला गया। घटना की खबर मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।मृतक अपने पीछे दो छोटे बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं। इनमें एक बेटी की शादी आराभुसाही में हुई है। बताया जा रहा है कि बिनोद यादव जोलडीहा में घरजमाई के रूप में रह रहे थे।घटना को लेकर परिजनों ने आशंका जताई है कि बिनोद यादव की हत्या कर शव को कुएं में फेंका गया है। परिजनों के आरोप के बाद मामला और गंभीर हो गया है।घटना की सूचना मिलते ही कटकमसांडी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच करते हुए घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रमुख नागरिक गोष्ठी संपन्न



**बरही** (हजारीबाग )बरही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बरही अनुमंडल स्तरीय प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन स्थानीय प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अ० भा० कार्यकारिणी सदस्य आदरणीय अद्वैत चरण दत्त जी उपस्थित हुए।इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय अद्वैत चरण दत्त और कोडरमा जिला सह संघचालक मा०दयानंद चौरसिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और पुष्पांजली कार्यक्रम के साथ किया गया।मंच संचालन सह अतिथि परिचय का कार्यक्रम सुबोध पांडेय के द्वारा किया गया। संघ की प्रस्तावना उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव के द्वारा प्रस्तुत की गई।स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए केंद्रीय टोली सदस्य अद्वैत चरण दत्त ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्रर) ने 1925 में स्थापना के बाद से हिंदू समाज को एकजुट करने, चरित्र निर्माण, और निस्वार्थ सेवा के माध्यम से देश में एक बड़ा सांस्कृतिक व सामाजिक प्रभाव डाला है। मुख्य उपलब्धियों में कश्मीर सीमा की सुरक्षा, 1962/1965 के युद्धों में सहयोग, गोवा मुक्ति संग्राम,1.29 लाख से अधिक सेवा कार्य (शिक्षा, स्वास्थ्य) और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना शामिल है।आरएसएस की प्रमुख उपलब्धियांःसामाजिक समरसता और सेवाः संघ ने छुआछूत और सामाजिक भेदभाव को मिटाने के लिए 'एक कुआं, एक मंदिर, एक श्मशान' का संदेश दिया है। सेवा भारती के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, और आदिवासी कल्याण के क्षेत्र में लाखों सेवा कार्य संचालित हैं।राष्ट्रीय सुरक्षा और आपदा प्रबंधनः 1962 के भारत-चीन युद्ध और 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान स्वयंसेवकों ने सीमा पर और देश के भीतर कानून-व्यवस्था संभालने में महती भूमिका निभाई। प्राकृतिक आपदाओं (बाढ़, भूकंप) के समय संघ स्वयंसेवक सबसे पहले राहत कार्यों में जुटते हैं।राष्ट्रवादी चेतना का प्रसारः शाखाओं के माध्यम से संघ ने देश भर में राष्ट्रवाद की विचारधारा और हिंदू संस्कृति के प्रति गौरव की भावना को जाग्रत किया है।कश्मीर और गोवा का विलयः 1947 में कश्मीर सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठ की निगरानी करने और 1954-55 के गोवा मुक्ति संग्राम में पुर्तगालियों के खिलाफ संघर्ष में संघ की सक्रिय भूमिका थी।अखिल भारतीय नेटवर्क (शाखाएं)ः 83,000 से अधिक दैनिक शाखाओं के साथ, संघ दुनिया के सबसे बड़े स्वैच्छिक संगठनों में से एक है, जो युवा पीढ़ी में अनुशासन और संस्कार पैदा करता है।स्वदेशी और आत्मनिर्भरताः संघ परिवार के विभिन्न संगठन (जैसे- भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच) देश में स्वदेशी, आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के लिए काम कर रहे हैं। अंत में जिला सह संघ चालक दयानंद चौरसिया ने धन्यवाद ज्ञापन कर गोष्ठी कार्यक्रम को पूर्णता प्रदान की। इस प्रमुख गोष्ठी में कुल संख्या 274 जिसमें मातृशक्ति की सहभागिता 66 रही।इस गोष्ठी में कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक प्रमुख कार्यकर्ता सम्मिलित हुए

## रविंद्र नाथ टैगोर का 165 वां जन्मदिवस रविंद्र नाथ विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**सिंदरी/ धनबाद।** शनिवार 9 मई 2026 को रविंद्र नाथ विद्या मंदिर में विश्व कवि रवींद्र नाथ टैगोर का 165 वां जन्म दिवस बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सचिव श्री एस चटराज द्वारा टैगोर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें आकर्षक नृत्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां शामिल रही। बच्चों की इन प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को रविंद्र संगीत की सुगंध से भर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिवली बनर्जी ने किया। समारोह में विद्यार्थी, शिक्षक गण और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर टैगोर के शिक्षण दर्शन, साहित्य और संगीत की महत्ता पर भी चर्चा की गई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि टैगोर के आदर्शों को अपनाते हुए विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रेरित किया जाएगा। रविंद्र नाथ विद्या मंदिर में आयोजित यह कार्यक्रम टैगोर के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सुंदर माध्यम साबित हुआ।

## रांची पुलिस ने किया बड़े सॉल्वर गैंग का खुलासा, छह गिरफ्तार, कई सामान जब्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** एसएससी जीडी कांस्टेबल परीक्षा 2026 में छात्रों को पास करवाने के लिए सॉल्वर गैंग हाईटेक साजिश का रांची पुलिस ने खुलासा किया है। सटीक सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने सीआईडी और इंडियन साइबर को-ऑर्डिनेशन सेंटर की सहायता से छह अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है।रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने रविवार को बताया कि एसएससी जीडी कांस्टेबल 2026 परीक्षा की प्रथम पाली की परीक्षा केन्द्र द फ्यूचरिस्टिक ऑनलाइन एग्जामेशन सेंटर (सेंटर कोड 160513) पर परीक्षा के दौरान लैब-01 के कुछ कंप्यूटर सिस्टम के मॉनिटर में सिस्टम का क्रशर अपने आप चलने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना स्थानीय पुलिस को और प्रतिनियुक्त परीक्षा नोडल पदाधिकारी को भी दी गई।सूचना प्राप्त होते ही रांची पुलिस की ओर से सहायक पुलिस अधीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में कई टीम गठित कर विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा सेंटर के सेंटर सुपरीटेंडेंट और सेंटर आईटी हेड के साथ छह अभ्यर्थियों के विरुद्ध सुखदेवनगर (पंडरा) थाना में मामला दर्ज कराया गया।सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि परीक्षा के दौरान जांच में देखा कि 6 अभ्यर्थियों की कंप्यूटर स्क्रीन का क्रशर अपने आप ही चल रहा है। अभ्यर्थी सिर्फ कंप्यूटर को देख रहे थे और उनके प्रश्न पत्र अपने आप सॉल्व हो रहे थे। मामले में गहरी साजिश को देखते हुए उन्होंने तुरंत रांची पुलिस को मामले की जानकारी दी।सिटी एसपी के अनुसार, जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि सभी 6 कंप्यूटर का रिमोट एक्सेस कहीं और से था और सॉल्वर गैंग वहीं से प्रश्न को हल कर रहे थे। प्रश्न को सॉल्व करने के लिए किसी दूसरे शहर में मास्टर कंप्यूटर को तैयार किया गया था।पुलिस की जांच में अब तक या जानकारी सामने आई है कि हरियाणा के सॉल्वर गैंग इस कांड में शामिल थे। छात्रों को पास करवाने के लिए 10-10 लाख रुपये में डील फाइनल हुई थी। इस परीक्षा के जरिए बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी आईटीबीपी और असम राइफल्स में कांस्टेबल की भर्ती होनी है।घटनास्थल से पुलिस ने छह कंप्यूटर, दो सीसीटीवी का डीवीआर, दो फायरवॉल, एक एयरटेल का राउटर, एक जियो का राउटर, एक सीपीयू, छह एडमिट कार्ड, पांच मोबाईल, एक टैब बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों में ऋषिकेश कुमार यादव, आर्यन कुमार, राहुल कुमार, रवि रंजन कुजूर, राजकुमार और अनु कुमारी शामिल है।

## एनएमएल केरेडारी में मातृ दिवस का भावपूर्ण आयोजन, सहयोगी कार्यबल की माताओं को किया सम्मानित

रिपोर्टः जागेश्वर कुमार, झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो

**संस्कृती महिला समिति के मार्गदर्शन में हुआ कार्यक्रम, अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीखंडे बोलीं– माताओं का सम्मान एक दिन तक सीमित न रहे**




**केरेडारी/हजारीबागः** एनएमएल केरेडारी में मातृ दिवस को केवल एक उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि माताओं के त्याग, समर्पण और निःस्वार्थ प्रेम को सम्मान देने के उद्देश्य से भावपूर्ण तरीके से मनाया गया। संस्कृती महिला समिति के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्नेह, सम्मान और आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला।

**सहयोगी कार्यबल की माताओं का सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान सहयोगी कार्यबल की माताओं को उनके अथक परिश्रम, परिवार एवं कार्यस्थल के प्रति समर्पण और महत्वपूर्ण योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

**मातृत्व साहस और सशक्तिकरण का प्रतीक**

इस अवसर पर संस्कृती महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा श्रीखंडे तथा उपाध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में श्रीमती पूर्णिमा श्रीखंडे ने कहा कि मातृ दिवस हमें माताओं के त्याग, समर्पण और निःस्वार्थ स्नेह को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि माताओं का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके योगदान को सदैव आदर मिलना चाहिए। वहीं श्रीमती मीनाक्षी सक्सेना ने मातृत्व को साहस, संवेदना और सशक्तिकरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन मातृत्व की भावना और उसके मूल्यों को सम्मान देने का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम का समापन संस्कृती महिला समिति एवं सहयोगी कार्यबल के बीच आत्मीय संवाद और विचार-विमर्श के साथ हुआ, जिसने इस अवसर को सभी के लिए यादगार और भावनात्मक बना दिया।

## मदर्स डे पर रजा यूनिटी फाउंडेशन अमडापाडा पाकुड़ द्वारा अस्पताल में बांटे फल और डॉयफ्रूट और अन्य जरूरत के सामान

अमर भगत@ झारखंड उजाला संवाददाता



**अमड़ापाड़ा :** मरीजों के चेहरे पर आई मुस्कान देख अन्य मजूद लोगो ने फाउंडेशन की सराहना की मौके पर मौजूद प्रभारी डॉक्टर खालिद अहमद डॉक्टर शिवम औ? अन्य कार्यरत स्टाफ लोगो ने काफी सराहना की ।रजा यूनिटी फाउंडेशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस (टङ्मह्लँी१'२ ऊं८) के पावन अवसर पर एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रजा यूनिटी फाउंडेशन के सदस्यों ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरापड़ा पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों, विशेषकर माताओं को फल और ड्राइफ्रूट वितरित किए।फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष मो० महफूज आलम ने बताया कि ₹मां निस्वार्थ प्रेम और त्याग की प्रतिमूर्ति है। आज के दिन अस्पताल में उपचाराधीन माताओं के साथ समय बिताकर और उन्हें अल्पहार भेंट कर हमें आत्मिक शांति मिली है।₹ इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने मरीजों का हाल-चाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।अस्पताल के प्रभारी डॉ खालिद अहमद, डॉ शुभम कुमार और वहां मौजूद मरीजों ने फाउंडेशन के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर फाउंडेशन के अन्य सदस्य मो० इम्तियाज अंसारी, सरफराज आलम, जहांगीर आलम, मो० आर्यन, जहांगीर अंसारी भी मौजूद रहे।

## बड़कागांव में लड़ाई-झगड़े के दौरान युवक को चाकू मारी, अस्पताल में भर्ती



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बीच-बचाव करने गए जॉनसन राम घायल, पुलिस जांच में जुटी**

**बड़कागांव/हजारीबाग:** बड़कागांव थाना क्षेत्र के भुइंया टोली में शनिवार देर शाम करीब 7:30 बजे आपसी विवाद के दौरान एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घायल 26 वर्षीय जॉनसन राम, पिता जागेश्वर राम, को तुरंत बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसे चेहरे एवं माथे पर चोटें आई हैं।

**बीच-बचाव में हुआ हमला**

घटना के संबंध में घायल जॉनसन के भाई पंकज राम ने बताया कि भुइंया टोली स्थित पीपल पेड़ के पास कपिल भुइंया, राजा भुइंया एवं मुकेश राम के बीच झगड़ा हो रहा था। इस दौरान जॉनसन बीच-बचाव करने गया और लोगों को हटाने का प्रयास कर रहा था। इसी बीच कपिल भुइंया ने उस पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसके माथे और चेहरे पर गंभीर चोट आई।

**पुलिस जांच शुरू**

बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को सूचना मिलते ही उनके निर्देशन में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।


## झारखंड सरकार की 'भाषा नियमावली' युवाओं को रोजगार देने के बजाय नियुक्तियां फंसाने का हथियार बन चुकी हैः छात्र युवा अधिकार संघ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**हजारीबागः** हजारीबाग छात्र युवा अधिकार संघ हजारीबाग इकाई ने स्थानीय गांधी मैदान में बैठक कर झारखंड में रोजगार नियुक्ति शिक्षा से जुड़े मुद्दे पर बैठक कर आगामी गतिविधियों पर चर्चा की।बैठक की अध्यक्षता कर रहे जीवन यादव ने कहा कि झारखंड में सरकारी नियुक्तियों की स्थिति आज अत्यंत चिंताजनक हो गई है। राज्य सरकार बार-बार 'भाषा नियमावली' के नाम पर भर्ती प्रक्रियाओं को उलझाने का काम कर रही है।पेपर लीक और गिरोह पर नियंत्रण नहीं।जेपीएससी जेएसएससी जैसी संस्थाओं से छात्रों की विश्वसनीयता घटी है। ₹छात्र युवा अधिकार संघ₹ का कहना है कि यह महज प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ की जा रही एक सुनियोजित साजिश है।रविंद्र पासवान ने कहा कि झारखंड का शिक्षित युवा वर्षों से नियुक्तियों की प्रतीक्षा में है, लेकिन सरकार हर बार नियमों में ऐसी खामियां छोड़ देती है जो अंततः कानूनी पेच में फंस जाती हैं। इससे न केवल नियुक्तियां बाधित होती हैं, बल्कि अभ्यर्थियों का बहुमूल्य समय और अवसर भी नष्ट हो रहा है।10 वर्षों में JTET परीक्षा का आयोजित न होना,सरकार और प्रशासन का छात्रों के प्रति उदासीन रवैया को दशार्ता है।राधे मेहता ने कहा कि सरकार बार-बार नियमावली बदलकर नियुक्तियों को अधर में लटका रही है, जिससे स्पष्ट होता है कि उसकी मंशा रोजगार देने की नहीं, बल्कि प्रक्रिया को खींचने की है।बार बार पुलिस छ्रऊ की भर्ती का आवेदन लेकर भर्ती को वर्षों तक खींचना,दरोगा ब्लॉक एज्यूकेशन ऑफिसर जैसे पदों की भर्ती को इतने समय बाद में नहीं लाना उनकी मंशा को दिखाता है।अभिषेक कुमार ने कहा कि परीक्षाओं में बाहरी भाषाओं का अनर्गल प्रयोग और क्षेत्रीय भाषाओं की उपेक्षा झारखंडी युवाओं को उनकी अपनी ही माटी में मिलने वाले अवसरों से वंचित करने का प्रयास है।ये एक साजिश है जिसमें झारखंड के छात्रों की भागेदारी कम करके अन्य राज्य के छात्रों को स्थापित करना है।विनय कुमार ने कहा कि रोजगार की तलाश में राज्य का शिक्षित युवा मानसिक तनाव झेल रहा है और अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर है। सरकार का यह उदासीन रवैया राज्य के विकास के में बाधा है।नीरज यादव और देव कुमार ने कहा कि सरकार तत्काल दोषमुक्त नियमावली लागू कर पुलिस, दारोगा और शिक्षक भर्ती सहित तमाम रुकी हुई परीक्षाओं को पारदर्शी तरीके से पूरा करे।झारखंड के युवाओं का धैर्य अब जवाब दे रहा है। यदि सरकार ने अपनी नीतिगत साजिशें बंद नहीं कीं, तो छात्र युवा अधिकार संघ राज्यव्यापी आंदोलन को और तेज करेगा।

## फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर 8.52 करोड़ की ठगी, एक गिरफ्तार




**रांची** ।झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सीआईडी ने एक साइबर अपराधी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बृजेश सिंह के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले का रहने वाला बताया गया है।डीएसपी नेहा बाला ने रविवार को बताया कि गत 10 मार्च 2026 को साइबर क्राइम थाना कांड संख्या 27/26 दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसे व्हाट्सएप के माध्यम से एफएक्सपीआरओ ग्रुप सीसी नामक ग्रुप से जोड़ा गया और बाद में एक वेबसाइट के जरिए फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करने का झांसा दिया गया।जांच में सामने आया कि ठगों ने अलग-अलग बैंक खातों में निवेश के नाम पर पैसे जमा कराए और शुरूआत में मुनाफा दिखाकर विश्वास जीत लिया। इसके बाद पीड़ित से लगातार बड़ी रकम निवेश कराई गई। मामले में कुल करीब 8.52 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की पुष्टि हुई है।तकनीकी अनुसंधान और साक्ष्यों के आधार पर सीआईडी की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के पास से मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड और चेकबुक सहित कई अहम दस्तावेज बरामद किए हैं।

# भाजपा को परखने के औजार बदलने होंगे



सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

राष्ट्रवाद को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर अनेक विचारक स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत का राष्ट्रवाद संकीर्ण पश्चिमी राष्ट्रवाद से सर्वदा विपरीत है। पश्चिमी मीडिया भारत को अक्सर यूरोपीय राजनीतिक अनुभवों के चश्मे से देखने की कोशिश करता है। वहां राष्ट्रवाद का अर्थ सत्ता विस्तार व नस्लीय वर्चस्व रहा है। भारतीय जनता पार्टी की बंगाल जीत ने केवल राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक विश्लेषकों का भी ध्यान आकर्षित किया है। सभी अपने-अपने मापदण्डों पर इस चुनाव परिणाम को परख रहे हैं परन्तु पुराने ढर्रों पर चलते हुए फिर से गलती पर गलती दोहराते लगते हैं। यहां के विपक्ष की मानें तो यह एसआईआर के प्रयोग से निकला विजयमार्ग है तो विदेशी विश्लेषक फिर से जिंगल बैल जिंदल बैल की तरज पर साम्प्रदायिकता का गीत गाने लगे हैं। इन पांच राज्यों के चुनाव परिणाम बताते हैं कि भाजपा ने कहीं पहली बार पांव जमाए हैं, कहीं वह फिर से सत्ता में आई है तो कहीं उसने अपना जनाधार बढ़ाया है। अगर केरल जैसे राज्य में वामपंथी दलों को भाजपा के प्रभाव के डर से अयप्पा के दर्शन करने पड़ें, भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से बंजर कहे जाने वाले बंगाल में कमल की फसल लहलाने लगे, द्रविड़ राजनीति के केंद्र तमिलनाडू में उसकी आहट सुनने लगे यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि विरोधी इस दल को गलत औजारों से परख रहे हैं। विरोधी भूलते हैं कि देश का मतदाता मदिहीन नहीं है, वह सुशासन व विकास को अपनी पसंद बनाता जा रहा है। अगर कोई दल संविधान के अनुरूप काम करते हुए जनता की पसंद बन रहा है तो विरोधियों को भी अपनी सोच बदलनी होगी।

भाजपा केंद्र और बहुत से राज्यों में वर्षों से शासन में है। अंधविरोध के चरम पर जा कर भी शासन व संवैधानिक व्यवस्था के किसी मान्य मापदण्ड पर विपक्ष अभी तक ऐसा कोई मुद्दा तराश नहीं पाया है जो जनता को भी मान्य हो। यहां तक कि प्रधानमंत्री कई बार चुटकी ले चुके हैं कि सार्वजनिक जीवन में विपक्ष उनकी कोई तथ्यात्मक आलोचना करने में असफल रहा है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में भाजपा के सत्ता तक पहुंचते ही वैश्विक वैचारिक गलियारों में भी बेचैनी पैदा हो गई है। विदेशी मीडिया के बड़े हिस्से ने भारत में लोकतंत्र, अल्पसंख्यक अधिकार और चुनावी निष्पक्षता पर अचानक सवाल उठाने शुरू कर दिए। बीबीसी, न्यूयॉर्क टाइम्स, द गार्जियन और अल जजीरा जैसे मंचों पर फिर से यह विमर्श तेजी से गढ़ा जाने लगा कि भारत हिन्दू राष्ट्रवाद की ऐसी दिशा में बढ़ रहा है, जहां लोकतंत्र व बहुलता खतरे में है। विदेशी मीडिया में ज्यादा चर्चा बंगाल की है। सवाल यही है कि क्या चिंता वास्तव में लोकतंत्र की है या उस सियासी बदलाव की, जिसने दशकों पुराने वामपंथ और छद्मधर्मनिरपेक्षता के वैचारिक गढ़ को ध्वस्त कर दिया? जब भाजपा हारती है, तो विदेशी मीडिया भारत की लोकतांत्रिक परिपक्वता की तारीफ करता है, पर जैसे ही वह निर्णायक जनादेश लेकर आती है, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया संदेह और संस्थागत संकट की भाषा में बदल जाती है। श्रेष्ठभावना से ग्रसित पश्चिमी जगत कहीं यह तो नहीं मानता कि भारतीय मतदाताओं में राजनीतिक समझ का अभाव है ?



राष्ट्रवाद को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर अनेक विचारक स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत का राष्ट्रवाद संकीर्ण पश्चिमी राष्ट्रवाद से सर्वदा विपरीत है। पश्चिमी मीडिया भारत को अक्सर यूरोपीय राजनीतिक अनुभवों के चश्मे से देखने की कोशिश करता है। वहां राष्ट्रवाद का अर्थ सत्ता विस्तार व नस्लीय वर्चस्व रहा है। जबकि भारत में राष्ट्रवाद सांस्कृतिक, सभ्यतागत पहचान और ऐतिहासिक आत्मबोध से जुड़ा है। इसे विदेशी मीडिया समझ नहीं पाता। इसीलिए वो हमारे सांस्कृतिक पुनर्जागरण को सीधे अल्पसंख्यक-बहुसंख्यकवाद से जोड़ देता है। यही कारण है कि बंगाल में भाजपा की जीत को पश्चिम के विश्लेषकों ने लोकतांत्रिक परिवर्तन के बजाय हिंदू राष्ट्रवादी कब्जे की तरह प्रस्तुत किया गया। एसआईआर पर अर्धसत्य दिखाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिणामों के बाद वोट चोरी का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को भाजपा का आयोग बताया। विदेशी मीडिया ने इन आरोपों को लगभग बिना तथ्य जांचे ही अपने विमर्श का आधार बना लिया। विशेष रूप से एसआईआर को मुस्लिम मतदाताओं को हटाने की साजिश के रूप में पेश किया गया, जबकि हटाए गए 91 लाख नामों में 63 प्रतिशत हिंदू मतदाता थे। बड़ी संख्या में नाम मृत, डुप्लिकेट, स्थायी रूप से स्थानांतरित या फर्जी पाए गए थे। इसके बावजूद विदेशी मीडिया के बड़े हिस्से ने केवल मुस्लिम वोट हटाए गए वाली जिद को प्रमुखता दी। देसी-विदेशी विश्लेषक यह भूल गए कि जिन 20 सीटों पर जाँच के बाद सबसे ज्यादा वोट काटे गए थे, उनमें से ज्यादातर पर टीएमसी ने ही कब्जा जमाया है। इन सीटों में समशेरगंज, लालगोला, भगवानगोला, रघुनाथगंज, मटियाबुर्ज, सूती, मोथाबाड़ी, गोलपोखर, मालतीपुर, चोपड़ा, सुजापुर, राजारहाट न्यू टाउन और बशीरहाट उत्तर शामिल हैं। इन सभी 13 सीटों पर ममता बनर्जी की पार्टी को जीत मिली है। अन्य सीटों की बात करें तो फरक्का सीट पर सबसे ज्यादा 38,222 वोट काटे गए थे, लेकिन वहाँ से कॉन्ग्रेस ने जीत दर्ज की। वहीं भाजपा को जंगीपुर, रतुआ, करनदिघी, केतुग्राम, मानिकचक और मोंतेश्वर जैसी 6 सीटों पर जीत मिली। यह अकेला आँकड़ा ही उस प्रोपेगेंडा की हवा निकाल देता है जिसमें यह दावा किया जा रहा था कि वोटर लिस्ट में सुधार से सिर्फ टीएमसी को नुकसान हुआ और भाजपा को फायदा पहुँचा।

अगर बड़े पैमाने पर देखें, तो जिन 187 सीटों पर 5,000 से ज्यादा वोटर्स के नाम काटे गए थे, वहां भाजपा ने 119 और टीएमसी ने 65 सीटों पर जीत दर्ज की। इन 187 सीटों में से 47 सीटें ऐसी थीं, जहाँ कटे हुए वोटों की संख्या जीत के अंतर से ज्यादा थी। भाजपा ने जो 119 सीटें जीतीं, उनमें से 28 सीटों पर जीत का अंतर कटे हुए वोटों से कम था। इन आँकड़ों से साफ है कि कई सीटों पर कांटे की टक्कर थी और वहाँ कटे हुए वोटों की संख्या जीत के मार्जिन से ज्यादा रही। लेकिन हार का पूरा ठीकरा सिर्फ वोटर लिस्ट सुधार की प्रक्रिया पर फोड़ देना और इसे ही हार की एकमात्र वजह बताना पूरी तरह से भ्रामक और गलत है। सच्चाई यह है कि देसी-विदेशी विश्लेषकों को नरेंद्र मोदी और भाजपा का बढ़ता राजनीतिक विस्तार विदेशी वैचारिक प्रतिष्ठानों की सबसे बड़ी बेचैनी बन चुका है। खास कर उन क्षेत्रों में यह जलन ज्यादा है जो 2024 के आम चुनावों में कांग्रेस को मिली थोड़ी राजनीतिक राहत को लेकर उत्साहित चला आरहा था। आज भाजपा अधिकांश राज्यों में प्रत्यक्ष या गठबंधन के जरिए सत्ता में है। ऐसे में भारत को हिन्दू राष्ट्रवादी लोकतंत्र और एकदलीय प्रभुत्व के खांचे में फिट करने की कोशिशें और तेज होती दिख रही हैं।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे. अगर आप पार्टी करने की सोच रहे हैं, तो अपने अपने अच्छे दोस्तों को बुलाएँ.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएंगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे.

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे. प्यार में अपने अशिष्ट बर्ताव के लिए माफी मांगें.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा या सराहा जाएगा.

## साइबर अपराधियों के बढ़ते हौसलें, आमजन में शिकायत की जानकारी का अभाव

ऐसा नहीं है कि साइबर अपराध केवल और केवल भारत में हो रहे हैं अपितु यह विश्वव्यापी समस्या होती जा रही है। दुनिया के देशों में देखा जाए तो साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान तो यूक्रेन दूसरे स्थान पर है। देश दुनिया में साइबर अपराध के बढ़ते आंकड़े जहां चिंतित करने वाले हैं वहीं यह और भी आश्चर्यजनक और चिंताजनक हालात है कि लाख अवेयरनेस प्रोग्राम व मीडिया में आये दिन साइबर ठगी के समाचारों की भरमार के बावजूद देश में केवल 18 फीसदी लोग ही ऐसे हैं जिन्हें साइबर अपराध होने पर उसकी शिकायत कहां और कैसे करनी है कि जानकारी है। यह तो सरकारी आंकड़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जनवरी-मार्च, 2025 में कराये गये ताजातरीन सर्वे से यह आंकड़ें प्राप्त हुए हैं। दूसरी और यूपीआई से भुगतान में खासा बढ़ोतरी हुई हैं। आज ठेले पर सब्जी बेचने वाले से लेकर दो-पांच रुपए का सामान विक्रेता भी आसानी से यूपीआई से भुगतान प्राप्त कर रहा है। 2022-23 में जहां केवल 38 फीसदी लोग ऑनलाइन पेमेंट करते थे वह आज बढ़कर 50 प्रतिशत के लगभग हो गया है। वास्तविकता तो यह है कि आज ऑनलाइन पेमेंट करना लोगों की आदत में आ गया है। जेब में रुपया-पैसा रखना या कहीं जाते समय साथ पैसा लेजाना लोगों की आदत में अब लगभग नहीं ही रहा है। पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद है और पिछले तीन सालों में ही साइबर अपराध के आंकड़ें तीन गुणा बढ़ गए हैं। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आज मोबाइल पर किसी का नंबर डायल करते ही पहले साइबर अपराध से सचेत रहने की कॉलर ट्यून सुनने को मिलती है और उसके बाद बात होती है।

मोबाइल पर नंबर मिलाते ही नहीं अपितु सोशियल मीडिया के प्लेटफार्म खासतौर से इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर आजकल साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन या ब्लेक मेलिंग से सतर्क रहने का संदेश सुनने को मिलता है। इतने के बावजूद ठगी के आंकड़ें चेताने वाले हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इन रुपों से सबसे अधिक शिकार पढ़े लिखे और समझदार लोग ही हो रहे हैं। लाख समझाइस के बावजूद एक और ठगों के हौसले बुलंद है तो ठगी के शिकार होने वाले लोगों की संख्या और राशि में मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए। ऐसा नहीं है कि साइबर अपराध केवल और केवल भारत में हो रहे हैं अपितु यह विश्वव्यापी समस्या होती जा रही है। दुनिया के देशों में देखा जाए तो साइबर ठगी के मामलों में रशिया



पहले पायदान तो यूक्रेन दूसरे स्थान पर है। इनके बाद चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों सारी दुनिया में सहज पहुंच है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और हौशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा की यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं।

हमारे देश में साइबर ठग या तो किसी तरह का लालच देकर लिंक भेजकर ठगी करते हैं या फिर ड़रा धमकाकर आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। सरकार प्रचार के सभी माध्यमों से बार बार व लगातार आगाह कर रही है कि ठगों द्वारा ड़राने वाले तरीके वास्तविक नहीं है। बैंक कभी भी बैंक डिटेल या ओटीपी ऑनलाइन नहीं मांगते पर पता नहीं कैसे ठगों के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा बैठते हैं। ओटीपी दे देते हैं तो लिंक खोलने के लिए लाख मना करने के बावजूद लिंक खोलकर लुट जाते हैं। पुलिस अधिकारी बन कर जिस तरह से डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का रास्ता अपनाया जा रहा है उस संबंध में अवेयरनेस अभियान के बावजूद ठगी का शिकार होने वालों की संख्या या राषि में कमी नहीं हो रही है। डिजिटल अरेस्ट में डॉक्टर, रिटायर्ड जज, प्रोफेसर, प्रशासनिक अधिकारी सहित संभ्रात वर्ग के लोगों को आसानी से जाल में फंसाकर ठगी हो रही हैं वह भी करोड़ों तक की ठगी के उदाहरण मिल रहे हैं। झूठे मामलों में परिजनों को फंसने से बचाने का झांसा देकर ठगी हो रही है। मजे की बात यह है कि इस स्तर तक ड़र या भयाक्रांत हो जाते हैं कि किसी अन्य या पुलिस से समस्या साझा करने की हिम्मत भी नहीं कर पाते और ठगी के बाद हाथ मलते रह जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट के मामलें तो दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। दरअसल इसमें पुलिस, सरकारी जांच एजेंसी या प्रवर्तन निदेशालय के नकली अधिकारी बन कर इस कदर ड़रा देते हैं कि कई दिनों तक लगातार ऑडियो या वीडियो कॉल करके ठगी का शिकार बना लेते हैं। ऐसा नहीं है कि सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी हो। सरकार व वित्तदायी संस्थाओं द्वारा मीडिया के माध्यम से सजग किया जा रहा है।

## हिंसा का पाठ

पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक बच्ची को अगर कोई शिक्षक बुरी तरह पीटे, कैंची से वार करे और फिर उसे पहली मंजिल से नीचे फेंक दे, तो क्या ऐसे व्यक्ति को बच्चों को पढ़ाने-लिखाने लायक माना जा सकता है? हैरानी है कि दिल्ली में एक प्राथमिक विद्यालय की एक शिक्षिका को स्कूल परिसर में खुद पर इतना नियंत्रण रखना भी जरूरी नहीं लगा कि वह जो कर रही है, उससे बच्ची की मौत हो सकती है। गनीमत रही कि छत से फेंके जाने के बाद बच्ची किसी तरह जिंदा बच गई। लेकिन इस घटना से एक बार फिर यह सवाल उठा है कि स्कूलों में शिक्षक के रूप में नियुक्ति से पहले जरूरी योग्यताएं हासिल करने के लिए तय प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद भी एक व्यक्ति कैसे अपने भीतर की कुंठा को बनाए रख पाता है। स्कूल परिसर में शिक्षक की भूमिका को बुनियादी रूप से भी समझने वाला व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों और बर्ताव को लेकर सजग और संयत रहेगा। मगर किसी भी स्थिति में अगर एक बच्ची के साथ ऐसी घटना होती है तो यह गंभीर चिंता की बात है।


घटना के बाद आरोपी शिक्षिका के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया जरूर शुरू कर दी गई है, लेकिन मामले के ब्योरे से प्रथम दृष्टया यही लगता है कि एक सामान्य मनोदशा का व्यक्ति किसी बच्चे के प्रति ऐसा बर्ताव नहीं कर सकता। अव्वल तो एक शिक्षक के लिए बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के साथ-साथ उनके साथ पेश आने के सलीके का ध्यान रखना जरूरी होता है। यह न केवल पेशागत जिम्मेदारी है, बल्कि कानूनी तौर पर भी बच्चों को स्कूल में पीटना तो दूर, डांटने-फटकने पर भी सख्त मनाही है। अगर कोई शिक्षक इसका ध्यान नहीं रखता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। मगर इसके बावजूद ऐसे शिक्षकों के बेलगाम बर्ताव की खबरें अक्सर आती रहती हैं, जिसमें किसी बच्चे को पीटने या यातना देने की अपनी कुंठा को ड्यूटी का हिस्सा समझ लिया जाता है। ज्यादा दिन नहीं हुए, जब उत्तर प्रदेश के कानपुर के एक निजी स्कूल में पांचवीं कक्षा के एक छात्र के हाथ पर अध्यापक ने सिर्फ इसलिए छेद करने वाली मशीन चला दी कि वह दो का पहाड़ा नहीं सुना सका था। इसी तरह, कुछ समय पहले राजस्थान में जालौर के एक स्कूल में शिक्षक की पिटाई से एक दलित बच्चे की मौत की खबर सुर्खियों में रही थी। वजह सिर्फ यह थी कि बच्चे ने स्कूल की मटकी से पानी पी लिया था।

सवाल है कि एक शिक्षक की जिम्मेदारी और संवेदनाओं को भूल कर कोई व्यक्ति अगर बच्चों के खिलाफ इस तरह के बर्बर व्यवहार करने लगे तो किस कसौटी पर उसे शिक्षक होने के योग्य कहा जा सकता है! शिक्षक बनने की योग्यता हासिल करने के क्रम में प्रशिक्षण की प्रक्रिया से गुजरने के दौरान न केवल पाठ को पढ़ाने के तौर-तरीके बताए जाते हैं, बल्कि बाल मनोविज्ञान और उसकी परतों को ध्यान में रखते हुए व्यवहारगत सलीकों का भी अध्ययन कराया जाता है। इसके बावजूद अगर कुछ शिक्षक अपनी मानसिक दुर्बलता की वजह से बच्चों के प्रति कई बार बर्बरता की हद पार कर जाते हैं तो इसे कैसे देखा जाएगा? अगर कोई शिक्षक किसी तरह की असुविधाजनक मानसिक परिस्थिति से गुजर रहा हो, तो उसे मनोवैज्ञानिक परामर्श या चिकित्सा का सहारा लेना चाहिए। उसकी कुंठा का खमियाजा स्कूल में पढ़ने आए किसी मासूम को क्यों भुगतना पड़े?

## गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ रही है भाजपा, पार्टी के शीर्ष नेताओं की साफगोई कमाल की रही

डिजिटल मीडिया वर्ग के साथ संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी के सारे राष्ट्रीय प्रवक्ता उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं और इस समय भाजपा की ओर से मोदी सरकार की उपलब्धियों का जोरशोर से प्रचार देशभर में किया जा रहा है। इस क्रम में प्रेस कांफ्रेंसों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भाजपा के नेता पहुँच कर मोदी सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों की चर्चा कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम भाजपा की ओर से दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया जिसमें डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों को देशभर से बुलाया गया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके साथ खुलकर संवाद किया। यह वाकई ऐसा कार्यक्रम था जिसमें पार्टी के शीर्ष नेता बेझिझक सारे सवालों के जवाब दे रहे थे। देखा जाये तो आज के इस युग में डिजिटल और सोशल मीडिय ही सबसे बड़ी ताकत बन चुका है इसलिए इस मंच के महारथियों के साथ भाजपा के शीर्ष नेताओं का सीधा जुड़ाव एक अभिनव पहल भी थी।

कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी के सारे राष्ट्रीय प्रवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एक पावरप्वॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये अश्विनी वैष्णव ने उन बड़ी पहलों का जिक्र किया जिससे देश में व्यापक रूप से बदलाव आया और विकसित भारत का आधार तैयार हुआ। अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष की ओर से अक्सर उठने वाले सवालों के जवाब भी अपनी प्रेजेंटेशन के जरिये दिये जिससे कई चीजें स्पष्ट हुईं और भ्रम का वातावरण छँटा।भाजपा के शीर्ष नेताओं ने डिजिटल मीडिया प्रतिनिधियों से सीधे संवाद में स्वीकार किया कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी अति-आत्मविश्वास का शिकार हो गयी थी। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने यह बात मानी कि हमने इस बात पर ठीक से ध्यान नहीं दिया कि 'अबकी बार 400 पार' के नारे का विपरीत असर हो रहा है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने यह भी माना कि आरक्षण के विरोध में जो बात निचले स्तर तक कांग्रेस और उसके एनजीओस ने पहुँचा दी थी उसे भांपने में हमसे देरी हुई और जब तक हमने कदम उठाये तब तक काफी देर हो चुकी थी। पार्टी नेताओं ने यह भी माना कि कई जगह उम्मीदवारों के चयन में खामियां थीं। पार्टी नेताओं ने कहा कि दरअसल लगातार जीत मिलने पर इस तरह का अति-आत्मविश्वास ऊपर से लेकर नीचे तक आ जाता है जिसका दुष्परिणाम देखने को मिला। पार्टी के नेताओं ने माना कि अक्सर भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं की गलतबयानी से पार्टी के लिए शर्मिंदगी हो जाती है, खासकर चुनावों के समय दिये गये विवादित बयानों से ज्यादा असहज स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि अब वह उम्मीदवार चयन के लिए पैमानों को और कड़ा बना रहे हैं। पार्टी नेताओं ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियां बेशुमार हैं और विपक्ष अब तक हमारी एक भी उपलब्धि को नकार नहीं पाया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि विपक्ष सिर्फ विदेशी मामले जाकर देशी राजनीति में हंगामा करना चाहता है लेकिन जनता इसको स्वीकार नहीं करती।



# पटना में ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर डेटा अपडेट करने की अंतिम तिथि 20 मई, शिक्षा विभाग का सख्त निर्देश

एजेंसी

**पटनाः** बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाया है. विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंद्र ने सभी जिलाधिकारियों और जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर शिक्षकों, छात्रों और स्कूलों से जुड़ा पूरा डेटा 20 मई 2026 तक हर हाल में अपडेट कर दिया जाए.

**समीक्षा में सामने आई कई खामियां**

शिक्षा विभाग की हालिया समीक्षा में यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में शिक्षकों और छात्रों की प्रोफाइल अब भी अधूरी है. कई स्कूलों ने अपनी मूलभूत जानकारी तक




पोर्टल पर अपलोड नहीं की है. इसी को देखते हुए विभाग ने सख्त समय-सीमा तय कर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है.

**प्रधानाध्यापक करेंगे छात्र प्रोफाइल अपडेट**

निर्देश के अनुसार, स्कूलों के प्रधानाध्यापक अपने लॉगिन आईडी के माध्यम से छात्रों की प्रोफाइल अपडेट करेंगे. इसमें छात्र का नाम, माता-पिता का विवरण, जन्म तिथि, कक्षा सहित अन्य आवश्यक जानकारियां शामिल होंगी. साथ ही स्कूल से जुड़ी सभी सूचनाएं भी पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी.

**शिक्षक प्रोफाइल की जिम्मेदारी डीपीओ को**

शिक्षकों के प्रोफाइल को अपडेट करने की जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) को दी गई है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि पोर्टल के शिक्षक मॉड्यूल में यदि किसी शिक्षक के नाम के आगे लाल रंग दिखता है, तो इसका मतलब है कि जानकारी अधूरी है और उसे तुरंत भरना अनिवार्य है. वहीं हरे रंग का मतलब है कि डेटा पूर्ण है.

**शिक्षकों को स्वयं अपडेट करने की सुविधा**

शिक्षकों को भी अपने स्तर से जानकारी अपडेट करने की सुविधा दी गई है. वे अपने लॉगिन के जरिए मोबाइल नंबर, वैवाहिक स्थिति और कक्षा श्रेणी जैसी व्यक्तिगत जानकारियां अपडेट कर सकते हैं.

**पारदर्शिता और निगरानी होगी बेहतर**

ई-शिक्षाकोष बिहार सरकार का एकीकृत सॉफ्टवेयर है,जिसके माध्यम से राज्य के स्कूलों, शिक्षकों और छात्रों का पूरा डेटा एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया जा रहा है. विभाग का मानना है कि इससे शिक्षा व्यवस्था की निगरानी बेहतर होगी और सरकारी योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचेगा.

**फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक, नीति निर्माण में मिलेगी मदद**

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि 20 मई तक सभी प्रविष्टियां अनिवार्य रूप से पूरी कर ली जाएं. आदेश की प्रति सभी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशकों को भी भेज दी गई है. विभाग का मानना है कि इस पहल से फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी और सरकार के पास प्रत्येक छात्र व शिक्षक का सटीक आंकड़ा उपलब्ध होगा, जिससे भविष्य की नीतियां बनाने में आसानी होगी.

# गया के गुरुआ में आर्केस्ट्रा डांसर से रेप, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

एजेंसी



**गयाः** गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है. पीड़िता इलाके में एक आर्केस्ट्रा में कार्यक्रम प्रस्तुत करने आई थी, जहां वह इस दरिंदगी का शिकार हुई. घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है.

**शिकायत के तुरंत बाद आरोपित अरेस्ट**

घटना के बाद सदमे में आई पीड़िता ने किसी तरह गुरुआ थाने पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई. उसने आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया. फिलहाल पुलिस हिरासत में उससे कड़ी पूछताछ कर रहा है.

**मेडिकल जांच और कोर्ट में बयान की प्रक्रिया शुरू**

मामले की जांच कर रहे पुलिस पदाधिकारी राहुल कुमार और निधि कुमारी ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है. मेडिकल प्रक्रिया पूरी होने के बाद कानूनी प्रावधानों के तहत न्यायालय में धारा 164 के तहत महिला का बयान दर्ज कराया जाएगा. पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि दोषी को सख्त से सख्त सजा दिलाई जा सके. इस घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है.

# आंधी के बाद राजधानी में युद्धस्तर पर सफाई अभियान, हटाए गए 200 पेड़, यहां होगा वृक्षारोपण

एजेंसी

**पटनाः** शुक्रवार को आई तेज आंधी और बारिश ने राजधानी पटना में भारी तबाही मचाई. शहर के कई इलाकों में छोटे-बड़े पेड़ सड़क पर गिर गए, जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई. कई जगह सड़कें घंटों तक बाधित रहीं और लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पटना नगर निगम ने तुरंत मोर्चा संभाला और शहरभर में गिरे पेड़ों को हटाने तथा सफाई का व्यापक अभियान शुरू कर दिया. यह अभियान लगातार तीसरे दिन रविवार को भी जारी है.

**आंधी के कारण शहर में नुकसानः** पटना नगर निगम के अनुसार, तेज आंधी के कारण शहर के विभिन्न इलाकों में सैकड़ों पेड़ और बड़ी-बड़ी शाखाएं टूटकर गिर गई थीं. निगम प्रशासन ने देर रात से ही राहत कार्य शुरू कर दिया था, ताकि मुख्य सड़कों को जल्द से जल्द खाली कराया जा सके और यातायात व्यवस्था सामान्य हो सके. नगर आयुक्त यशपाल मीणा और अन्य वरीय अधिकारियों की निगरानी में अलग-अलग अंचलों में विशेष टीमें लगाई गई हैं.



**विशेष सफाई अभियानः** नगर निगम ने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अब तक करीब 200 छोटे-बड़े पेड़ों को हटाने का काम पूरा कर लिया है. बड़े पेड़ों की शाखाओं और टहनियों को काटकर वन विभाग को सौंपा जा रहा है, जबकि बाकी मलबे का निस्तारण निगम द्वारा किया जा रहा है. पेड़ों को हटाने के बाद संबंधित इलाकों में विशेष सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो.

**नूतन राजधानी अंचल क्षेत्र में नुकसानः** सबसे अधिक नुकसान नूतन राजधानी अंचल क्षेत्र में हुआ, जहां हरित क्षेत्र अधिक होने के कारण बड़ी संख्या में पेड़ गिरे. हार्डिंग रोड, स्ट्रैंड रोड, मुख्यमंत्री आवास क्षेत्र, सर्किट हाउस, गोल्फ क्लब और चिड़ियाघर के आसपास विशेष अभियान चलाकर करीब 140 से 145 पेड़ों को हटाया गया. इस कार्य में 16 जेसीबी मशीनें, 30 टाटा 407 वाहन और डेढ़ सौ से अधिक मजदूर लगाए गए हैं. लगातार मशीनों और मजदूरों की मदद से पेड़ों के मलबे को हटाकर सड़कों को साफ किया जा रहा है.

**64 से 65 पेड़ों को हटाया गयाः** वहीं पाटलिपुत्र अंचल में भी नगर निगम ने विशेष अभियान चलाया. छज्जूबाग, गांधी मैदान, राजवंशी नगर, शास्त्री नगर, पटेल नगर, आशियाना, राजीव नगर, सदाकत आश्रम और कुर्जी समेत कई इलाकों में सड़क पर गिरे करीब 64 से 65 पेड़ों को हटाया गया. यहां 16 जेसीबी मशीनों और 80 से 85 सफाईकर्मियों की तैनाती की गई है. बांकीपुर अंचल में खजांची रोड, कदमकुआं, एससी कैंपस और स्टेडियम रोड इलाके से पांच पेड़ों को हटाया गया.

**जेसीबी मशीन से कार्य जारीः** इसके अलावे अजीमाबाद अंचल में भी अभियान चलाया गया, जहां लोहा गोदाम, बड़ी पटनदेवी और गुलजारबाग स्टेडियम क्षेत्र से आठ छोटे-बड़े पेड़ों को हटाया गया. इस कार्य में चार जेसीबी मशीनों और 12 मजदूरों को लगाया गया. हालांकि पटना सिटी अंचल में पेड़ गिरने की कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई, इसलिए वहां विशेष अभियान की जरूरत नहीं पड़ी.

**हरियाली अधिक होने के कारण ज्यादा नुकसानः** हॉर्डिंग रोड में अभियान की निगरानी कर रहे पटना नगर निगम के अपर नगर आयुक्त कृष्ण स्वरूप ने बताया कि बेली रोड और नूतन राजधानी क्षेत्र में हरियाली अधिक होने के कारण सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है. कई सरकारी कार्यालयों, सचिवालय और माननीय सदस्यों के आवासों में भी पेड़ गिरने की घटनाएं हुई हैं. उन्होंने कहा कि सबसे पहले सड़क के बीचों-बीच गिरे पेड़ों को हटाकर यातायात बहाल करने पर ध्यान दिया गया, अब उनके मलबे को काटकर हटाया जा रहा है.

## संक्षिप्त खबर

### मातृशक्ति हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी..' मदर्स डे पर सीएम सम्राट चौधरी का मां पर भावुक पोस्ट

**पटना :** मातृ दिवस के अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी दिवंगत मां पार्वती देवी को भावुक संदेश के साथ याद किया. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए मां के त्याग, ममता और संस्कारों को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया. इस दौरान उन्होंने अपनी मां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज जो भी संस्कार, संघर्ष और सेवा की भावना उनके भीतर है, वह मां की ही देन है.मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मां केवल एक रिश्ता नहीं होतीं, बल्कि त्याग, ममता और संस्कारों की सबसे बड़ी शक्ति होती हैं. वह बिना किसी अपेक्षा के अपना संपूर्ण जीवन परिवार और बच्चों के लिए समर्पित कर देती हैं. उन्होंने कहा कि मां का स्नेह और आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, जो हर परिस्थिति में व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है."मां केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि त्याग, ममता और संस्कारों की सबसे बड़ी शक्ति होती हैं. वह बिना किसी अपेक्षा के अपना संपूर्ण जीवन परिवार और बच्चों के लिए समर्पित कर देती हैं. मातृशक्ति का सम्मान और उनका आशीर्वाद ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है. सभी माताओं को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.सम्राट चौधरी ने अपने संदेश में मातृशक्ति के सम्मान की बात भी कही. उन्होंने कहा कि समाज और परिवार की नींव माताएं ही होती हैं. उनके योगदान को शब्दों में बांधा नहीं जा सकता. मातृशक्ति का सम्मान करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है और यही संस्कारित समाज की पहचान भी है.मुख्यमंत्री ने मातृ दिवस के अवसर पर राज्य और देश की सभी माताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि हर मां अपने परिवार की सबसे बड़ी ताकत होती है और उनका आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है. मातृ दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है.हर साल मई के दूसरे रविवार को पड़ता है मातृ दिवस हर साल मई के दूसरे रविवार यानी 10 मई को मनाया जा रहा है. यह दिन माताओं के निस्वार्थ प्रेम, त्याग और परिवार व समाज में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित है. मां को कोई क्या देगा? जिसने बेटे की खातिर सारे सुखों का त्याग किया, खुद भूखा रहकर बेटे के उदरपूर्ति करती है. ऐसी ही मां त्याग और निस्वार्थ प्रेम की मिसाल होती है.

### प्रेमिका को अकेले पाकर आधी रात घर में घुस गया प्रेमी, सुबह लड़की की नदी किनारे मिली अधजली लाश

**रोहतास :** बिहार के रोहतास में एक युवती की संदिग्ध मौत की खबर सामने आई है. मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती के अधजले शव को करगहर थाना क्षेत्र के धर्मावती नदी के किनारे से बरामद किया है. वहीं पुलिस ने मृतक युवती के पिता और उसके कथित प्रेमी को हिरासत में ले लिया है. घटना के बारे में बताया जाता है कि बीते रात करगहर थाना क्षेत्र का है जहां एक गांव का पूरा परिवार बारात में गया हुआ था. घर में उनकी पुत्री अकेली थी. देर रात जब मृतक युवती का भाई घर लौटा तो घर में बहन को एक युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया. देखते-देखते गांव के कई लोग इकट्ठा हो गए. बताया जाता है कि पकड़े गए प्रेमी की मोहल्ले के लोगों ने पिटाई कर दी. लोक लाज एवं प्रेमी की पिटाई होते देख युवती उसी समय अपने घर के एक कमरे में जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. इसी बीच शोर हुआ की लड़की ने फांसी लगा ली है तो सभी लोग लड़की को बचाने के लिए कमरे की तरफ दौड़े. इसका फायदा उठाकर लड़की का कथित प्रेमी वहां से भाग खड़ा हुआ. भागते हुए परसथूआ थाना जाकर शिकायत कर दी की लड़की के परिजनों के कारण लड़की मौत हो गई. इस तमाम ऊहापोह में सुबह हो गई. इधर सुबह-सुबह लोगों को पता चला कि लड़की का शव धर्मावती नदी के किनारे अधजला अवस्था में पड़ा हुआ है. जो करगहर थाना क्षेत्र में पड़ता है, इसी बीच प्रेमी ने पुलिस को सूचना दिया कि एक लड़की की हत्या कर उसे जलाया जा रहा है. जिस पर करगहर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंचकर अधजले शव को बरामद किया एवं सूचना देने वाले उस लड़के को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.लड़की के पिता को भी पुलिस हिरासत में ले लिया है. मामले के पीछे कहीं ना कहीं प्रेम प्रसंग प्रतीक होता है. शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेजा गया है. इस संबंध में एसडीपीओ- 2 कुमार वैभव ने बताया कि पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है.

### खगड़िया में 29 फ्री कोर्स से 1000 युवाओं को मिलेगा हुनर, मुफ्त ट्रेनिंग के साथ बैंकिंग सपोर्ट.. कैसे करें अप्लाई

**खगड़ियाः** बिहार के खगड़िया जिले में यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है. संस्थान का लक्ष्य जिले के 1000 युवाओं और महिलाओं को मुफ्त प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है. नए कोर्स और महिलाओं पर फोकसः इस बार कई नए कोर्स जोड़े गए हैं, जिनमें कृषि आधारित उद्यम और फूड स्टॉल संबंधी प्रशिक्षण प्रमुख हैं. विशेष रूप से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए चूड़ी व आभूषण निर्माण जैसे कोर्स शुरू किए गए हैं. प्रशिक्षण 13 से 31 दिनों तक का होगा.चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगी. सीटें सीमित होने के कारण समय रहते आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी. संस्थान का उद्देश्य केवल ट्रेनिंग देना नहीं बल्कि युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है. आरसेटी में सभी प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क होंगे. आवासीय और डे-ट्रेनिंग दोनों सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी. ट्रेनिंग पूरा होने के बाद युवाओं को बैंक से लोन दिलाने और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में मदद की जाएगी. आरसेटी के निदेशक प्रकाश कुमार ने बताया कि इस साल 29 अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे. इनमें मोबाइल रिपेयरिंग, कंप्यूटर अकाउंटेंसी, डेयरी फार्मिंग, अगरबत्ती निर्माण, चाइनीज फूड स्टॉल, चूड़ी निर्माण और आभूषण निर्माण जैसे कोर्स शामिल हैं. हर महीने दो से तीन नए बैच शुरू किए जाएंगे. प्रशिक्षण के बाद केवल प्रमाणपत्र देने तक सीमित नहीं रहेगा. संस्थान प्रशिक्षित युवाओं के स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों की लगातार मॉनिटरिंग भी करेगा, ताकि वे सफलतापूर्वक अपना कारोबार चला सकें. आवेदन के लिए अभ्यर्थी की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए. आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और पासपोर्ट साइज फोटो जरूरी दस्तावेज हैं. सामान्य कोर्स के लिए पढ़ना-लिखना आना चाहिए, जबकि कुछ कोर्स में इंटरमीडिएट पास होना अनिवार्य है. इच्छुक युवा व महिलाएं सोमवार से शनिवार तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आरसेटी कार्यालय पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं. निदेशक ने कहा कि इस योजना से खगड़िया के युवा स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे.

# अरवल में दर्दनाक सड़क हादसाः तेज रफ्तार का कहर, ऑटो और मैजिक वैन की टक्कर में दो की मौत

एजेंसी

**पटनाः** अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-139 पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे हो गया.घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई. जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए. हादसा मधुश्रवां मोड़ के समीप उस समय हुआ, जब मजदूरों से भरा एक ऑटो सामने से आ रही तेज रफ्तार मैजिक वैन से टकरा गया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई.

**काम पर जाने के दौरान हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार आकोपुर गांव से मजदूर ऑटो पर सवार होकर मां कामाख्या कंस्ट्रक्शन कंपनी में अलकतरा पिचिंग का काम करने के लिए औरंगाबाद जिले के हसपुरा जा रहे थे. इसी दौरान मधुश्रवां मोड़ के पास सामने से आ रही मैजिक वैन से ऑटो की सीधी भिड़ंत हो गई. हादसे में सभी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए.




**दो मजदूरों की मौत, गांव में मातम**

दुर्घटना में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतकों की पहचान जहानाबाद जिले के परस बीघा थाना क्षेत्र के मद्धूचक गांव निवासी 37 वर्षीय मिथलेश कुमार और 34 वर्षीय राजा बिंद के रूप में हुई है. दोनों की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया.

**ऑटो काटकर निकाला गया घायल**

घटना की सूचना मिलते ही मेहंदिया थाना अध्यक्ष चंदन कुमार झा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला गया. एक व्यक्ति ऑटो में बुरी तरह फंस गया था, जिसे ग्रेडर मशीन से ऑटो काटकर बाहर निकाला गया.

**तीन घायल पीएमसीएच रेफर**

सभी घायलों को पहले सदर अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया. वहीं अन्य चार घायलों का इलाज सदर अस्पताल अरवल में चल रहा है.

**हादसे के बाद लगा लंबा जाम**

दुर्घटना के बाद एनएच-139 पर लंबा जाम लग गया और सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई. क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए जेसीबी मशीन की मदद ली गई. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

# परिवारवाद के मुद्दे पर बिहार में घमासान, तेजस्वी को भाजपा ने पुराने फैसले दिलाए याद

एजेंसी

**बिहारः** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जब एनडीए सरकार पर परिवारवाद का आरोप लगाया, तो सत्ता पक्ष के नेताओं ने मोर्चा खोल दिया. एनडीए के नेताओं ने कहा कि जो लोग खुद परिवारवाद की राजनीति में रचे-बसे हैं, उन्हें हर जगह वही दिखाई देता है. बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस मुद्दे पर तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लेते हुए कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं.

**संजय सरावगी का तेजस्वी पर बोला हमला**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि तेजस्वी यादव बिना सोचे-समझे बयानबाजी कर रहे हैं. उन्होंने तेजस्वी को याद दिलाया कि जब उनके पिता लालू यादव जेल गए, तो उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया, जबकि उन्हें राजनीति का अनुभव नहीं था. सरावगी ने तंज कसते हुए




कहा कि उपमुख्यमंत्री बनने के लिए नौवीं फेल तेजस्वी को चुना गया और तेज प्रताप को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया. इसके उलट, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार एक पढ़े-लिखे इंजीनियर हैं और वह अपनी योग्यता के दम पर राजनीति में अपनी जगह बना रहे हैं.

**निशांत योग्य हैं और खुद को साबित करेंगे**

संजय सरावगी ने निशांत कुमार का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने अभी पदभार ग्रहण ही किया है और तेजस्वी ने अनर्गल टिप्पणी शुरू कर दी. उन्होंने लालू यादव के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उनके आते ही घोटाला शुरू हो गया था, लेकिन निशांत कुमार अपनी काबिलियत से दिखाएंगे कि स्वास्थ्य विभाग को कितने अच्छे ढंग से चलाया जा सकता है.

**सरावगी ने यह भी कहा कि भाजपा**

हमेशा चुनाव के लिए तैयार रहती है और अगले साल यूपी चुनाव में जनता अखिलेश यादव का सूपड़ा साफ कर देगी.

**एनडीए में राजा का बेटा राजा नहीं बनता**

बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने भी तेजस्वी यादव पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता को परिवारवाद की सही परिभाषा ही नहीं पता है. उन्होंने तर्क दिया कि अखिलेश और तेजस्वी जिस तरह से सत्ता पर काबिज हुए, वैसा एनडीए में कभी नहीं हुआ है.निशांत कुमार की एंट्री को कोई भी परिवारवाद नहीं कह सकता.

# सीवान में सड़क हादसा में बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, घर में मचा कोहराम

एजेंसी

**सीवानः** जिले के लकड़ी नवीगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई. तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इलाज के दौरान गोरखपुर ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया.



**तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर**

मृतक की पहचान किशनपुरा दक्षिण टोला गांव निवासी सुग्रीव साह के रूप में हुई है, जो गणेश साह के पुत्र थे। जानकारी के अनुसार, वह मदारपुर बाजार से साइकिल से अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान कुर्बान मियां के घर के पास नहर मार्ग पर तेज गति से आ रही बाइक ने उनकी साइकिल में सीधी टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए.

**प्राथमिक इलाज के बाद किया गया रेफर**

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें मदारपुर के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया. हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें सिवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया. वहां से भी स्थिति नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने गोरखपुर रेफर कर दिया.

**गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम**

शनिवार रात करीब 9 बजे गोरखपुर ले जाने के दौरान रास्ते में ही सुग्रीव साह की मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया.

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव घर पहुंचा, परिजनों के चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। पत्नी सुख शांति देवी, पुत्री खुशी व तान्या और पुत्र अमित कुमार का रो-रोकर बुरा हाल था. परिजन बेसुध होकर बार-बार यही कह रहे थे कि अब उनका सहारा कौन बनेगा.

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

घटना की सूचना पर लकड़ी नवीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सिवान भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

**स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दिया सांत्वना**

घटना के बाद क्षेत्र में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है. मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आर्थिक सहायता और सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया. साथ ही अधिकारियों से सड़क हादसा मुआवजा दिलाने की मांग की गई.

## रौतारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, शराब सेवन के आरोप में 9 लोग गिरफ्तार

**कटिहारः** रौतारा थाना क्षेत्र में नियमित गश्ती के दौरान पुलिस ने शराब सेवन के आरोप में 9 लोगों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई.पुलिस टीम को गश्त के दौरान संदेह होने पर संबंधित व्यक्तियों की जांच की गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद सभी को हिरासत में लिया गया. गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कागजी कार्रवाई पूरी कर उन्हें आगे की न्यायिक प्रक्रिया के लिए कटिहार न्यायालय भेज दिया गया.पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है. शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.स्थानीय प्रशासन ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है. पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है.

## भभुआ में पिकअप ने बाइक सवार युवक को रौंदा, इलाज के दौरान गई जान



एजेंसी

**भभुआः** भभुआ थाना इलाका के मनिहारी स्थित अमराहा पुल के समीप अज्ञात पिकअप के धक्के से बाइक सवार की मौत हो गई. युवक को इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया जा रहा था इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. मृत युवक भभुआ थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी बगेदू विंद का बेटा गोरख कुमार बताया जाता है.

**कैसे हुआ हादसा**

मृतक के चाचा सहेदु विंद ने बताया कि उनका भतीजा शुक्रवार देर रात 10 बजे के बाद बाइक से अपने गांव कटरा लौट रहा था, इसी दौरान अमराहा पुल के समीप युवक जैसे ही पहुंचा सामने से आ रहे पिकअप ने उसे रौंद दिया. हादसे के बाद युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया.

**मामले की जांच में जुटी पुलिस**

जहां इमरजेंसी में डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया. मृत घोषित किए जाने और डीएम से पोस्टमार्टम के अनुमति मिलने के बाद भभुआ थाने की पुलिस ने देर रात ही पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया. फिलहाल इस मामले में पुलिस की जांच जारी है.

# अब 'पानी' से चलेगी मारुति सुजुकी की स्विफ्ट, कंपनी लाई अनोखी टेक्नालॉजी

नई दिल्ली

सुजुकी मोटर कारपोरेशन और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी एवीएल ने 2026 वियना मोटर सिम्पोजियम में सुजुकी स्विफ्ट को हाइड्रोजन इंजन के साथ टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेटर के रूप में पेश किया है।

- वियना मोटर सिम्पोजियम 2026 में प्रदर्शित किया गया कार का प्रारूप

ग्लोबल लेवल के साथ इंडियन मार्केट में पॉपुलर हैचबैक स्विफ्ट अब नए एनर्जी सोर्स के साथ मार्केट में एंट्री मार सकती है।

पारंपरिक हाइड्रोजन व्हीकल फ्यूल सेल तकनीक पर चलते हैं, जहां हाइड्रोजन को बिजली में बदलकर मोटर चलाई जाती है। लेकिन इस नए प्रोटोटाइप में हाइड्रोजन को सीधे इंजन में जलाकर पावर जनरेट की जा रही है। सुजुकी-बेस्ड 1.4 लीटर 4-सिलेंडर हाइड्रोजन डीआई इंजन में एवीएल की नई हाइड्रोजन डीआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हुआ है।

## सुजुकी मोटर और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी एवीएल ने पेश किया हाइड्रोजन इंजन

### इंडिया लांच?

भारत में मारुति सुजुकी स्विफ्ट पहले से ही बेस्टसेलर है। केंद्र सरकार और नितिन गडकरी हाइड्रोजन जैसे ग्रीन फ्यूल्स को बढ़ावा दे रहे हैं। कोच्चि एयरपोर्ट पर हाइड्रोजन स्टेशन पहले से चल रहा है। अगर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप हुआ तो ये हाइड्रोजन स्विफ्ट भारत में लांच हो सकती है। ये पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक विकल्पों के बीच सस्टेनेबल चॉइस साबित हो सकती है।



**फ्यूल एफिसियंसी :** फ्यूल एफिशिएंसी की बात करें, तो हाइड्रोजन इंजन जीरो कार्बन एमिशन के साथ बेहतरीन एफिशियंसी देता है। टेल पाइप से केवल पानी निकलता है, जिससे ये ग्रीन फ्यूल का बेहतरीन विकल्प है।

### फीचर्स

फीचर्स में वायरलेस चार्जिंग, स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल्स, अच्छा साउंड सिस्टम और मल्टी-मोड ड्राइविंग ऑप्शन शामिल हैं। सेफ्टी के मामले में स्विफ्ट हमेशा से मजबूत रही है। अपेक्षित फीचर्स में मल्टीपल एयरबैग्स, एबीएस, ईबीडी, स्टेबिलिटी कंट्रोल, रियर पार्किंग सेंसर्स और संभावित एडास सिस्टम्स शामिल हो सकते हैं। हाइड्रोजन वर्जन में भी सेफ्टी स्टैंडर्ड्स को ऊपर रखा गया है, खासकर हाइड्रोजन स्टोरेज टैंक्स को सेफ रखा गया है।

### इंजन और परफॉरमेंस

ये इंजन लीन और स्टॉइकियोमेट्रिक (लेम्बदा=1) दोनों मोड में चल सकता है। कूल्ड ईजीआर के जरिए स्टॉइकियोमेट्रिक मोड में बेहतर परफॉर्मेंस मिलती है। ये पावरट्रेन लगभग 100 किलोवॉट (करीब 135 एचपी) पावर और 220 एनएम टॉर्क प्रोड्यूस करने में सक्षम है। ये तकनीक हाइड्रोजन इंजन की आम समस्याओं जैसे अनस्टेबल कंबर्शन को हल करती है और हाई पावर डेंसिटी, स्टेबल ऑपरेशन और स्केलेबल समाधान प्रदान करती है। ड्राइवेबिलिटी और एमिशन को पूरी तरह कैलिब्रेट किया गया है, जो इसे प्रोडक्शन के लिए तैयार किया गया है।

### डिजाइन और फीचर्स

स्विफ्ट का डिजाइन आकर्षक और स्पोर्टी बना हुआ है। कॉम्पैक्ट हैचबैक बॉडी में शार्प लाइन्स, बोल्ड फ्रंट ग्रिल और मॉडर्न एलईडी लाइटिंग के साथ ये युवा खरीदारों को आकर्षित करती है। इंटीरियर प्रीमियम और ड्राइवर-फोकस्ड है। बेहतर मैटेरियल, सॉफ्ट-टच डैशबोर्ड, मॉडर्न डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ एप्पल कारप्ले/एंड्रॉइड ऑटो कनेक्टिविटी उपलब्ध है। केबिन स्पेशियस और आरामदायक है, जो डेली कम्यूटिंग के लिए परफेक्ट है।

## खबर संक्षेप

### बीएसई का चौथी तिमाही में मुनाफा 61% बढ़ाकर



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार बीएसई लि. का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 61 प्रतिशत बढ़कर बढ़कर 795.47 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 493.67 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। मार्च के दौरान कुल राजस्व बढ़कर 1,630 करोड़ रुपये हो गया।

### करूर वैश्य बैंक के लाभ में 41 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ मार्च 2026 का समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़कर 725 करोड़ रुपये रहा। बैंक को पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 513.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय बढ़कर 3,519.45 करोड़ रुपये हो गई।

### वी-मार्ट रिटेल के मुनाफे में 39 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 39 प्रतिशत घटकर11.28 करोड़ रुपये रहा। वी-मार्ट ने सूचना में कहा कि उसने वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। मार्च तिमाही में परिचालन राजस्व 24.5 प्रतिशत बढ़कर 970.89 करोड़ रुपये रहा।

### स्विगी का घाटा कम होकर 800 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन खाना मंगाने की सुविधा देने वाली कंपनी स्विगी का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 800 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को 2024-25 की इसी तिमाही में 1,081 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय करीब 45 प्रतिशत बढ़कर 6,383 करोड़ रुपये हो गई।

### बायोकॉन के लाभ में 57 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** बायोकॉन लिमिटेड का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 56.8 प्रतिशत घटकर 198.6 करोड़ रुपये रहा। नई श्रम संहिता के प्रभाव सहित विभिन्न मदों पर 80.4 करोड़ रुपये के असाधारण व्यय के कारण मुनाफा घटा है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (मार्च) तिमाही में लाभ 459.4 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही में परिचालन आय 4,516.6 करोड़ रुपये रही जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 4,417 करोड़ रुपये थी।

## विशेषज्ञों का कहना, विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित होने का इंतजार करे

# ट्रंप को अदालतों से झटके, धीमी पड़ सकती है भारत के साथ बीटीए वार्ता

नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अदालतों में लगातार झटके मिलने से अमेरिकी शुल्क व्यवस्था को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आगे बढ़ने से पहले भारत को अमेरिका द्वारा अधिक स्थिर एवं कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित करने का इंतजार करना चाहिए।

विशेषज्ञों ने कहा कि यह फैसला इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन करते थे। अमेरिकी अदालतों द्वारा इन्हें निरस्त किया जाना बहुपक्षीय व्यापार मानकों के लिए सकारात्मक संकेत है।

### व्हाइट हाउस ने शुल्क को खारिज कर दिया

अमेरिका की एक संघीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' को एक और झटका देते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को ''अवैध'' और ''कानून द्वारा अनधिकृत'' करार देते हुए खारिज कर दिया है।

### 24 फरवरी से 150 दिन के लिए लगाए थे

ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए व्यापक शुल्कों को खारिज करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी को भारत सहित सभी देशों पर 150 दिन के लिए नए शुल्क लगाए गए थे। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) शुल्क लगाने की अनुमति नहीं देता।

### मलेशिया पहले ही समझौते से पीछे हट चुका

श्रीवास्तव ने कहा '' अमेरिकी शुल्कों को लेकर कानूनी अनिश्चितता का असर व्यापार वार्ताओं पर भी पड़ रहा है। मलेशिया पहले ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से पीछे हट चुका है जबकि कई अन्य देश भी अपने समझौतों पर पुनर्विचार कर रहे हैं।''



**वैश्विक शुल्क नियमों का उल्लघंन:** चिंतन रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के पूर्व निदेशक शिशिर प्रियदर्शी ने कहा कि संघीय अदालत का फैसला यह स्पष्ट करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क डब्ल्यूटीओ नियमों का उल्लंघन करते हैं ।

- ट्रंप के वैश्विक शुल्क डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लघंन करते हैं
- अमेरिकी अदालत द्वारा इसे निरस्त किया जाना सकारात्मक संकेत
- ट्रंप द्वारा लगाए 10 प्रतिशत शुल्क को भी अदालत ने अवैध बताया

### अमेरिका बचने के नये रास्ते तलाश सकता है

*प्रियदर्शी ने कहा, '' हालांकि फैसले पर अमल फिलहाल रोका गया है इसलिए अनिश्चितता बनी हुई है। हमें सतर्क रहना होगा क्योंकि अमेरिका इस फैसले से बचने के नए रास्ते तलाश सकता है।'' ये शुल्क 20 फरवरी को लागू होने के 50 दिन से भी कम समय में निरस्त कर दिए गए। जीटीआरआई के अनुसार, यह निर्णय फिलहाल केवल उन पक्षों पर लागू होता है जिन्होंने मामला दायर किया था।*

### तरजीह राष्ट्र के लिए भी शुल्क कम करने तैयार नहीं अमेरिका


*श्रीवास्तव ने कहा, '' फिलहाल अमेरिका अपने 'सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र' (एमएफएन) के लिए भी शुल्क कम करने को तैयार नहीं है, जबकि वह भारत से अधिकतर क्षेत्रों में अपने एमएफएन शुल्क कम या समाप्त करने की अपेक्षा कर रहा है। भारत के स्थायी बाजार पहुंच में रियायतें देने और बदले में उसे कोई ठोस शुल्क लाभ न मिलने से व्यापार समझौता एकतरफा हो सकता है।''*

# सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों को 30 हजार करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को मध्य मार्च से अब तक लगभग 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने इस संकट के दौरान भी पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी, जबकि कच्चे माल की लागत में कई चरणों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बने रहने से वैश्विक कच्चे तेल बाजार में भारी उतार-चढ़ाव आया। इस दौरान ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भी तेज वृद्धि दर्ज की गई। इसके बावजूद भारत में 28 फरवरी के बाद से खुदरा ईंधन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि अप्रैल में पेट्रोल पर प्रति लीटर लगभग 18 रुपये और डीजल पर लगभग 25 रुपये प्रति लीटर का नुकसान दर्ज किया गया।



- कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है
- कच्चे माल की लागत में कई चरणों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी

### तनाव थमने की उम्मीद से 100 डॉलर प्रति बैरल आ चुका

हालत यह हो गई कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें कुछ समय के लिए लगभग 144 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। हालांकि तनाव थमने की उम्मीद से अब यह नरम होकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ चुका है।

# एनटीपीसी ने एमसीडी में किया 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण

नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की संयुक्त उद्यम कंपनी एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। इसके साथ ही एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (एनईडब्ल्यूएस) एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन गई है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बिजली क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने कहा कि फिलहाल उसके पास एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

''एनटीपीसी ने दिल्ली नगर निगम और एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ 11 जून, 2019 के संयुक्त उद्यम समझौते को समाप्त करने और एमसीडी की एनईडब्ल्यूएस में 26 प्रतिशत शेयरधारिता (52,000 इक्विटी शेयर) के अधिग्रहण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एनटीपीसी बोर्ड और एमसीडी के हाउस ऑफ कॉरपोरेशन ने एनटीपीसी द्वारा एनईडब्ल्यूएस में एमसीडी की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद को मंजूरी दे दी है।



- एनईडब्ल्यूएस अब पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी बन गई

### बिजली उत्पादन का कारोबार करती है

*एनईडब्ल्यूएस का एक जून, 2020 को एनटीपीसी और एमसीडी (पूर्ववर्ती ईडीएमसी) के संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में गठित किया गया था। इसमें एनटीपीसी की 74 प्रतिशत और एमसीडी की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसका पंजीकृत कार्यालय दिल्ली में है और यह अपशिष्ट प्रबंधन और बिजली उत्पादन का कारोबार करती है।*

- पश्चिम एशिया तनाव से निवेशकों की धारणों कमजोर पड़ी
- शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिक्री जारी रही

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 516 अंक फिसला

मुंबई



पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 516 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 150 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ने से बाजार में जोखिम से बचने का रुझान देखा गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख ने भी गिरावट को बढ़ाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 516.33 अंक गिरकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 698.09 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं निफ्टी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 24,176.15 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयर में मार्च तिमाही नतीजों के बाद 6.62 प्रतिशत की गिरावट आई।

*संघर्ष विराम की उम्मीद कमजोर, की मुनाफावसूली : जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''अमेरिका -ईरान के बीच ताजा सैन्य कार्रवाई से संघर्षविराम की उम्मीदें कमजोर पड़ीं, जिससे निवेशकों ने मुनाफावसूली की और जोखिम से बचने की कोशिश की। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर रहने और अमेरिका के 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से व्यापक धारणा और रुपये को कुछ समर्थन मिला।/''*

# इमामी 321 करोड़ में इंकनट डिजिटल में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी

**कोलकाता।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी इमामी लिमिटेड ने कहा कि वह सौंदर्य और व्यक्तिगत देखरेख खंड में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने के लिए 321 करोड़ रुपये में हैदराबाद की इंकनट डिजिटल प्रा लि में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कोलकाता की इस कंपनी ने बयान में कहा कि इस सौदे में 24 महीनों में प्रदर्शन से जुड़े बदलाव भी शामिल हैं। कंपनी ने कहा, ''इमामी ने इंकनट डिजिटल प्रा लि और उसकी अनुषंगी कंपनियों और सहयोगियों में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक पक्का समझौता किया है।

# एसबीआई का मुनाफा 6% बढ़कर 19,684 करोड़ रुपए

नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकल आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 19,684 करोड़ रुपये रहा।

बैंक ने शुक्रवार को कहा कि फंसे कर्ज में सुधार होने से लाभ में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई। देश के सबसे बड़े बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18,643 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय घटकर 1,40,412 करोड़ रुपये रह गई, जो 2024-25 पहले समान तिमाही में 1,43,876 करोड़ रुपये थी। चौथी तिमाही के दौरान बैंक की ब्याज आय बढ़कर 1,23,098 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 1,19,666 करोड़ रुपये थी। बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल कर्ज का 1.49 प्रतिशत रह गईं, जो 2024-25 की समान तिमाही के अंत में 1.82 प्रतिशत थीं।




- फंसे कर्ज में सुधार होने से लाभ में बढ़ोतरी
- बैंक की कुल आय घटकर 1,40,412 करोड़ रुपए

## डाबर का मुनाफ़ा बढ़कर 362 करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 15.75 प्रतिशत बढ़कर 362 करोड़ रुपये हो गया है। यह बढ़ोतरी कंपनी के सभी खंड में अच्छे प्रदर्शन की वजह से हुई। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 312.73 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 7.34 प्रतिशत बढ़कर 3,038.02 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 2,830.14 करोड़ रुपये था।

## डील की खबर से 70 मिनट पहले हो गया करोड़ों डॉलर का खेल

# अमेरिका-ईरान जंग से शेयर बाजार में मुनाफा कौन कमा रहा?

नई दिल्ली

क्या अमेरिका- ईरान की जंग को कुछ ऐसे लोग मुनाफा कमाने का जरिया बना रहे हैं जिन्हें इससे जुड़ी अंदरूनी जानकारी है? जंग शुरू होने के बाद से यह सवाल उठ रहे हैं और इसके केंद्र में डोनाल्ड ट्रंप सरकार में शामिल लोगों को रखा जा रहा है।

- इसके केंद्र में डोनाल्ड ट्रंप सरकार में शामिल लोगों को रखा जा रहा

अब एक और ऐसी खबर आई है जिसने सबको चौंका दिया है, शक को और गहरा कर दिया है। 70 मिनट में शेयर मार्केट में ऐसा खेल किया गया है जिससे करोड़ों रुपए बनाए गए हैं, जंग की इनसाइडर ट्रेडिंग का आरोप लगने लगा है। वैश्विक और अमेरिका शेयर बाजार में यह बड़े पैमाने पर देखने में आ रहा।

### क्या है पूरा मामला

ग्लोबल कैपिटल मार्केट पर खुद को उद्योग जगत के टॉप के कमेंटेटर बताने वाले कोबेसी लेटर ने यह जानकारी सामने लाई है। कोबेसी लेटर ने अपने आधिकारिक X हैंडल पर एक पोस्ट में बताया कि 6 मई की सुबह 3:40 बजे (ईटी समय) करीब 10,000 क्रूड ऑयल "शॉर्ट" कॉन्ट्रैक्ट खरीदे गए थे। "शॉर्ट" का मतलब होता है कि ट्रेडर दांव लगाता है कि तेल की कीमत नीचे जाएगी। इन सौदों की कुल कीमत लगभग 920 मिलियन डॉलर यानी करीब 7,600 करोड़ रुपए थी। इतनी बड़ी ट्रेडिंग उस समय होना बेहद असामान्य माना जा रहा है, क्योंकि उस वक्त ऐसी कोई बड़ी खबर नहीं आई थी जो संकेत देती हो कि तेल की कीमत नीचे जाने वाली है।



### शार्ट करने वाले लोगों को 1000 करोड़ रुपए का हुआ फायदा

और फिर 70 मिनट बाद सुबह 4:50 बजे अमेरिकी मीडिया प्लेटफॉर्म एक्जिओस की रिपोर्ट आई कि अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने के लिए 14 बिंदुओं वाले समझौते के करीब हैं। इस खबर के बाद सुबह 7 बजे तक तेल की कीमतें 12% से ज्यादा गिर गईं। खबर आने से पहले ही शॉर्ट करने वाले लोगों को लगभग 125 मिलियन डॉलर यानी करीब 1,000 करोड़ रुपए का फायदा हुआ।

### सुबह करोड़ों डॉलर का दांव लगाया जाता है

अचानक सुबह-सुबह करोड़ों डॉलर का दांव लगाया जाता है... सिर्फ 70 मिनट बाद अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने वाली संभावित डील की खबर सामने आती है और तेल की कीमतें तेजी से गिर जाती है... इससे पहले दांव लगाने वालों को भारी मुनाफा होता है... लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। कुछ ही मिनटों बाद ईरान ने बड़ा कदम उठाया और तेल की कीमतें फिर तेजी से ऊपर चली गईं। अब सवाल उठ रहा है -क्या किसी को पहले से खबर थी, या यह सिर्फ संयोग था?

### कुछ ही मिनट बाद ईरान की खबर से तेल की कीमतें बढ़ गई

लेकिन कुछ ही मिनट बाद ईरान ने "पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी" लांच कर दी। इसके बाद तेल की कीमतें अचानक 8% ऊपर चढ़ गईं। अब सोशल मीडिया और बाजार में सवाल उठ रहे हैं कि क्या किसी को डील की खबर पहले से पता थी? या फिर यह सिर्फ एक संयोग था?

### सर रतन टाटा ट्रस्ट की बहुप्रतीक्षित बोर्ड बैठक रद्द




**नई दिल्ली।** सर रतन टाटा ट्रस्ट की शुक्रवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक बिना कोई कारण बताये रद्द कर दी गई। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। निदेशक मंडल की इस बैठक में टाटा सन्स के निदेशक मंडल में नामित किये जाने पर पुनर्विचार किया जाना था। यह बैठक बंबई उच्च न्यायालय के बैठक पर रोक लगाने से इनकार के बावजूद रद्द की गई। टाटा ट्रस्ट के पास टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स में 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है जिसका आकार 180 अरब डॉलर से अधिक है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| लखनऊ | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप




हेनरिक क्लासेन — 494 रन — हैदराबाद
भुवनेश्वर कुमार — 17 विकेट — बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### शंघाई विश्व कप : जाधव ने जीता कांस्य पदक

**शंघाई।** विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में पुरुष कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह विश्व कप में उनका पहला पदक भी है। महाराष्ट्र के 25 वर्षीय तीरंदाज जाधव ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में भारत का पहला पदक हासिल किया। भारत ने इस पदक के साथ कंपाउंड वर्ग में अपने अभियान का भी समापन किया। इस वर्ग में भारत के अन्य खिलाड़ी पदक जीतने में नाकाम रहे थे। भारत को कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में मजबूत टीम माना जाता है लेकिन उसकी सभी टीम शुरुआती दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत अब रविवार को प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रिकर्व स्पर्धा में दो और पदक जीतने की कोशिश करेगा।

### ट्रूइस्ट चैंपियनशिप : शीर्ष 10 में पहुंचने के करीब भाटिया

**शार्लोट।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया दूसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर ट्रूइस्ट चैंपियनशिप में शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं। भाटिया एक समय शीर्ष 10 में शामिल हो गए थे लेकिन आखिरी क्षणों में दो बोगी करने से उन्हें नुकसान हुआ और अभी वह संयुक्त 12वें स्थान पर हैं।



इस बीच रॉरी मैकलॉय (70-67) ने शीर्ष पर पहुंचने की तरफ कदम बढ़ाए। वह संयुक्त पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। कोरिया के सुंगजाई इम (64-69) नौ अंडर के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर पहुंच गए।

### विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के अगले दौर में वीर चोटरानी

**नई दिल्ली।** विश्व में 45वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने अपने से बेहतर रैंकिंग के हमवतन खिलाड़ी अभय सिंह को पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मिस्र के गीज़ा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। चोटरानी ने विश्व में 22वें नंबर के खिलाड़ी अभय को 14-12, 8-11, 5-11, 11-7, 11-2 से हराया। यह चोटरानी की अभय के खिलाफ तीन मुकाबलों में दूसरी जीत है।

### आरसीबी 10 मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर

# मुंबई इंडियंस के खिलाफ आज रॉयल चैलेंजर्स को खेलनी होगी विस्फोटक पारी

रायपुर

पिछले दो मैच में हार से वापसी के लिए बेताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को होने वाले आईपीएल में उसके बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी और अपने पहले चार मैच जीते थे। तब उसके लिए प्लेऑफ में प्रवेश महज एक औपचारिकता लग रहा था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। मौजूदा चैंपियन टीम अपने पिछले 5 मैचों में से 3 मैच हार गई है, जिससे उसके समीकरण बिगड़ गए हैं। आरसीबी अभी 10 मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है और वह प्लेऑफ में पहुंचने का मजबूत दावेदार है।




### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की लय गड़बड़ाना चिंता का विषय

अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है तब आरसीबी की लय गड़बड़ाना उसके लिए चिंता का विषय होगा। आरसीबी के बल्लेबाजों को अपनी पिछली असफलता को भूलकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद में उसकी टीम केवल 155 रन ही बना पाई थी जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उसे 9 रन से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी को लखनऊ के खिलाफ जीत के लिए आखिरी ओवर में 19 रन की जरूरत थी, लेकिन वह लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंच सका।



### आरसीबी को करना होगा एमआई के मजबूत गेंदबाजी का सामना

आरसीबी के बल्लेबाजों को अब मुंबई इंडियंस के खिलाफ मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना होगा। इन गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, कॉर्बिन बॉश, एएम गजनफर और विल जैक्स शामिल हैं। रायपुर आरसीबी का घरेलू मैदान है, लेकिन उसे यहां की पिच के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। आरसीबी के बल्लेबाजों में जैकब बेथेल को बड़ा स्कोर बनाना होगा क्योंकि अभी तक वह चार पारियों में 14, 20, पांच और चार रन ही बना पाए हैं। ऐसे में उनके सलामी जोड़ीदार विराट कोहली को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी पड़ रही है। विकेट कीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा का प्रदर्शन भी निराशाजनक है। इस सत्र में उनका उच्चतम स्कोर 23 है।

### एमआई के सामने आरसीबी की कड़ी चुनौती

मुंबई इंडियंस की बात है तो लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में उसने 228 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया था। रोहित शर्मा ने चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए 44 गेंदों में 84 रन की तूफानी पारी खेली। रोहित और उनके सलामी जोड़ीदार रयान रिकेल्टन के सामने भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की जोड़ी का डटकर सामना करने की चुनौती होगी। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या पीठ दर्द के कारण लखनऊ के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे और सूर्यकुमार यादव ने कप्तानी की थी। हार्दिक टीम से जुड़ गए हैं लेकिन उनकी फिटनेस का सही आकलन करने के बाद ही उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा।

**मैच का समय :** शाम 7.30 बजे

# प्लेऑफ की आस बचाने उतरेगी सीएसके, एलएसजी से भिड़ंत आज



चेन्नई

अंकतालिका में छठे स्थान पर काबिज चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए रविवार को सबसे निचले पायदान पर मौजूद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है तब सीएसके शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में शामिल है। उसके अभी तक के अभियान में निरंतरता का अभाव रहा है। उसने अपने घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान दोनों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। पांच बार का चैंपियन सीएसके अब चेपॉक में वापसी करेगा। उसके पास एलएसजी के खिलाफ लय हासिल करने का बेहतरीन मौका है।

### लखनऊ के लिए सत्र निराशाजनक

लखनऊ की टीम के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा और वह प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। सीएसके का पूरा अभियान काफी हद तक संजू सैमसन के इर्द-गिर्द घूमता रहा है, जिनकी शीर्ष क्रम में अच्छी पारियों ने अक्सर टीम की किस्मत तय की है। जहां टीम के नए खिलाड़ी सैमसन बल्लेबाजी के आधार स्तंभ के रूप में उभरे हैं, वहीं कप्तान रुतुराज गायकवाड़ बल्लेबाजी में निरंतरता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रुतुराज ने इस महीने की शुरुआत में 74 और 67 रन की महत्वपूर्ण पारियों के साथ फॉर्म में वापसी की है। वह हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में असफल रहे, जहां सैमसन ने 52 गेंदों में 87 रन की मैच विजेता पारी खेली।

### सीएसके को कार्तिक, ओवरटन से अच्छे योगदान की उम्मीद

सीएसके की टीम को मध्य क्रम के बल्लेबाजों डेवाल्ड ब्रेविस, कार्तिक शर्मा, जेमी ओवरटन और शिवम दुबे से भी अच्छे योगदान की उम्मीद होगी। महेंद्र सिंह धोनी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले लगी पिंडली की चोट के कारण अभी तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं।

### इटैलियन ओपन

# प्रिजमिक का बड़ा उलटफेर जोकोविच टूर्नामेंट से बाहर



रोम

छह बार के इटैलियन ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच दुनिया के 79वें नंबर के खिलाड़ी डारियो प्रिजमिक से तीन सेट हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। प्रिजमिक ने पहला सेट हारते हुए जोरदार वापसी की और दूसरा और तीसरा सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। प्रिजमिक ने जोकोविच को 2-6, 6-2, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। यह पहली बार है जब जोकोविच इटैलियन कैपिटल में अपने शुरुआती मैच में हारे हैं। प्रिजमिक ने अब दो टॉप 10 जीत हासिल की हैं। उन्होंने पिछले महीने मैड्रिड में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के तीसरे राउंड में बेन शेल्टन को हराया था। 20 साल के प्रिजमिक का लक्ष्य पहली बार इस लेवल पर चौथे राउंड में पहुंचना है। उन्हें अगला मैच उगो हम्बर्ट से खेलना है।

### दूसरे सेट में गिरा जोकोविच का लेवल

जोकोविच ने पहला सेट सिर्फ 40 मिनट में जीता था। जोकोविच का लेवल दूसरे सेट में गिर गया। उनके शॉट्स की गहराई कम हो गई। उनकी सटीकता फीकी पड़ गई। चेहरे पर गुस्सा और साफ दिख रही निराशा के बीच, उन्होंने जल्द ही खुद को निडर प्रिजमिक के खिलाफ 4-0 से पीछे पाया। युवा क्रोएशियाई खिलाड़ी ने लगातार दबाव बनाना जारी रखा, जिससे 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को और गलतियां करने पर मजबूर होना पड़ा और मैच को निर्णायक तीसरे सेट में ले गया।

### ब्लिट्ज : क्रिस्तोफ डुडा को हारकर 5वें स्थान पर गुकेश

**वारसॉ।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने ब्लिट्ज वर्ग में खराब शुरुआत के बाद वापसी करते हुए सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के नौंवे दौर में पोलैंड के जान क्रिस्तोफ डुडा पर शानदार जीत दर्ज की। गुकेश ने रैपिड वर्ग में 18 में से 9 अंक जुटाए। उन्होंने शुरुआती नौ ब्लिट्ज दौर से चार और अंक हासिल किए, जिससे टूर्नामेंट के आधे चरण में उनके 27 में से 13 अंक हो गए हैं।



अमेरिका के हैंस मोके नीमन पहले दिन के खराब प्रदर्शन के बावजूद तालिका में शीर्ष पर बरकरार हैं। नीमन 16.5 अंक से हमवतन वेस्ली सो से आधा अंक आगे हैं। वहीं अमेरिका के तीसरे खिलाड़ी फैबियानो कारुआना स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ 15-15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुकेश दो अंक पीछे अगले स्थान पर हैं।

# वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुने गए फर्नांडीस और 'बनी'

लंदन



मैनचेस्टर यूनाइटेड के कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस को फुटबॉल कवर करने वाले पत्रकारों ने इंग्लैंड में खेलने वाले खिलाड़ियों में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुना जबकि मैनचेस्टर सिटी की स्ट्राइकर खादिजा 'बनी' शॉ ने दूसरी बार महिलाओं का पुरस्कार जीता।

इंग्लैंड में फुटबॉल का सत्र जबकि अंतिम दौर में चल रहा है तब फर्नांडीस ने फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन की ओर से दिए जाने वाला यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस सत्र में मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से 19 गोल करने में मदद की, जो कि रिकॉर्ड से सिर्फ एक कम है। उन्होंने टीम को चैंपियंस लीग में जगह दिलाने में भी मदद की।

### ब्रूनो ने राइस और हालैंड को पीछे छोड़ा

पुर्तगाल के इस मिडफील्डर ने आर्सेनल के डेक्लान राइस और मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड को पीछे छोड़ा। उन्हें फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन के 900 से अधिक सदस्यों में से 45 प्रतिशत मत मिले। वह 2010 में वायने रूनी के बाद यह पुरस्कार जीतने वाले मैनचेस्टर यूनाइटेड के पहले खिलाड़ी हैं। यह पुरस्कार 1947 से दिया जा रहा है और इस प्रकार यह दुनिया का सबसे पुराना व्यक्तिगत फुटबॉल पुरस्कार है। शॉ ने आर्सेनल की एलेशिया रूसो और चेल्सी की लॉरेन जेम्स को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता। उन्होंने 21 मैचों में सबसे अधिक 19 गोल करके मैनचेस्टर सिटी को 10 साल में पहली बार महिला सुपर लीग का खिताब दिलाया।

### पुखराज ने 72 का कार्ड खेलकर 13-अंडर का बनाया

# गिल ने रोमांचक प्लेऑफ में जीता पहला एडीटी खिताब

कुआलालंपुर

पुखराज सिंह गिल ने 'आर एंड ए' की एडीटी प्लेयर्स चैंपियनशिप के तीन खिलाड़ियों के रोमांचक प्ले-ऑफ में धैर्य बनाए रखते हुए खिताब अपने नाम किया। गिल ने शुरुआती दौर से ही बढ़त कायम रखते हुए दबाव भरे पलों में मानसिक मजबूती दिखाई और पहली बार यह खिताब जीतने में सफल रहे।

आईजीपीएल में खेलने वाले गिल ने अंतिम दौर में लय से भटकते हुए 72 का कार्ड खेलकर कुल 13-अंडर का स्कोर बनाया। उनके साथ थानाविन ली (68) और सीन रामोस (68) भी बराबरी पर रहे। गिल ने प्ले-ऑफ के दूसरे होल के बाद खिताब के साथ पुरस्कार के तौर पर 19,250 डॉलर की राशि भी अपने नाम की। इस जीत के साथ गिल ने एडीटी ऑर्डर ऑफ मेरिट की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। चार प्रतियोगिताओं के बाद गिल फिलहाल ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान पर हैं।




### कार्तिक ने बनाया 65 का स्कोर

*इस प्रतियोगिता के कट में प्रवेश करने वाले अन्य भारतीयों में कार्तिक सिंह ने दिन का सर्वश्रेष्ठ 65 का स्कोर बनाया और संयुक्त 30वें स्थान पर रहे। वहीं, खालिन जोशी 77 के स्कोर के साथ संयुक्त 46वें स्थान पर रहे। गिल ने दूसरे प्ले-ऑफ होल में छह फीट का पुट लगाकर जीत पक्की की। गेंद के होल में जाते ही उन्होंने दोनों हाथ ऊपर उठाकर जश्न मनाया। उनका खिताब पक्का होते ही अमन राज और आर्यन रूपा आनंद समेत अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया और एक साथ जीत का जश्न मनाया।*

### जीत का इंतजार काफी लंबा : गिल

*गिल ने कहा, इस जीत का इंतजार काफी लंबा रहा। यह एहसास अविश्वसनीय है। मुझे लगता है कि इसे पूरी तरह महसूस करने में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन फिलहाल मैं बेहद उत्साहित हूं। मलेशिया में यह सप्ताह शानदार रहा। पहली बार इस कोर्स पर खेलते हुए मुझे इसका डिजाइन बहुत पसंद आया। यह मेरे खेल के अनुकूल था और खुशी है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सका। उन्होंने कहा, अंतिम क्षणों में मुकाबला मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा रोमांचक हो गया और मामला प्ले-ऑफ तक पहुंच गया। वहां जीत हासिल करने के बाद मैं खुद को सातवें आसमान पर महसूस कर रहा हूं। इस जीत का एहसास पूरी तरह दिल में उतरने में अभी थोड़ा समय लगेगा।*

# मां-बेटी दोनों ने खेला इंटरनेशनल क्रिकेट, देश के लिए रचा इतिहास



10 मई को मदर्स डे मनाया जाएगा। ये दिन एक मां-बेटी की जोड़ी के लिए काफी खास है। इन दोनों ने ही इंटरनेशनल क्रिकेट खेला है। खास बात ये भी है कि बेटी ने दो देशों के लिए खेला है।

**मदर्स डे पर विशेष**

नई दिल्ली

मदर्स डे हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल 10 मई को मदर्स डे मनाया जाएगा। इस खास मौके पर हम आपको एक ऐसी मां-बेटी की जोड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट खेला है। इस जोड़ी ने अलग-अलग पीढ़ियों में एक ही देश के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलकर इतिहास रचा। ये कहानी है ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर किम गार्थ और उनकी मां ऐनी-मैरी गार्थ की।



### 14 साल की उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू

किम गार्थ ने सिर्फ 14 साल की उम्र में आयरलैंड की महिला टीम के लिए इंटरनेशनल डेब्यू कर दिया था। उस समय वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाली दुनिया की सबसे युवा खिलाड़ी बन गई थीं। आयरलैंड के लिए किम ने 34 वनडे मैचों में 448 रन बनाए और 23 विकेट झटके। वहीं 51 टी20 इंटरनेशनल मैचों में उन्होंने 762 रन बनाए साथ ही 42 विकेट भी लिए, जिसके चलते फरवरी 2021 में उन्हें दशक की बेस्ट आयरलैंड महिला क्रिकेटर का खिताब भी मिला।

### 2020 में किम पहुंची ऑस्ट्रेलिया

लेकिन 2020 में किम ने अपना रुख ऑस्ट्रेलिया की ओर किया। उन्होंने क्रिकेट विक्टोरिया के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और मेहनत के बाद 2022 में ऑस्ट्रेलिया की नेशनल टीम में जगह बनाई। अब वह तीनों फॉर्मेट में कंगारू टीम के लिए खेल रही हैं और दुनिया की बेहतरीन ऑलराउंडरों में शुमार हैं।



### मां ने खेला इंटरनेशनल क्रिकेट

किम की मां ऐनी-मैरी गार्थ भी आयरलैंड की महिला टीम के लिए खेल चुकी हैं। उन्होंने 1988-89 के दौरान 12 वनडे मैच खेले, जिनमें 6 विकेट लेने के साथ 14 रन भी बनाए। क्रिकेट सिर्फ किम और उनकी मां तक ही सीमित नहीं है। उनके पिता जोनाथन गार्थ भी आयरलैंड के लिए खेले हैं। दोनों भाई भी क्रिकेट से जुड़े हुए हैं। यानी पूरा परिवार क्रिकेट के मैदान पर अपना योगदान दे रहा है।

# प.बंगाल में तृणमूल और बीजेपी समर्थकों में झड़प, बीच-बचाव करने में पुलिस अधिकारी घायल

एजेंसी


**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में तृणमूल और बीजेपी समर्थकों के बीच झड़प की घटना हुई. तारकेश्वर थाने के प्रभारी अधिकारी सुब्रत साधु हंगामा शांत करने की कोशिश करते हुए गंभीर रूप से घायल हो गए. सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना के बाद बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए. हमले के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया. बीजेपी ने प्रभारी अधिकारी को उनके पद से हटाने की मांग की.पुलिस सूत्रों के मुताबिक शनिवार शाम को कुछ लोगों के एक ग्रुप ने तारकेश्वर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले बीपीआर गेट इलाके के पास एक घर पर हमला कर दिया. उन्होंने घर की प्रोटेक्टिव ग्रिल और सीसीटीवी कैमरों को तोड़ना शुरू कर दिया. इसके बाद बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस दोनों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए.हंगामे की खबर मिलने पर, तारकेश्वर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी कई पुलिसवालों के साथ मौके पर पहुंचे. फिर भीड़ ने उन पर पत्थर और ईंटें फेंकना शुरू कर दिया. इस हाथापाई में प्रभारी अधिकारी के सिर पर चोट लग गई, जबकि एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर भी घायल हो गया.बीजेपी ने ऑफिसर-इन-चार्ज को उनके पद से हटाने की मांग की है. बीजेपी का आरोप है कि ऑफिसर-इन-चार्ज तृणमूल कांग्रेस के इशारे पर काम कर रहे हैं. उनका दावा है कि तृणमूल की झूठी शिकायतों के आधार पर पुलिस ने बीजेपी कार्यकताओं और समर्थकों पर हमला किया और उन्हें हिरासत में लिया. यहां तक कि महिला कार्यकताओं को भी नहीं बख्शा. इसके बाद बीजेपी कार्यकताओं ने तारकेश्वर पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन किया. वे पुलिस के व्यवहार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए स्टेशन के बाहर सड़क पर बैठ गए.वहीं तृणमूल के पूर्व विधायक रामेंदु सिन्हा रॉय ने दावा किया कि बीजेपी के कार्यकर्ता इलाके में घर-घर जाकर तृणमूल समर्थकों पर हमला कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि ऑफिसर-इन-चार्ज के घायल होने की घटना में तृणमूल कांग्रेस का कोई हाथ नहीं है. बीजेपी के आरोपों को झूठा बताया. हुगली ग्रामीण पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि ऑफिसर-इन-चार्ज पर हमला तब हुआ जब वह तारकेश्वर में गड़बड़ी की खबर पर मौके पर पहुंचे थे.




# 11 मई को जारी होगा सीबीएससी12वीं का रिजल्ट

एजेंसी

**नयी दिल्लीः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी उइरए सोमवार 11 मई को 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी कर सकता है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बोर्ड विज्ञान, वाणिज्य और आर्ट्स तीनों संकायों के परिणाम एक साथ घोषित करेगा. रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र ऑनलाइन माध्यम से आसानी से अपना स्कोर चेक कर सकेंगे. छात्र CBSE की आधिकारिक वेबसाइट के अलावा DigiLocker और UMANG ऐप के जरिए भी अपना परिणाम देख पाएंगे. रिजल्ट देखने के लिए छात्रों को रोल नंबर, स्कूल नंबर और एडमिट कार्ड आईडी की जरूरत होगी. बोर्ड की ओर से रिजल्ट जारी होते ही सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लिंक एक्टिव कर दिए जाएंगे.रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र DigiLocker ऐप या वेबसाइट पर लॉगिन करके अपनी प्रोविजनल डिजिटल मार्कशीट डाउनलोड कर सकेंगे. इसके लिए छात्रों को Education सेक्शन में जाकर उइरए का चयन करना होगा. इसके बाद Class XII Marksheet विकल्प पर क्लिक कर जरूरी जानकारी भरनी होगी. जानकारी दर्ज करते ही मार्कशीट स्क्रीन पर दिखाई देगी. CBSE ने छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए UMANG ऐप पर भी रिजल्ट उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है. इसके अलावा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर भी परिणाम चेक किया जा सकेगा. हालांकि ऑनलाइन उपलब्ध मार्कशीट केवल प्रोविजनल होगी. छात्रों को मूल अंकपत्र और प्रमाण पत्र बाद में उनके स्कूलों के माध्यम से दिए जाएंगे.रिजल्ट जारी होने के बाद स्कूलों और साइबर कैफे में छात्रों और अभिभावकों की भीड़ बढ़ने की संभावना है. ऐसे में बोर्ड ने छात्रों से धैर्य बनाए रखने और केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की अपील की है.




# योगी के यूपी मंत्रिमंडल में नई टीम : मनोज पांडे और भूपेंद्र चौधरी समेत 8 मंत्रियों ने ली शपथ, देखें पूरी लिस्ट

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का बहुप्रतीक्षित कैबिनेट विस्तार रविवार को संपन्न हो गया है। लोकभवन में आयोजित भव्य समारोह में मनोज पांडे और भूपेंद्र चौधरी समेत 8 मंत्रियों ने पद की शपथ ली है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लोकभवन में रविवार को योगी आदित्यनाथ सरकार का महत्वपूर्ण मंत्रिमंडल विस्तार संपन्न हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में 8 प्रमुख नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इस विस्तार के जरिए भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों से पहले अपने सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को और अधिक पुख्ता करने की कोशिश की है। इस नई टीम में पुराने वफादारों के साथ-साथ विपक्षी दलों से आए कद्दावर चेहरों को भी जगह दी गई है।



### प्रमोशन और राजनीतिक संदेश

इस विस्तार की सबसे बड़ी खासियत सोमेंद्र तोमर और अजीत सिंह पाल का प्रमोशन रही, वहीं, मनोज पांडे और भूपेंद्र चौधरी जैसे दिग्गजों को शामिल कर भाजपा ने सवर्ण और जाट वोट बैंक को साधने का स्पष्ट संदेश दिया है। कृष्णा पासवान और सुरेंद्र दिलेर की नियुक्ति से दलित राजनीति में भाजपा अपनी पैठ और गहरी करने के इरादे से आगे बढ़ी है।

**इन 8 मंत्रियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ**

भूपेंद्र सिंह चौधरी : पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य, जिन्हें एक बार फिर कैबिनेट में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

मनोज पाण्डेय : रायबरेली के ऊंचाहार से विधायक और सपा छोड़कर भाजपा में आए कद्दावर ब्राह्मण चेहरा।

कृष्णा पासवान : फतेहपुर क्षेत्र से आने वाली प्रभावशाली महिला दलित नेता।

कैलाश राजपूत : लखीमपुर खीरी क्षेत्र के कद्दावर विधायक और पिछड़ा वर्ग का बड़ा चेहरा।

सोमेंद्र तोमर : मौजूदा राज्य मंत्री, जिन्हें उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रमोट कर अब कैबिनेट का दर्जा दिया गया है।

अजीत सिंह पाल : राज्य मंत्री से प्रमोट होकर अब कैबिनेट में अपनी नई पारी की शुरूआत करेंगे।

सुरेन्द्र दिलेर : हाथरस क्षेत्र से आने वाले दलित समाज के प्रमुख प्रतिनिधि।

हंसराज विश्वकर्मा : वाराणसी क्षेत्र के अनुभवी नेता और विधान परिषद सदस्य।

### अखिलेश यादव के गढ़ में भाजपा की सेंध

सपा छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले मनोज पांडे को कैबिनेट में जगह मिलना समाजवादी पार्टी के लिए एक बड़ा मनोवैज्ञानिक झटका माना जा रहा है। मनोज पांडे रायबरेली और अवध क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के बड़े नेता माने जाते हैं। उनके शपथ लेने से भाजपा को पूर्वांचल और अवध के बीच एक मजबूत कड़ी मिली है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस मंत्रिमंडल विस्तार का सीधा असर आने वाले समय में राज्य की जमीनी राजनीति पर पड़ेगा, जहाँ भाजपा ने हर समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है।

### जल्द होगा विभागों का बंटवारा

शपथ ग्रहण समारोह के बाद अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इन नवनियुक्त मंत्रियों के बीच विभागों का बँटवारा करेंगे। सरकार का मुख्य फोकस अब विकास कार्यों को गति देना और जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। शपथ लेने वाले मंत्रियों के समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है और लखनऊ की सड़कों पर जगह-जगह जश्न का माहौल है। लोकभवन में शपथ लेने के बाद सभी मंत्रियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और प्रदेश के विकास में अपना पूर्ण योगदान देने का संकल्प दोहराया।

# तमिलनाडु के 9वें सीएम बने सी. जोसेफ विजय, 9 मंत्रियों ने भी ली शपथ

एजेंसी

**चेन्नई।** अभिनेता से नेता बने तमिलगा वेत्री कड़गम के संस्थापक सी. जोसेफ विजय ने रविवार को तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने राजभवन में आयोजित समारोह में तमिल भाषा में पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एक दिलचस्प वाकया भी देखने को मिला। विजय निर्धारित शपथ पाठ से आगे बोलने लगे, जिस पर राज्यपाल आरएन रवि ने उन्हें बीच में टोकते हुए कहा कि जो लिखकर दिया गया है, वही पढ़ें। इसके बाद विजय ने दोबारा तय प्रारूप के अनुसार शपथ पूरी की। विजय के साथ 9 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें एन. आनंद, आधव अर्जुन, डॉ. के.जी. अरुणराज, के.ए. सेंगोट्टैयन, पी. वेंकटरमणन, आर. निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ. टी.के. प्रभु और सेल्वी एस. कीर्तना शामिल हैं। खास बात यह रही कि पहले मंत्रिमंडल में सहयोगी दलों के किसी भी विधायक को जगह नहीं दी गई। सभी मंत्री ळश्ङ के ही विधायक हैं। सरकार गठन से पहले शनिवार को विजय ने राज्यपाल को TVK, कांग्रेस, CPI, CPM, VCK और IUML के कुल 121 विधायकों के समर्थन पत्र सौंपे थे। इसके बाद उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया गया। 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में बहुमत के लिए 118 विधायकों की जरूरत होती है और विजय गठबंधन के पास फिलहाल 121 विधायकों का समर्थन है। तमिलगा वेत्री कड़गम ने अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 234 में से 108 सीटों पर जीत दर्ज की। महज दो साल पुरानी पार्टी के लिए यह प्रदर्शन बेहद अहम माना जा रहा है। विजय की लोकप्रियता और गठबंधन की रणनीति ने राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव ला दिया। विजय के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही तमिलनाडु की राजनीति में 59 साल बाद बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 1967 के बाद पहली बार किसी गैर-द्रविड़ दल का नेता राज्य का मुख्यमंत्री बना है। इससे पहले 1963 से 1967 के बीच कांग्रेस के एम. भक्तवत्सलम मुख्यमंत्री रहे थे। राजनीतिक विश्लेषक इसे तमिलनाडु की राजनीति में नए दौर की शुरूआत मान रहे हैं।



# आसिम मुनीर के हवाई दावे, बोले- भारत के खिलाफ हमारी रणनीति बेहतर, इंडिया ने की थी सीजफायर की मांग

एजेंसी

**पाकिस्तानः** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने 2025 के भारत-पाकिस्तान संघर्ष को 'दो विचारधाराओं की लड़ाई' बताते हुए अपनी सैन्य रणनीति को श्रेष्ठ बताया, साथ ही दावा किया कि भारत ने अमेरिका के माध्यम से युद्धविराम की मांग की थी।पाकिस्तान के रक्षा बलों के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने रविवार को भारत के साथ पिछले साल हुए संघर्ष को दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई करार दिया। मुनीर ने रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय में मारका-ए-हक की पहली सालगिरह के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए दावा किया कि संघर्ष के दौरान पाकिस्तान की रणनीति भारत की रणनीति से श्रेष्ठ थी। पिछले साल 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा26 लोगों की हत्या किये जाने के जवाब में भारत ने छह-सात मई 2025 की दरमियानी रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके)में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए, जिसमें कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए। हालांकि उनमें से अधिकांश को भारतीय सेना ने विफल कर दिया। दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच ॑हॉटलाइन॒ पर हुई बातचीत के बाद 10 मई, 2025 को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। मुनीर ने रविवार के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भारत ने पिछले साल 6-7 मई की रात और 10 मई के बीच पाकिस्तान की ॑संप्रभुता और क्षेत्र का उल्लंघन॒ किया और कहा कि पाकिस्तान ने पूर्ण राष्ट्रीय एकता और सैन्य बल के साथ जवाब दिया। उन्होंने कहा, मारका-ए-हक केवल दो देशों या सेनाओं के बीच लड़ा गया एक पारंपरिक युद्ध नहीं था, बल्कि वास्तव में यह दो विचारधाराओं के बीच एक निर्णायक मरका (लड़ाई) थी। मुनीर ने दावा किया कि संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमले किए थे। हालांकि, उन्होंने अपने दावों के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया।पाकिस्तानी सेना के प्रमुख ने दावा किया कि भारत ने अमेरिका के माध्यम से युद्धविराम की मांग की थी और पाकिस्तान ने शांति के हित में इस पर सहमति जताई थी। भारत पहले ही अमेरिका के किसी भी हस्तक्षेप का खंडन कर चुका है और उसका कहना है ।



# नेलांग कैलाश मानसरोवर कॉरिडोर की मांग, चीन सीमा पर संकल्प प्रस्ताव पारित

एजेंसी

**उत्तरकाशीः** नेलांग घाटी से कैलाश मानसरोवर के पौराणिक मार्ग को खुलवाने की कोशिशें तेज हो गई हैं. देश के विभिन्न प्रदेशों व गंगोत्री धाम के साधु संतों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों ने कैलाश मुक्त यात्रा के तहत संकल्प लिया है. सभी ने नेलांग-कैलाश मानसरोवर कॉरिडोर बनाने की मांग की है.समुद्रतल से करीब साढ़े ग्यारह हजार फीट की ऊंचाई पर शिव-पार्वती चोटी की तलहटी में नेलांग में गंगा पूजन संकल्प के साथ नेलांग-कैलाश मानसरोवर मार्ग को खुलवाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया. इस प्रस्ताव को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को सौंपकर नेलांग-जादूंग-कैलाश मानसरोवर कॉरिडोर बनाने की मांग की जाएगी. पहली बार शुरू की गई कैलाश मुक्त यात्रा के तहत साधु समाज और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक और गंगोत्री दर्शन के बाद भारत-चीन सीमा पर बसे नेलांग पहुंचे. वहां पर शिव-पार्वती चोटी के तलहटी में बसे लाल देवता परिसर में विशेष पूजा अर्चना कर कैलाश मुक्त का संकल्प लिया गया.यात्रा का नेतृत्व कर रही साध्वी रेणुका गुरुमां ने कहा पौराणिक काल में कैलाश मानसरोवर के दर्शन के लिए साधु संत गंगोत्री से नेलांग होते हुए जादूंग और अंतिम सीमा पर स्थित झेलूखागा मार्ग से तिब्बत जाने के लिए प्रयोग करते थे. गंगोत्री से पशुपतिनाथ मंदिर जाने वाला जल इसी मार्ग से जाता था. तिब्बत पर चीन के कब्जे के बाद यह मार्ग बंद कर दिया गया. कैलाश मानसरोवर जाने के लिए अन्य मार्गों की अपेक्षा यह मार्ग सुगम है. इस मार्ग का प्रयोग भारत-तिब्बत व्यापार के लिए किया जाएगा.उन्होंने बताया गंगा मां के सानिध्य में इस अभियान का शुभारंभ हो चुका है. इसे तब तक जारी रखा जाएगा, जब तक नेलांग-कैलाश मानसरोवर कॉरिडोर की मांग पूरी नहीं होती है. उन्होंने कहा गंगा पूजन के साथ लिए गए संकल्प के साथ आज इस संबंध में करीब 100 साधु संतो और आरएसएस के लोगों ने प्रस्ताव पारित किया है. इस विषय पर गृह मंत्री अमित शाह से वार्ता चल रही है. साथ ही राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रस्ताव सौंपकर चीन सरकार से वार्ता करने के साथ नेलांग-कैलाश मानसरोवर कॉरिडोर स्थापना की मांग की जाएगी.



# पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोरा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 7 दिन की ईडी हिरासत में भेजे गये



**नयी दिल्लीः** पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा (62 ) को मनी लॉन्ड्रिंग और फर्जी जीएसटी लेनदेन मामले में सात दिन की ईडी हिरासत में भेज दिये जाने की खबर है.गुरुग्राम के विशेष पीएमएलए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है. ईडी ने शनिवार देर रात लगभग साढ़े 11 बजे संजीव अरोड़ा को गुरुग्राम स्थित विशेष अदालत में पेश किया था.लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने एजेंसी की रिमांड पर मुहर लगा दी. संजीव अरोड़ा को शनिवार शाम चंडीगढ़ स्थित उनके आधिकारिक आवास से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जीएसटी धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया था. उनकी गिरफ्तारी से आम आदमी पार्टी आगबबूला है. पंजाब में आज भाजपा के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं. आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है.

# सीईसी ज्ञानेश कुमार ने तिरुमाला मंदिर में भगवान श्री वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की



एजेंसी

**असमः** पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु में चुनाव के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज रविवार को आंध्र प्रदेश में तिरुमाला मंदिर भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किये.श्री कुमार के साथ उनकी पत्नी सहित पूरा परिवार भी था. इससे पूर्व ज्ञानेश कुमार ने 9 मार्च को कोलकाता के कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की थी.उन्होंने कहा था, पश्चिम बंगाल के भाइयों और बहनों को मेरा नमस्कार. देवी काली मां सभी को सुरक्षित और स्वस्थ रखें. जय भारत, जय हिंद. यहां उन्होंने पश्चिम बंगा में स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के आयोग का संकल्प दोहराया था.ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि उन्होंने दक्षिणेश्वर में कर देवी का आशीर्वाद मांगा है.कहा था कि चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में हिंसा मुक्त और दबाव मुक्त चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है. इस क्रम में सीईसी ज्ञानेश कुमार 10 मार्च को बेलूर मठ पहुंचे थे.वहां पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा था कि पूजनीय रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद जी की तपोभूमि बेलूर मठ आकर चुनाव आयोग एक बार फिर पश्चिम बंगाल के सभी मतदाताओं से कहना चाहता है कि वह पश्चिम बंगाल का चुनाव बिना किसी दबाव या हिंसा के कराने के लिए प्रतिबद्ध है.

## संक्षिप्त खबर

### ग्रेट निकोबार परियोजना पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देगी, जयराम रमेश का पत्र पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को



**नयी दिल्लीः** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि मोदी सरकार की ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना वहां के अद्वितीय पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देगी. आज रविवार को उन्होंने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर यह दावा किया है, अपने पत्र में जयराम रमेश ने श्री यादव इस परियोजना पर फिर से विचार करने का आग्रह किया.कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि परियोजना को दी गयी पर्यावरणीय मंजूरी अधूरी और अपर्याप्त पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) रिपोर्टों के आधार पर दी गयी है. कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट एफएक्यू में किये गये कई दावे मंत्रालय के आधिकारिक दस्तावेजों और उपलब्ध अध्ययनों से मेल नहीं खाते.श्री रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पत्र शेयर करते हुए लिखा कि सरकार ने एक मई को जारी एफएक्यू में दावा किया था कि परियोजना के संभावित पर्यावरणीय प्रभावों की व्यापक पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन मजबूत पर्यावरण प्रभाव आकलन प्रक्रिया तथा विस्तृत पर्यावरण प्रबंधन योजना के माध्यम से किया जा रहा है.हालांकि कांग्रेस महासचिव कहा कि वह इस विषय पर पहले भी तीन मई को विस्तृत प्रतिक्रिया दे चुके हैं, कि इतने बड़ी परियोजना के लिए महज सीमित अवधि के अध्ययन के आधार पर मंजूरी देना पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी किया जाना है. कांग्रेस नेता के अनुसार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2021 की अपनी मैपिंग में गैलाथिया खाड़ी के बड़े हिस्से को कटावग्रस्त तटीय क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया था.रमेश ने कहा कि परियोजना के लिए तैयार अंतिम ईआईए रिपोर्ट मार्च 2022 में प्रस्तुत की गयी थी. रिपोर्ट में स्वीकार किया गया था कि पर्यावरणीय आधारभूत अध्ययन केवल दिसंबर 2020 से फरवरी 2021 के बीच एक ही मौसम में किया गया.इसलिए यह अध्ययन वैज्ञानिक मानकों और दीर्घकालिक पर्यावरणीय मूल्यांकन की आवश्यकताओं को कतई पूरा नहीं करता. कांग्रेस महासचिव ने यह भी कहा कि भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की रिपोर्ट फरवरी-मार्च 2021 के आंकड़ों परआधारित थी.भारतीय वन्यजीव संस्थान की रिपोर्ट ने स्वयं को रैपिड असेसमेंट स्टडी बताया है, जो अप्रैल 2021 में कुछ दिनों के दौरे पर आधारित थी. जयराम रमेश ने अपने पत्र में लिखा है ग्रेट निकोबार की जैव विविधता वैश्विक स्तर पर अत्यंत विशिष्ट और दुर्लभ है. उन्होंने कहा कि कई सुरक्षा विशेषज्ञ पहले ही लिख चुके हैं कि देश की सामरिक और सुरक्षा आवश्यकताओं को पर्यावरणीय विनाश के बिना भी पूरा किया जा सकता है. श्री रमेश ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री से परियोजना की वर्तमान रूपरेखा, पर्यावरणीय मंजूरी प्रक्रिया और उससे जुड़े सभी अध्ययनों की पुनर्समीक्षा कराने की अपील की है.

### ममता बनर्जी का साथ देंगे लेफ्ट और फार-लेफ्ट वाम दलों के नेताओं ने क्या कहा




**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद जिस दिन नई सरकार बनी, उसी दिन तृणमूल नेता ममता बनर्जी ने बीजेपी का मुकाबला करने के लिए अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों से मदद मांगी. खास तौर पर, उन्होंने लेफ्ट और फार-लेफ्ट (अति-वामपंथ) राजनीतिक पार्टियों से एक होने की अपील की. उन्होंने यह संदेश शनिवार को–रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के मौके पर–राज्य को बचाने के हित में दिया. हालांकि, सीपीआईएम से लेकर 'लिबरेशन' ग्रुप तक, अलग-अलग लेफ्ट पार्टियों ने उनके प्रस्ताव को खारिज कर दिया और जवाब में उन पर मजाक उड़ाया.गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के जश्न के माहौल में, और उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए, CPI(M) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने ममता के संदेश पर अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया. उन्होंने पोस्ट में लिखाः नहीं, बिल्कुल नहीं. किसी भी हालत में हम किसी भी ऐसे व्यक्ति को एंट्री नहीं देंगे जिसका आपराधिक रिकॉर्ड हो, या जो जबरन वसूली, भ्रष्टाचार, या सांप्रदायिक झुकाव के लिए जाने जाते हों. हालांकि, आम लोगों और समाज के पिछड़े तबकों को निश्चित रूप से सुरक्षा मिलनी चाहिए.CPI(M) सेंट्रल कमेटी के सदस्य सुजान चक्रवर्ती ने कहा, BJP एक बहुत बड़ी ताकत है–एक फासीवादी ताकत. लोगों को धीरे-धीरे यह बात समझ आ रही है, और आने वाले दिनों में वे इसे और भी साफ तौर पर समझेंगे. BJP को रोकना होगा, खासकर बंगाल की सभ्यता और संस्कृति के लिए; इसमें कोई शक नहीं है. वामपंथी ताकतें, लोगों के साथ मिलकर, यह काम करेंगी. यह एक जिम्मेदारी है जिसे हर नागरिक को उठाना होगा–इसमें भी कोई शक नहीं है. हालांकि, मैं ममता बनर्जी की बातों के पीछे का सही मतलब पूरी तरह से समझ नहीं पाया. इस बारे में सवाल बने हुए हैं कि क्या उन्होंने औपचारिक रूप से विपक्ष के नेता की भूमिका संभाली है, या सच में, क्या उन्होंने अभी तक अपना इस्तीफा भी दिया है. इसमें कोई शक नहीं है. ऐसे समय में जब देश भर में BJP के खिलाफ सभी ताकतों को एक करने की बात हो रही है, ममता विपक्ष की एकता में दरार डालने की कोशिश कर रही हैं. BJP को नाकाम करने के लिए, फासीवाद का मुकाबला करने में सक्षम ताकत की जरूरत है. वामपंथी यह जिम्मेदारी उठाएंगे–सभी लोकतांत्रिक और पंथनिरपेक्ष ताकतों को एक करके, वामपंथी ही यह जिम्मेदारी उठाएंगे. लोग, निश्चित रूप से, इस तरीके को अपनाएंगे.ममता के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए, CPI (ML) लिबरेशन के राज्य सचिव अभिजीत मजूमदार ने कहा, ॑ये बातें बिल्कुल भी समझदारी वाली नहीं हैं. चुनाव के नतीजे आ चुके हैं; हमारा मानना है कि ममता बनर्जी ने अपनी राजनीतिक साख खो दी है. वाम दलों का मानना है कि ममता बनर्जी के ऐसे बयानों में कोई विश्वसनीयता नहीं है.उन्होंने आगे कहा, ममता बनर्जी सरकार के गलत शासन और भ्रष्टाचार की वजह से 26,000 शिक्षकों की नौकरी चली गई है. आरजी कर हॉस्पिटल में एक युवा महिला डॉक्टर का रेप और मर्डर कर दिया गया. ममता बनर्जी सरकार के समय में सामाजिक आतंकवाद काफी बढ़ गया है. एक बड़ी लेफ्ट और लोकतांत्रिक एकता की जरूरत को समझते हुए, लिबरेशन पार्टी ने हाल के चुनावों के लिए CPI(M) के साथ गठबंधन किया. हालांकि, लेफ्ट फ्रंट के समय में कई ऐसी घटनाएं हुई जिनकी लिबरेशन पार्टी आज भी बुराई करती है. लिबरेशन पार्टी CPI(M) की गलतियों को साफ तौर पर बताती है–और आने वाले दिनों में भी ऐसा करती रहेगी.



# फोर्स 3 के लिए हर्षवर्धन कर रहे कड़ी मेहनत...

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म 'फोर्स 3' के एक्शन सींस के लिए किसी सुनसान इलाके में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। न्यूटन के गति के दूसरे नियम का हवाला देते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला के साथ वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 42 साल के हर्षवर्धन ट्राइसेप्स के लिए बैंड एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, फिर भारी वजन उठाकर अपनी पीठ, कंधों और बाइसेप्स की ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। आखिर में शोल्डर श्रग्स से अपना वर्कआउट पूरा किया। हर्षवर्धन ने बताया कि मुंबई जाने में रोजाना दोनों तरफ से 5 घंटे से ज्यादा समय लग जाता है।

लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी से लुक आया सामने



'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो दतिया का है, जहां इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इससे पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें से उनका पहला लुक सामने आया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा है कि यह वीडियो मध्यप्रदेश के दतिया का है। यहां अनीत पड्डा की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग हो रही है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मंदिर नुमा इमारत बनी है। इसके आस-पास कई लोग चहलकदमी कर रहे हैं। यहां कैमरे और लाइट का भी इंतजाम है। माहौल बिल्कुल शूटिंग वाला है। लगभग एक हफ्ते पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। दावा था कि यह वीडियो भी 'शक्ति शालिनी' का है। वीडियो में नजर आ रहा था कि कुछ लोग स्कूल ड्रेस में कहीं जा रहे हैं। इसमें अनीत पड्डा भी नजर आ रही थीं। वह स्कूल की ड्रेस में थीं। एक व्यक्ति ने उनके ऊपर छतरी लगाई हुई थी। ख्याल रहे कि पिछले साल अनीत पड्डा को फिल्म 'शक्ति शालिनी' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था।

हॉलीवुड मसाला




# मौत से पहले शेयर किया था डांस वीडियो

लॉस एंजिल्स। मनोरंजन की दुनिया से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर आ रही है। 'द ओनली वे इज एसेक्स' के फेम जेक हॉल का स्पेन में निधन हो गया है। वह महज 35 साल के थे। इंटरनेट की दुनिया में हर कोई स्तब्ध है। इसकी वजह ये है कि मौत से कुछ ही घंटे पहले जेक हॉल इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे, नाच रहे थे, पेंटिंग कर रहे थे। उनके दोस्तों का कहना है कि स्पेन टूर के दौरान जेक अपने करीबियों के साथ एक बेहतरीन समय बिता रहे थे। ऐसे में किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि रियलिटी टीवी स्टार को लेकर यह दुखद खबर आएगी।




# फीफा वर्ल्ड कप के लिए शकीरा ने दिखाई नए गाने की झलक

लॉस एंजिल्स। कोलंबियाई सिंगर शकीरा अपने गानों और डांस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अपने गानों से दुनियाभर के लोगों को झूमने पर मजबूर करती हैं। शकीरा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने एक नए गाने का टीजर शेयर किया है। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने गाने का एक मिनट का टीजर शेयर किया है। इसमें वह कई कलाकारों के साथ शानदार डांस कर रही हैं। टीजर शेयर करते हुए शकीरा ने लिखा 'माराकाना स्टेडियम से, पेश है दाई दाई फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल गाना। इस छोटे से वीडियो में, शकीरा माराकाना स्टेडियम के मैदान पर डांसर्स के साथ नजर आती हैं। वह इंग्लिश में गाती हैं, 'यहां इस जगह पर / तुम ही हो,' एक पुरुष की आवाज उनके साथ सुर मिलाती है 'जिस चीज ने तुम्हें एक बार तोड़ दिया था, उसी ने तुम्हें मजबूत बनाया।'



# आखिरी सवाल का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** संजय दत्त पिछली कई फिल्मों में धमाल मचा चुके हैं। अब वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'आखिरी सवाल' में भी धमाल मचाने वाले हैं। यह जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। 2 मिनट 54 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक प्रोफेसर की भूमिका में हैं। वह काफी सुलझे हुए और बातचीत में यकीन रखने वाले व्यक्ति हैं। वहीं दूसरी तरफ समीरा रेड्डी और नमाशी चक्रवर्ती हैं। इन दोनों का ताल्लुक लेफ्ट स है। नमाशी चक्रवर्ती संजय दत्त से देश के कई बड़े मुद्दों को लेकर सवाल पूछते हैं। ट्रेलर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इसमें महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस की कथित संलिप्तता, बाबरी मस्जिद विध्वंस और इमरजेंसी जैसे संवेदनशील विषयों के बारे में सवाल पूछे गए हैं।



# अगली फिल्म बॉडी स्वैपिंग कॉमेडी पर आधारित

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही एक नई और मजेदार फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा कर रहे हैं, जो बधाई हो और मैदान जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। शाहिद की आगामी फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जो बॉडी स्वैपिंग पर आधारित होगी। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। इसकी कहानी इटली की एक पुरानी फिल्म 'हस्बैंड एंड वाइफ' से मिलती-जुलती है।इसमें एक पति-पत्नी तलाक की कगार पर हैं। एक वैज्ञानिक का प्रयोग गलत हो जाता है और दोनों का शरीर आपस में बदल जाता है। अब पति पत्नी के शरीर में और पत्नी पति के शरीर में रहकर एक-दूसरे की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। इस दौरान वे हंसी-मजाक के साथ एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। फिल्म में कॉमेडी और परिवार का ड्रामा सब कुछ होगा।

टीवी मसाला



# गुल्लक के पांचवे सीजन का टीजर रिलीज, कास्ट में बड़ा बदलाव...

**नई दिल्ली।** टीवीएफ की पॉपुलर सीरीज 'गुल्लक' का चौथा सीजन साल 2024 में आया था, और तभी से दर्शक मिश्रा परिवार के दरवाजे फिर से खुलने और पांचवें सीजन के आने का इंतजार कर रहे थे। इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि 'गुल्लक' के पांचवे सीजन का टीजर आ गया है। यह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, इस बार कास्ट में बड़ा फेरबदल हुआ है, जो झटका देने वाला है।

# पर्सन ऑफ द ईयर का मिला अवॉर्ड

*हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने सयानी गुप्ता को एक बड़े सम्मान से नवाजा है। एसोसिएशन ने उनकी काफी तारीफ की है। अभिनेत्री ने कई फिल्मों में बेहतरीन काम करके यह अवॉर्ड हासिल किया है। एक्ट्रेस सयानी गुप्ता को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें कहानी कहने के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा है।*

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री का ग्लोबल लेवल पर सांस्कृतिक प्रभाव बढ़ा है। यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में साउथ एशियन लोगों की बड़ी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह सम्मान उन लोगों को पहचान देता है जिनके काम ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई हो। इस सम्मान के जरिए, एसोसिएशन ने स्क्रीन पर सच्ची और सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को लाने के लिए सराहा है। एसोसिएशन ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 'हम हर साल ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं, जिसके काम ने सार्वजनिक जीवन में साउथ एशियन पहचान को व्यक्त करने के तरीके को आकार दिया हो।' उनके काम की तारीफ करते हुए एसोसिएशन ने कहा,



'सयानी की एक्टिंग ने लगातार पुरानी सोच को चुनौती दी है। वह आज के दौर की कहानियों में गहराई, बेबाकी और सच्चाई लाई हैं। वह सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को आकार देने में एक दमदार आवाज बन गई हैं।' बता दें कि सयानी ने अपनी एक्टिंग के दम पर अपने लिए एक मजबूत जगह बनाई है। वह गहराई और लीक से हटकर चुने गए किरदारों के लिए जानी जाती हैं। सयानी फोर मोर शॉट्स प्लीज!, एक्सोन, आर्टिकल 15, इनसाइड एज' और दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए काफी मशहूर हैं। एक्टिंग के अलावा, सयानी अब अपने कॅरियर में एक नए क्रिएटिव दौर की शुरुआत कर रही हैं। अब वह लेखक और निर्देशक की भूमिका निभाएंगी।

# जैकी द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो में नजर आएंगे, 29 को होगी रिलीज ...

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। एक महीने पहले फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। टीजर में दिखाया गया कि एक बच्चे की कल्पना कैसे दादा-पोते



के रिश्ते को एलियंस के साथ रोमांचक एडवेंचर में बदल देती है। एएनआई के अनुसार, जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'

JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC VOCATIONAL IIT
MANAGEMENT ENGINEERING AICTE
INTERMEDIATE UG & PG LAW
NCTE MBBS ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.